सुप्रभात
रांची, शनिवार
26.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 133

06 भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित विधान

## न्यूज डायरी

### लैथम के तूफान में उड़ा भारत, न्यूजीलैंड जीता

**आकलैंड।** विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम लैथम (145 नाबाद), कप्तान केन विलियमसन (94 नाबाद) के बीच 221 रनों की तूफानी भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को भारत के 307 रनों के लक्ष्य को बौना साबित करते हुए पहला वनडे मुकाबला आसानी से जीत लिया। तीन बनडे श्रृंखला के पहले मैच में भारत को सात विकेट से हरा दिया। टास हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने सात विकेट पर 306 रन बनाये थे। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने 47.1 ओवर के खेल में तीन विकेट पर 309 रन बनाकर विजय लक्ष्य पा लिया। (पेज 12 भी देखें)

### गढ़वा में मुखिया घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**गढ़वा।** पलामू प्रमंडलीय एसीबी की टीम ने गढ़वा के रमना पंचायत के मुखिया को 15 हजार रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। मुखिया आंगनबाड़ी भवन निर्माण में घूस ले रहा था। एसीबी की टीम ने गढ़वा बस स्टैंड से मुखिया को धर दबोचा। एसीबी के डीएसपी ने बताया कि नगर उंटारी प्रखंड के कोलझीकी पंचायत में आंगनबाड़ी के तहत भवन का योजना में मुखिया ने ठेकेदार से घुस मांगी थी।

### गर्म माड़ के टब में गिरीं दो बच्चियां, रिम्स रेफर

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के छेचानी गांव आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को परमेश्वर साव की दो बच्चियां गर्म माड़ के टब में गिर गयीं। दोनों गंभीर रूप से झुलस गयीं। मेदिनीनगर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया। स्कूल में मिड डे मील के तहत भात बनाकर उसके माड़ को टब में रखा गया था। इसी बीच बच्ची टब में गिर गयी। उसकी बहन ने उसे बचाने का प्रयास किया तो वह भी गिर गयी।

### गढ़वा में हिंसक झड़प महिला सहित आठ घायल

**गढ़वा।** पचपड़वा गांव में आपसी विवाद को लेकर शुक्रवार को हुई मारपीट महिला सहित दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गये हैं। सभी को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में एक पक्ष की चमेली कुमारी ने बताया कि गढ़वा थाना के पास ट्यूशन पढ़ने के लिए आती-जाती है। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने लड़की पर टीका-टिप्पणी की। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में नोकझोंक हो गयी, जो बढ़कर हिंसक झड़प में बदल गयी।

### इनामी नक्सली का घर बुलडोजर से ध्वस्त

**चतरा।** राजपुर थाना क्षेत्र के सिकिद गांव में पुलिस ने पांच लाख के इनामी नक्सली सहदेव यादव के घर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। अदालत से जारी गिरफ्तारी एवं कुर्की-जब्ती के आदेश का पालन करते हुए यह कार्रवाई की गयी। नक्सली सहदेव यादव लंबे समय से फरार चल रहा है। पुलिस ने कई बार उसे आत्मसमर्पण करने को कहा था। घर पर कुर्की-जब्ती का नोटिस भी चिपकाया गया था लेकिन नक्सली सहदेव यादव ने आत्मसमर्पण नहीं किया।

### दुमका के गर्ल्स हॉस्टल में आग से भारी क्षति

**दुमका।** एसपी कॉलेज के गर्ल्स कॉलेज के हॉस्टल में खाना बनाने के दौरान लगी आग में भारी क्षति हुई है। दमकल कर्मचारियों ने आग पर किसी तरह काबू पाया। शहर के करहलबिल मोहल्ला कल्याण विभाग द्वारा संचालित गर्ल्स हॉस्टल संख्या -1 में यह हादसा हुआ। सिलेंडर से आग लगते ही अफरातफरी मच गयी। लड़कियां भाग खड़ी हुईं। हॉस्टल का एक हॉल जिसमें लगभग बीस बेड लगे हुए थे वह जलकर राख हो गया। यह संयोग था कि उस समय सारी लड़कियां जगी हुई थीं और वे भागने में सफल रहीं।

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ की बजट पूर्व बैठक, मांगी राय

# झारखंड ने 1,36,042 करोड़ की बकाया राशि मांगी

### सीतारमण के साथ बैठक में रामेश्वर उरांव ने रखी मांग






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नयी दिल्ली, रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट को ले कर नयी दिल्ली में बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य वर्ष 2023-24 के आगामी बजट के लिए इनपुट और सुझाव लेना था। झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से झारखंड के कुल बकाये की राशि 1,36,042 करोड़ रुपये का भुगतान यथाशीघ्र कराने का अनुरोध किया। श्री उरांव ने यह अनुरोध केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा नयी दिल्ली में राज्यों और विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक में किया।

जीएसटी से हुई नुकसान को देख डॉ. उरांव ने मांग की है कि जीएसटी भुगतान अवधि को अतिरिक्त पांच वर्षों तक बढ़ाया जाये। यह सम्मेलन कोऑपरेटिव फेडरलिज्म (सहकारी संघवाद) की भावना के अनुरूप हर वर्ष किया जाता है। बैठक में वित्त मंत्री ने झारखंड को लेकर केंद्रीय बजट में जोड़े जाने का सुझाव दिया।

**केंद्रीय बजट में जोड़े जाने का दिया सुझाव :** कोल कंपनियों पर बकाया 1,36,042 करोड़ रुपए का भुगतान हो। राज्य में कोयला खनन का काम कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइयों यथा-सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल द्वारा की जाती है। इन कंपनियों पर राज्य सरकार का 1,36,042 करोड़ रुपए बकाया है, जिसका भुगतान यथाशीघ्र कराया जाय। बंद कोल खदानों का माइंस क्लोजर हो और उसका वैकल्पिक उपयोग हो। वैकल्पिक उपयोग के रूप में यथा-पार्क, वाटर स्पोर्ट, एडवेंचर टूरिज्म विकसित किया जाए। (शेष पेज 11 पर)

### पांच साल और बढ़े जीएसटी क्षतिपूर्ति भुगतान की अवधि

केंद्र की ओर से आयोजित बजट पूर्व चर्चा में झारखंड के वित्त मंत्री व प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने झारखंड का पक्ष रखा। बैठक में रामेश्वर उरांव ने झारखंड का पक्ष रखते हुए कहा कि जीएसटी के तहत झारखंड राज्य में प्रोटेक्टेड रेवन्यू के अनुरूप टैक्स का संग्रह नहीं हो पाया। जुलाई, 2022 से क्षतिपूर्ति भुगतान की व्यवस्था समाप्त होने के कारण राज्य को प्रति वर्ष 4,500 करोड़ रुपये का भारी नुकसान होने का अनुमान है। ऐसे में उन्होंने मांग की कि क्षतिपूर्ति अवधि को पांच वर्षों तक और बढ़ाया जाये।

## इतिहास में जो गलतियां हुईं, देश उसे सुधार रहा

### पहले जानबूझ कर विदेशी एजेंडा बढ़ाने का काम हुआ : पीएम मोदी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि भारत के इतिहास को दबाया गया। पहले जानबूझकर विदेशी एजेंडा बढ़ाने का काम किया गया। भारत का इतिहास, सिर्फ गुलामी का इतिहास नहीं है। यह योद्धाओं का इतिहास है। अत्याचारियों के विरुद्ध अभूतपूर्व शौर्य और पराक्रम दिखाने का इतिहास है। देश अब इन गलतियों को सुधार रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास सिर्फ गुलामी का इतिहास नहीं है। भारत का इतिहास जय का, जंग का, त्याग और तप का है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से हमें आजादी के बाद भी वही इतिहास पढ़ाया जाता रहा, जो गुलामी के कालखंड में साजिशन रचा गया था। आजादी के बाद जरूरत थी हमें गुलाम बनाने वाले विदेशियों के एजेंडों को बदला जाये, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। देश के हर कोने में मां भारती के वीर बेटे-बेटियों ने कैसे आतताइयों का मुकाबला किया, अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसे जानबूझकर दबा दिया गया। पीएम शुक्रवार को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में पूर्ववर्ती अहोम साम्राज्य के जनरल लाचित बरफुकान की 400 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास वीरता का इतिहास रहा है।

पीएम मोदी असम के वीर सपूत और अहोम साम्राज्य के प्रसिद्ध सेनापति लचित बरफुकान के योगदान को याद किया। देश के इतिहास को लेकर अपनी बातें रखीं। मोदी ने कहा कि मैं असम की धरती को प्रणाम करता हूं, जिसने लचित जैसे वीर दिये। असम की धरती इसकी गवाह रही है। (शेष पेज 11 पर)

## अगले माह के पहले सप्ताह में सीएम से फिर पूछताछ की तैयारी में इडी

# सुमन कुमार से दो दिन जेल में ही होगी पूछताछ

### विशाल चौधरी को 28 को हाजिर होने का समन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) सीएम हेमंत सोरेन को दूसरी बार समन भेजने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार दिसंबर के पहले सप्ताह में इडी उन्हें एकबार फिर पूछताछ के लिए ईडी बुला सकती है। वहीं दूसरी ओर मनरेगा घोटाले व मनी लाउंड्रिंग के आरोप जेल में बंद पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार उर्फ सुमन कुमार सिंह से इडी दो दिनों तक जेल में पूछताछ करेगी। यह पूछताछ अवैध खनन के जुड़े मामले में हो सकती है। पूछताछ की पूरी प्रक्रिया बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में होगी। इडी शनिवार एवं रविवार को आरोपी सुमन को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ करेगी। इडी कोर्ट ने सुमन कुमार से पूछताछ की अनुमति दे दी है।


सुमन कुमार


विशाल चौधरी

इससे पूर्व मामले के अनुसंधान पदाधिकारी ने शुक्रवार को इडी कोर्ट में सुमन कुमार से दो दिनों की पूछताछ का आवेदन दिया था। आंशिक सुनवाई के बाद अदालत ने इडी को पूछताछ करने की इजाजत दी। इडी ने सुमन कुमार को गत सात मई को गिरफ्तार किया था। 13 दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में है। सुमन कुमार पर मनरेगा घोटाले की राशि से मनी लाउंड्रिंग करने में पूजा सिंघल का साथ देने का आरोप है। अब अवैध खनन मामले में भी साथ देने की बात सामने आ रही है। उनके आवास पर इडी की छापेमारी में 17 करोड़ 49 लाख 87 हजार 200 रुपये एवं उसके कार्यालय परिसर से 29.70 लाख रुपये की राशि बरामद की गयी थी।

**सीएम से भी पूछताछ की तैयारी :** सीएम हेमंत सोरेन को इडी दूसरी बार समन भेजने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार दिसंबर के पहले सप्ताह में उन्हें दोबारा पूछताछ के लिए इडी बुला सकती है। इससे पहले 17 नवंबर को इडी अधिकारियों ने करीब 10 घंटे उनसे पूछताछ की थी। रांची स्थित इडी के जोनल कार्यालय में सीएम से पूछताछ के दौरान संयुक्त निदेशक कपिल राज सहित कई अन्य अधिकारी शामिल थे। गौरतलब है कि साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में गिरफ्तार पंकज मिश्रा के घर से छापेमारी में एक लिफाफा मिला था। इसमें सीएम के बैंक खाते से जुड़ा चेकबुक भी था। इडी की छानबीन में यह पता चला था कि सीएम आवास की सुरक्षा में तैनात पुलिस के दो जवानों को अवैध तरीके से प्रेम प्रकाश के अंगरक्षक के रूप में उपलब्ध कराया गया था।

**इडी ने विशाल चौधरी को 28 को बुलाया :** मनरेगा घोटाले के आरोपी राजनेताओं का करीबी विशाल चौधरी को इडी ने 28 नवंबर को पूछताछ के लिए रांची दफ्तर आने का समन दिया है। (शेष पेज 11 पर)

### सरयू राय ने किया ट्वीट

विशाल चौधरी को लेकर सरयू राय ने एक ट्वीट भी किया है। ट्वीट के अनुसार एक और घोटालेबाज ईडी के चुंगल में आया जो रघुवर दास सरकार के स्किल घोटाला और शराब घोटाला में प्रेम प्रकाश का साथी हुआ करता था। सरकार बदलते ही वह हेमंत सोरेन को पथभ्रष्ट करने वाला दलाल कुनबा का शातिर किरदार बन गया था। सरयू राय के अनुसार जल्दी विशाल चौधरी ईडी के शिकंजे में फंस सकता है। अगर विशाल चौधरी की गिरफ्तारी होती है तो जांच की आंच वर्तमान से लेकर पूर्व सीएमओ तक जायेगी।

## कोडरमा मेडिकल कॉलेज निर्माण में कई गडबड़ियां

# एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करेंगे : बन्ना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि कोडरमा में निमार्णाधीन मेडिकल कालेज के निर्माण में काफी भ्रष्टाचार हुआ है। निर्माण एजेंसी के द्वारा कार्य में भारी अनियमितता बरती गयी है। न तो काम सही पर हुए और ना ही गुणवत्तापूर्ण कार्य किया। इसकी जांच कराई जायेगी। निर्माण कार्य कर रही एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एजेंसी का चयन पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यकाल में हुआ था। इसी एजेंसी ने चाईबासा में भी काम किया है। वहां भी इसे ब्लैकलिस्टेड किया गया। मंत्री ने कहा कि नयी एजेंसी का चयन का काम तेजी से कराया जायेगा। जल्द ही मेडिकल कालेज का निर्माण पूरा कर यहां पढ़ाई शुरू की जायेगी।

मंत्री बन्ना गुप्ता शुक्रवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कोडरमा आये थे। यात्रा कोडरमा के महर्षि कर्दम पार्क से शुरू हुई। यात्रा के दौरान ही वे करमा में निमार्णाधीन मेडिकल कालेज परिसर में पहुंचे थे। यहां उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया। यहीं कोडरमा के डीसी आदित्य रंजन भी मंत्री से मिलने पहुंचने थे। मंत्री ने उपायुक्त को मेडिकल कालेज के कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति के संबंध में 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने को कहा। साथ ही इसी क्वालिटी जांच भी कराने के निर्देश दिये।

## नहीं रहीं शिक्षाविद प्राचार्या मंजू गार्गी



**रांची।** टेंडर हार्ट स्कूल की प्रिंसिपल मंजू गार्गी के निधन से शिक्षा जगत मर्माहत है। जानकारी के अनुसार वह कुछ समय से बीमार चल रही थी। कोलकाता के अस्पताल में गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर कोलकाता से रांची लाकर टेंडर हार्ट स्कूल में आम लोगों के अंतिम दर्शन रखा गया। जहां लोगों ने अंतिम दर्शन और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षा जगत में उनका योगदान अविस्मरणीय है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जायेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने अमित अग्रवाल की याचिका खारिज की

# कैश कांड : मामला हाईकोर्ट में दखल देने से किया इनकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैश देकर पीआइएल मैनेज करने के केस में जेल की सलाखों में बंद कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते झारखंड हाईकोर्ट की कार्रवाई में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की खंडपीठ ने की। कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट में मामला लंबित होने के कारण हस्तक्षेप करने से



इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता का ऐसा ही एक मामला झारखंड हाईकोर्ट में लंबित है और सुनवाई 30 नवंबर को होनी है, इसलिए हाईकोर्ट को पहले मामले का फैसला करना चाहिए। अमित अग्रवाल ने इस मामले में ईडी को प्रतिवादी बनाया था।

**अब 30 नवंबर को होगी सुनवाई :** अमित अग्रवाल ने झारखंड हाईकोर्ट के समक्ष इस आधार पर याचिका दायर की थी कि वह जबरन वसूली मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ शिकायतकर्ता थे। उनकी शिकायत और कोलकाता पुलिस द्वारा बिछाए गए जाल के बाद राजीव कुमार को 50 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। लेकिन ईडी ने उन्हें आरोपी बना दिया। हाईकोर्ट में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा है और मामले की सुनवाई 30 नवंबर को होनी है।

# नक्सलियों के खिलाफ अंतिम जंग की तैयारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अंतिम जंग की तैयारी शुरू कर दी है। सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षाबलों ने इसके लिए कई योजना भी बना ली है। छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित सुकमा और बीजापुर जिलों में सीआरपीएफ दो नये फारवर्ड आपरेशन बेस (एफओबी) बनायेगी। सुकमा के डब्बाकोंटा और बीजापुर के नंबी में ये बेस बनाये जायेंगे। ये दोनों इलाके अत्यंत दुर्गम हैं और सरकार की पहुंच से बाहर हैं। सीआरपीएफ के यहां तक पहुंचने से नक्सलियों का बड़ा आधार समाप्त हो जायेगा। झारखंड में नक्सलियों का गढ़ माना जा रहा बूढ़ा पहाड़ इलाके में इसी रणनीति के तहत सुरक्षाबलों ने नक्सलयों का बड़ा गढ़ ध्वस्त कर दिया है।

### सीआरपीएफ ने बनायी कई योजना



**नक्सलवाद के खात्मे के साथ विकास में तेजी आयेगी :** सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि आदिवासियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नये आधार बनाये जा रहे हैं। यहां फोर्स की सुरक्षा में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, राशन की दुकान, मोबाइल टावर आदि राज्य व केंद्र की विकास योजनाओं को पहुंचाने की तैयारी है। जिन क्षेत्रों में अब सीआरपीएफ पहुंच रही है उससे यह स्पष्ट है कि बस्तर में नक्सलवाद से लड़ाई अंतिम चरण में पहुंच गयी है। एंटी नक्सल आपरेशन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि एफओबी के खुलने से विकास की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाया जा सकता है। बस्तर को तेलंगाना और ओडिशा से सीधे जोड़ने में यह एफओबी मददगार होंगे। बस्तर आइजी पी सुंदरराज ने बताया कि एफओबी एक तरह से फोर्स का कैंप होगा। यहां पक्का निर्माण किया जायेगा। जंगल में नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन पूरा करने के बाद फोर्स यहीं रुकेगी। बस्तर संभाग के सात जिलों में नक्सलियों से मुकाबले के लिए सीआरपीएफ, आइटीबीपी, बीएसएफ, एसएसबी आदि अर्धसैन्य बल के 120 से ज्यादा कैंप हैं। सीआरपीएफ ने देश में 25 एफओबी बनाये हैं। इनमें सबसे ज्यादा दस एफओबी छत्तीसगढ़ में हैं। तीन महीने पहले सीआरपीएफ ने सुकमा के एलमागुंडा व पोटकपल्ली में दो नए एफओबी बनाये हैं।

### छोटी हवाई पट्टी से एयरलिफ्ट की सुविधा

एंटी नक्सल आपरेशन के अधिकारियों ने बताया कि यहां अस्थाई छोटी हवाई पट्टी बनायी जायेगी, जिसमें नक्सल हमले में घायल जवानों को एयरलिफ्ट करने की सुविधा होगी। साथ ही अंदरुनी इलाकों में जवानों के लिए राशन और हथियार पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

## सीएम ने दी दस आरोपियों के विरुद्ध एसीबी जांच की मंजूरी

### मनरेगा में कूप निर्माण किये बिना राशि निकासी का आरोप

### चार अभियंता, मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, लाभुक एवं अन्य पर आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जांच संख्या 01/2017 हजारीबाग प्रमंडल में मनरेगा योजनान्तर्गत कूप निर्माण में सरकारी राशि का दुरूपयोग करने संबंधी दस आरोपियों के खिलाफ एसीबी जांच की अनुमति दे दी। इन आरोपियों के खिलाफ विभागीय संकल्प संख्या 1623 दिनांक 07 अगस्त 2015 की कंडिका-22 के प्रावधान एवं में वर्णित प्रावधानानुसार प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करने की अनुमति भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है।

**बिना बनाये राशि निकासी का मामला:** जांचकर्त्ता द्वारा जांचोपरान्त उल्लेख किया गया है कि चतरा निवासी बसंत सिंह एवं नरेश सिंह के नाम से दो कूप निर्माण की योजना थी, पर एक ही कूप निर्माण कर दोनों कूप की राशि निकासी निकाल ली गयी। (शेष पेज 11 पर)

# कुसई कॉलोनी के पीछे नाले में युवती का शव मिला, जांच जारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित एक नाले के पास से एक युवती का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने नहीं हो पायी थी। पुलिस थानों में दर्ज मिसिंग कंप्लेंट के जरिए युवती की पहचान करने में लगी हुई है।

डोरंडा थाना प्रभारी रमेश सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित कुसई कॉलोनी के पीछे नाले के पास जहां काफी मात्रा में जलकुंभी है वहां से स्थानीय लोगों ने फोन कर एक शव होने की सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो शव के सिर्फ पैर नजर आ रहे थे। जिसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से शव को जलकुंभी से बाहर निकाला गया तो वह एक युवती का शव निकला। पुलिस को आशंका है कि युवती की हत्या कर सबूत छिपाने की नीयत से कुसई कॉलोनी के पीछे शव को नाले में फेंका गया था। युवती के शरीर पर कोई कपड़े नहीं थे। आशंका जताई जा रही है कि उसके साथ दुष्कर्म भी हुआ हो, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

इधर मामले की तफ्तीश के लिए मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची। हालांकि अभी तक युवती को लेकर पुलिस के पास कोई सुराग नहीं है। जिसके आधार पर पुलिस केस को आगे बढ़ा सके।

## राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने का दिया हवाला

# लिपिकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के डीसी के फैसले पर आयुक्त ने लगायी रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के डीसी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लिपिकों और राजस्व उप निरीक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की अनुशंसा को प्रमंडलीय आयुक्त ए. मुत्थुकुमार ने खारिज कर दिया है। उन्होंने अनुशंसा को यह कहते हुए खारिज किया है कि स्थापना समिति की बैठक में जो ट्रांसफर-पोस्टिंग की अनुशंसा की गयी है, उसमें कई तरह की त्रुटियां हैं। साथ ही अनिवार्य फेरबदल को छोड़कर सरकार द्वारा निर्धारित जून-जुलाई के अलावे अन्य महीनों में बड़ी संख्या में स्थानांतरण पर विचार करना उचित प्रतीत नहीं होता है।



राहुल कुमार सिन्हा, डीसी

आयुक्त ने कहा है कि बीच में राजस्व उप निरीक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होंगे।

आयुक्त ने कहा है कि सरकार द्वारा निर्धारित माह के अलावा अन्य माह में अनिवार्य स्थानांतरण के पूर्व सक्षम प्राधिकार से एक स्तर ऊपर के अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त किया जाना आवश्यक है परंतु बिना पूर्व अनुमोदन के किये गये स्थानांतरण का घटनोत्तर स्वीकृति दिया जाना नियम के प्रतिकुल है।

**जो त्रुटियां पायी गयी :** लिपिक संवर्ग में निम्नवर्गीय लिपिक, उच्च वर्गीय लिपिक, प्रधान लिपिक व कार्यालय अधीक्षक के पद आते हैं। इस संवर्ग में प्रत्येक कार्यालय-शाखा में स्वीकृत बल के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक, उच्च वर्गीय लिपिक, प्रधान लिपिक एवं कार्यालय अधीक्षक के रूप में स्थानांतरण-पदस्थापन का प्रस्ताव न देकर लिपिक के रूप में प्रस्ताव दिया गया है। ऐसी स्थिति में निम्न कोटि के रिक्त पद पर उच्च कोटि के लिपिक के पदस्थापन होने पर वेतन भुगतान में वित्तीय अनियमितता होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### अनुकंपा पर तीन की नियुक्ति पर आयुक्त की सहमति

जिला स्थापना समिति की बैठक में तीन लोगों की अनुकंपा पर नियुक्ति पर प्रमंडलीय आयुक्त ने अपनी सहमति दे दी है। जिनकी नियुक्ति की गयी है उनमें अभिजीत रंजन, सौरभ कुमार महली और चंदन कुमार गोप शामिल हैं, इन तीनों की नियुक्ति निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर हुई है।

# एक्सपो उत्सव के दूसरे दिन जमकर हुई खरीदारी, बच्चों ने की मौज मस्ती



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई रांची की ओर से मोरहाबादी मैदान में लगाए गए एक्सपो उत्सव में शुक्रवार को दूसरे दिन लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उत्सव में जमकर खरीदारी की। यह उत्सव 28 नवंबर तक रहेगा। इस वर्ष 325 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं और सभी में अच्छी भीड़ है। ऑटो जोन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां हर प्रकार की गाड़ी और मोटर बाइक उपलब्ध है। इस वर्ष इलेक्ट्रिक व्हीकल के कई स्टॉल है और लोग इलेक्ट्रिक गाड़ी की पूरी जानकारी ले रहे हैं। इसके अलावा पूरी से आए हुए सैंड आर्टिस्ट को भी लोग खूब पसंद कर रहे हैं। स्टार्टअप जोन में लोगों को कुछ नया देखने को मिल रहा है। स्कूली बच्चों ने एम्यूजमेंट पार्क में झूला का पूरा आनंद लिया।

शाम में एक्सपो परिसर में डॉग शो और ट्रेजर हंट का भी आयोजन किया गया। डॉग शो में कई ब्रीड के डॉग आए थे। इसके अलावा फैशन शो का भी आयोजन हुआ।

# रांची-हटिया के बीच बिछेगी नयी रेल लाइन बिरसा चौक के पास अवैध भवनों को तोड़ा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची और हटिया रेलवे स्टेशन के बीच अप एंड डाउन नयी रेल लाइन का निर्माण किया जाना है। इसको लेकर दोनों स्टेशनों के बीच अवैध कब्जे को हटाने का काम शुक्रवार को शुरू किया गया है। अवैध कब्जा हटाने के लिए आरपीएफ की टीम ने अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। बिरसा चौक स्थित रेलवे की जमीन पर बने अवैध भवनों को बुलडोजर चला कर जमींदोज किया गया। रेलवे प्रशासन की टीम ने रेलवे लाइन के इर्द-गिर्द बने अवैध आवास और दुकानों को हटवाया। इधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि वे लोग लंबे अरसे से यहां पर रह रहे हैं। हमलोग यहां से हटने के लिए भी तैयार थे। लेकिन मोहलत की बजाय रेलवे जल्दबाजी में करवाई कर रही है।

**14 नवंबर को 24 लोगों को दिया गया था नोटिस :** रेलवे आरपीएफ सिक्योरिटी कमिश्नर पवन कुमार ने बताया कि 14 नवंबर को 24 लोगों को नोटिस दिया गया था। अब कार्रवाई की जा रही है। रांची एवं हटिया रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार फेज-2 के तहत मेकॉन गेट एवं पुल के पास अतिक्रमण पहले ही हटा दिया गया है। अब रांची और हटिया स्टेशन के बीच एक नई अप एवं डाउन लाइन का निर्माण शुरू होगा।

**हटिया-रांची के बीच बिछेगी दूसरी रेल लाइन :** हटिया- रांची रेल खंड के बाद अब कार्रवाई रांची- नामकुम की ओर बढ़ेगी। यहां रेलवे की लगभग 4 एकड़ जमीन अवैध कब्जे में है। रांची रेल मंडल के डीसीएम प्रशांत कुमार ने बताया कि रेलवे प्रशासन और इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए 14 नवंबर को जगह खाली करने का नोटिस दिया गया था।

# राजधानी की सड़कों को कराया अतिक्रमण मुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सड़क के किनारे लगने वाली दुकानों के खिलाफ रांची नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को निगम के इंफोर्समेंट टीम ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। जिसके तहत सुबह हरमू बायपास रोड में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। सड़क के किनारे लगने वाले दुकानों का हटाने का आदेश दिया गया। साथ ही कई दुकानों का सामान भी जब्त किया गया।

**नगरपालिका अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई :** इस संबंध में अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने कहा कि रांची नगर निगम द्वारा पूर्व में ही सर्जना चौक से कचहरी चौक तक और हरमू बाइपास रोड की सड़क को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इसके बावजूद फुटपाथ दुकानदारों द्वारा सड़क के किनारे दुकान लगायी जा रही है। सड़क को अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों के विरूद्ध निगम झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के तहत कार्रवाई की जायेगी। इसी के तहत शुक्रवार को विभिन्न सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, ताकि सड़क जाम जैसी समस्या का सामना ना करना पड़े।

**अतिक्रमण कर व्यवसाय नहीं करने का आदेश :** ज्ञात हो कि रांची नगर निगम ने सड़क के किनारे लगने वाले ठेला-खोमचा को हटाने का आदेश दिया था। इसके बावजूद दुकानदार सड़क के किनारे दुकान लगा रहे थे। अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाये जाने के बाद भी जब्त सामान पर जुर्माना देकर पुनः सड़क के किनारे दुकान लगाने लगे हैं। जिससे यातायात बाधित हो रही है और आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## कचहरी से सर्जना चौक तक ही फुटपाथ दुकान लगाने पर रोक अनुचित : सांसद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कचहरी से सर्जना चौक तक फुटपाथ दुकान लगाने पर रोक लगाने पर कड़ी आपति जतायी है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा जाम डेली मार्केट से रतन टॉकीज तक लगता है। डेली मार्केट से रतन टॉकीज तक फुटपाथ दुकान पर रोक क्यों नहीं लगायी जा रही है। रोड पर ठेला लगाया जाता है। आम लोग जो दुकान से सामान खरीदने जाते हैं उन्हें विवशता में रोड पर गाड़ी पार्क करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पार्किंग की जगह पर ठेला लगा होता है। रोजाना जब स्कूल की छुट्टी होती है रतन टॉकीज से सर्जना चौक तक बसों की लंबी कतार लगी रहती है। डेली मार्केट के सामने चर्च रोड जाने वाले रास्ते को ही अतिक्रमण कर दुकान लगा दिया गया है। कोई देखने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि कांटा टोली फ्लाईओवर के कारण बहू बाजार तक वन वे कर दिया गया है। कर्बला चौक से मिशनरी मैदान होते हुए संत जेवियर कॉलेज जाने वाले रास्ते में अक्सर जाम लगा रहता हैं। वहां भी दोनों तरफ अतिक्रमण किया हुआ है। इस रोड पर भी प्रशासन को अतिक्रमण हटाना चाहिए।

## खबर एक नजर में

### आरबीआई में मॉक इवेकुएशन ड्रिल आयोजित



**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय के प्रांगण में मोक इवेकुएशन ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर स्थानीय अग्नि-शमन दल, पुलिस-दल तथा एंबुलेंस-दल भी मौके पर उपस्थित थे। अग्नि-शमन दल द्वारा आग बुझाने से संबन्धित प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बैंक के स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। संजीव सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रभारी अधिकारी), भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के धन्यवाद ज्ञापन के साथ यह अभ्यास समाप्त हुआ।

### छह साल पुराने मामले में सबूत के अभाव में दो आरोपियों को किया बरी

**रांची।** लाठी से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी करने से जुड़े छह साल पुराने मामले में गवाहों के नहीं पहुंचने का लाभ दोनों आरोपियों कांके निवासी आरोपी साहाबुद्दीन अंसारी और जहांगीर अंसारी को मिला। तमाम तरह की कानूनी प्रक्रिया के बावजूद एक भी गवाह अदालत तक नहीं पहुंचा। यहां तक जिसके साथ घटना घटी, वह भी केस को साबित करने के लिए अदालत नहीं पहुंचा। न्यायिक दंडाधिकारी रोजलीना बाड़ा की अदालत ने दोनों आरोपियों को सबूत के अभाव में बरी कर दिया। घटना को लेकर जिनारूद्दीन अंसारी ने छह मार्च 2016 को कांके थाना में दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि पुरानी दुश्मनी को लेकर रिंग रोड जाने के दौरान दोनों ने मिलकर लाठी से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जिसमें बाया पैर भी टूट गया था।

# टेंडर हार्ट स्कूल की प्रिंसिपल मंजू गार्गी का निधन, शिक्षा जगत में शोक की लहर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** टेंडर हार्ट स्कूल की प्रिंसिपल मंजू गार्गी के निधन से शिक्षा जगत में भारी शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से वह बीमार चल रहीं थीं। कोलकाता के अस्पताल में गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को कोलकाता से रांची लाकर टेंडर हार्ट स्कूल में आम लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। दोपहर 12 बजे तक लोग अंतिम दर्शन और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। शिक्षा जगत में उनका योगदान अविस्मरणीय है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

**गार्गी मंजू शिक्षा जगत की एक मजबूत स्तंभ थी : अजय राय**

टेंडर हार्ट स्कूल की प्रिंसिपल गार्गी मंजू जी के आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत स्तब्ध है। झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि गार्गी मंजू जी के निधन से शिक्षा जगत ने एक महत्वपूर्ण शिक्षाविद् को खोया है जिसका निकट भविष्य में भरपाई नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हमारा व्यक्तिगत रूप से उनके साथ भाई बहन के संबंध था और हम लोगों ने हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों का सर्वांगीण विकास कैसे हो, इसकी चिंता बराबर की है। अजय राय ने उनके निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया। टेंडर हार्ट स्कूल परिसर में उनके पार्थिव शरीर पर अजय राय ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के निदेशक सुधीर तिवारी ( गार्गी मंजू के पति) एवं उनके बेटे को सांत्वना देते हुए इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने का आग्रह किया।



**रांची में शिक्षा के क्षेत्र में मंजू गार्गी का अहम योगदान : संजय सेठ**

रांची में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाली मंजू गार्गी के आकस्मिक निधन पर सांसद संजय सेठ में अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। सांसद ने कहा कि मंजू गार्गी ने एक छोटे से स्कूल की शुरूआत कर काफी संघर्ष और लगन के साथ आज शिक्षा क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित किया। आज उनके स्कूल से निकले हजारों बच्चे देश के विभिन्न संस्थाओं में ऊंचे पद पर अपना योगदान दे रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। सांसद संजय सेठ ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और कहा कि इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति ईश्वर प्रदान करें।

## सीएम दबाव में न आएं सभी समाज के हितों की रक्षा करें : नायक

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन किसी के बहकावे या दबाव में ना आए और सभी समाज के संवैधानिक हितों की रक्षा करें। उपरोक्त बातें आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईमेल के द्वारा भेजे गए पत्र में कहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में दलित आदिवासी मूलवासी समाज को आर एस एस पोषित संगठन के नेताओं के द्वारा आपस में लड़ाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

श्री नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया कि वे किसी भी संगठन के बहकावे या राजनीतिक, सामाजिक दबाव में नहीं आयें। सभी समाज के लोगों के संवैधानिक हितों की रक्षा करें ताकि हर वर्ग को सामाजिक न्याय मिले और समाज के लोगों का चहुंमुखी विकास हो सके। यह भी कहा कि ऐसा ना हो कि किसी के दबाव या गुमराह करने पर वह एक आंख में सुरमा लगाने और एक आंख में काजल लगाने की राजनीति का शिकार ना हो जाए।

# स्वास्थ्य मंत्री ने बर्लिन जनरल हॉस्पिटल का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार को राजधानी रांची के हरमू बाजार के पास बर्लिन जनरल हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ प्रणव नारायण ने बताया कि बर्लिन जनरल अस्पताल क्वालिटी केयर क्लोज टू होम विचारों को मजबूत करते हुए शुरू करने के लिए तैयार है। अभी 70 बेड वाले अस्पताल में आईसीयू, एनआईसीयू, एचडीयू, जनरल वार्ड, मॉड्यूलर ओटी, डायलिसिस और लेबर रूम वाला अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध होगा। इस हॉस्पिटल में मानव जीवन से जुड़े हर विभाग और उससे जुड़े प्रसिद्ध डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर एच.डी. शरण ने बताया कि हॉस्पिटल में चिकित्सा जगत द्वारा पेश किए जाने वाले सर्वोत्तम तकनीकी उपकरणों के साथ सभी डायग्नोस्टिक सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। हमारी अपनी रीजनेबल इनहाउस फार्मेसी की सुविधा भी मरीजों को प्राप्त होगी साथ ही मुफ्त एंबुलेंस सुविधा व आपातकालीन सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अस्पताल में अनुभवी और अत्यधिक पेशेवर चिकित्सा विशेषज्ञ की पूरी टीम होगी जो मरीजों का सही इलाज और उचित परामर्श देंगे। कार्यक्रम में डॉ अंबुज श्रीवास्तव, डॉ कृष्ण मुरारी प्रसाद, डॉ एचपी नारायण, संजय सेठ, संजीव विजयवर्गीय, विनोद कुमार, अजय झा, भानुप्रताप शाही सहित मेडिकल टीम, मेडिकल स्टाफ एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# गरीब महिला स्वयं सेवा संघ ने जागरूकता शिविर लगाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गरीब महिला स्वयं सेवा संघ हरमू की ओर से शुक्रवार को वार्ड नंबर-34 यमुना नगर रोड नंबर 1 में संस्था की सचिव सुमन कुमारी सिंह के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार और झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। बैंक के सहयोग से बैंक के सहायक प्रबंधक ने प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 97 लोगों को इंडियन ओवरसीज बैंक हरमू ब्रांच शाखा में खाता खोला और सुकन्या योजना प्रधानमंत्री आवास योजना से कैसे फायदा मिलेंगे उनके बारे में लोगों को जागरूक किया। सहायक प्रबंधक ने योजनाओं से होने वाले फायदा के बारे में बताया। शिविर में 527 लोगों का ऑनलाइन मतदाता पहचान पत्र के लिए अप्लाई किया गया। कार्यक्रम में राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन के बारे में भी बताया गया। मौके पर उपेंद्र कुमार, बैंक प्रबंधक निधि सिंह, सहायक प्रबंधक विकास कुमार, राजेश कुमार, दुलारी देवी, निधि पटेल, लक्ष्मी देवी,सरिता देवी,पूजा देवी, मनीता देवी, दीपशिखा कुमारी आदि शामिल थे।

# कोडरमा से होकर चलने वाली आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू ट्रेन कई दिनों तक रद्द, परेशानी बढ़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कोडरमा स्टेशन पर एनआई कार्य को लेकर धनबाद कोडरमा गया जंक्शन होकर गुजरने वाली आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू एक्सप्रेस को विभिन्न तिथियों को रद कर दिया गया। यह मेमू ट्रेन नवंबर माह में 25, 26, 27, 29 व 30 नवंबर तथा 01 दिसंबर को ट्रेन संख्या 13553/13554 आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं, कोडरमा जंक्शन होकर आने और जाने वाले एक जोड़ी ट्रेन पुनर्निधारित और चार ट्रेनों का परिचालन नियंत्रित कर किया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुनर्निधारित कर चलाई जाने वाली ट्रेन में पूर्णिया कोर्ट से खुलने वाली ट्रेन संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस नवंबर माह में 25, 27 एवं 30 नवंबर को पूर्णिया कोर्ट से 90 मिनट तथा 29 नवंबर को पूर्णिया कोर्ट से 180 मिनट देर से खुलेगी।



### नियंत्रित कर चलाई जाने वाली ट्रेनें

नवंबर माह में 25, 26, 29 एवं 30 को नई दिल्ली से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12802 नई दिल्ली-पूरी एक्सप्रेस एवं डीडीयू मंडल में 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी। नवंबर माह में 24 को नई दिल्ली से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12802 नई दिल्ली-पूरी एक्सप्रेस उत्तर मध्य रेल एवं डीडीयू मंडल में 180 मिनट नियंत्रित कर चलाई जा रही है।

### इस प्रकार चलेंगी ट्रेनें

नवंबर माह में 28 को नई दिल्ली से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12802 नई दिल्ली-पूरी एक्सप्रेस उत्तर मध्य रेल एवं डीडीयू मंडल में 240 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी। नवंबर माह में 29 को कोलकाता से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12357 कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस पूर्व रेलवे में 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

### दो ट्रेनें कैंसिल, दो का रूट बदला

**रांची।** आद्रा मंडल के आद्रा-मेदिनीपुर रेलखंड पर मानव सहित समपार फाटक के स्थान पर नॉर्मल हाईट सबवे के निर्माण को लेकर ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह देखते हुए रेलवे ने दो ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। वहीं दो ट्रेनों का रूट बदला गया है। ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ 29/11/2022 को खड़गपुर से कैंसिल रहेगी। जबकि ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ 29/11/2022 को हटिया से कैंसिल रहेगी।

**ये ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी :** ट्रेन संख्या 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 29/11/2022 को कोटशिला, पुरुलिया, चांडिल, टाटानगर, खड़गपुर होकर चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 29/11/2022 को खड़गपुर, टाटानगर, चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला होकर चलेगी।

## आज का राशिफल
**26-11-2022**

मेष : दिन तरोताजा रहेगा। साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा।

वृष : विवाद से बचें। घर की चिंता रहेगी। विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे। कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं। मित्रों से मदद मिलेगी।

मिथुन : जीवनसाथी से सम्बंध अच्छा होगा। कोइ नया कार्य मे जोखिम न उठाएं। व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा।

कर्क : लाभ का मौका मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे। अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए।

सिंह : रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

कन्या : किसी बात को लेकर मन मे प्रसन्नता बढ़ेगी। कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना कुछ कम रहेगी। विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी।

तुला : कुछ हानि भी हो सकता है, धैर्य रखें। काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बांटना आवश्यक है। आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है।

वृश्चिक : जुबान पर नियंत्रण रखें। पर जो विद्यार्थी होंगे शिक्षा में सफल रहेंगे। धनार्जन होगा। पूंजी निवेश संबंधी कार्यो में सावधानी रखें। आत्मविश्वास बना रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा।

धनु : भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं। परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी।

मकर : व्यवसाय ठीक करेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे। सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं। आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं। कुछ नया हो सकता है।

कुंभ : विवाद न करें। उतावली में कोई काम न करें। पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है। सामाजिक, धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी। पर मेहनत से विजय पाया जा सकता है।

मीन : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। कुसंगति से बचें। परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है। संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं। घर परिवार में खुशहाली होगा।

# श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष पर श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में संपन्न हुआ विवाह

## पंडित अनूप दाधीच ने संपन्न करायी चांदनी और पीयूष कुमार की शादी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल अपना स्वर्ण जयंती वर्ष पिछले वर्ष मार्च माह से मना रहा है। प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा, प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ तथा प्रत्येक पूर्णिमा को श्री शालिग्राम पूजन व श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन होता है। एक बार मेडिकल कैंप भी लगाया गया है। सभी आयोजन हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आयोजित किये जाते हैं। स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर अब समाज के युवक-युवती का घर बसाने का शुभ कार्य प्रारंभ किया गया है।

बता दें कि कांके रोड निवासी स्वर्गीय रमेश चंद्र बूबना की सुपुत्री चांदनी व बरियातू रोड निवासी सतीश अग्रवाल के सुपुत्र पीयूष कुमार का विवाह अलग-अलग युवक व युवती से पहले हुआ था। लेकिन, दोनों के विवाह के बाद एक के पति तथा दूसरे की पत्नी का निधन होने के कारण दोनो दुजवर हो गये। चि. पियूष व आयु. चांदनी दोनों बी. टेक इलेक्ट्रिकल व सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। पीयूष की उम्र 32 एवं चांदनी की उम्र 29 वर्ष है। श्री श्याम मित्र मंडल ने दोनों को मिलवाया तथा झारखंड के प्रसिद्ध आचार्य अनूप दाधीच ने आगे बढ़कर पीयूष व चांदनी का विवाह निश्चित करवाया।

शुक्रवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में दोनों का वैदिक रीति से विवाह संस्कार सनातन धर्म के अनुसार पंडित अनूप दाधीच ने विधिवत संपन्न करवाया। दोनों पक्ष के लगभग 50 से ज्यादा लोगों ने विवाह में उपस्थित होकर नव वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपमंत्री अनील नारनोली, मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल, भास्कर समूह के महाप्रबंधक कमल गोयंका सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित थे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावागी ने बताया कि 8 दिसंबर को भी इसी प्रकार का एक दुजवर विवाह श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में संपन्न होगा।



# विकास के दरवाजे बंद कर सकता है एक गलत कदम : असुंता लकड़ा

## गोस्सनर कॉलेज में खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दिनांक 25 नवंबर 2022 को गोस्सनर कॉलेज रांची में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें इस वर्ष के अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता एवं एथलीट के मेडल विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सह भारतीय हॉकी की चयनकर्ता असुंता लकड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने रोल मॉडल खिलाड़ी पर पैनी नजर रखने की जरूरत है। उनके हर मैच को देखकर अपनी कमजोरी दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपका एक गलत रास्ता आपकी सफलता और विकास के सारे दरवाजे बंद कर सकता है।



कॉलेज शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर अमरदीप टोपनो ने विषय प्रवेश कराया। प्रोफेसर हेमंत कुमार टोप्पो ने खेल गतिविधियों की जानकारी दी। प्रोफेसर दीपक बारला ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। नागपुरी विभाग के डॉक्टर कोरनेलियुस मिंज एवं प्रोफेसर जैकब लकड़ा ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. योताम कुल्लू ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में कॉलेज की बर्सर प्रोफेसर आशारानी केरकेटटा, कला संकाय के डीन डॉ. जयपाल कच्छप, डॉ. मीना तिर्की, डॉ. प्रशांत गौरव, प्रोफेसर जोलेन सोय, प्रोफेसर फ्रांसिस मुर्मू आदि मौजूद थे।

# राइन उर्दू गर्ल्स स्कूल में लगाया गया नि:शुल्क हार्ट व शुगर चेकअप कैंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हॉली स्पिरिट फाउंडेशन ट्रस्ट झारखंड के तत्वावधान में शुक्रवार को लेक रोड स्थित राइन उर्दू गर्ल्स स्कूल में मुफ़्त हार्ट व शुगर चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। दिन के 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित इस हेल्थ कैंप में कुल 328 लोगों ने हृदय रोग, मधुमेह, कोलोस्ट्रोल सहित अन्य बीमारियों का इलाज कराया।

इस हेल्थ चेकअप कैंप में ब्रशानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जमशेदपुर के मशहूर डॉ परवेज आलम एंड टीम ने कैंप में आए लोगों की जांच की। जिसमें आवश्यकतानुसार मरीजों कां ब्लड शुगर, ईसीजी, बीपी व वजन जैसे जांच बिलकुल मुफ़्त किए गए। साथ ही जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां भी दी गयी। चेकअप कैंप में महिलाओं की संख्या अधिक रही। जांच के साथ साथ कैंप में तैनात चिकित्सक और उनकी टीम ने उपस्थित तमाम लोगों को हार्ट व सुगर के प्रति जागरुक किया। हेल्थ कैंप में डॉ परवेज आलम, डॉ मुकेश, डॉ अशरफ व डॉ तारिक के अलावा सहयोगी के रूप में फुलेन्द्र कुमार, सरफराज आलम, चंदन कुमार, सूरज कुमार दुबे, डॉ संध्या कुमारी व समीर कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई! कैंप को सफल बनाने में आम जनता हेल्पलाइन लाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी, वरिष्ठ पत्रकार हाजी फिरोज जिलानी, हाजी जसीम,हैदर गुड्डु, इमरान रजा अंसारी, जमीयतुल राईन पंचायत के सदर हाजी फिरोज, राईन स्कूल के सचिव हाजी हसनैन, इमरान हसन बाबू, नीलोफर इमरान, इकरमा कलाम सहित अंजुमन इस्लामिया रांची के कई कार्यकारी सदस्य मौजूद थे। मौके पर हॉली स्प्रीट ट्रस्ट के द्वारा स्कूल की बच्चियों के अलावा कई लोगों को सम्मानित किया गया।



# सेल के सेट में गुणवत्ता माह के समापन समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सेट) में नवंबर माह को गुणवत्ता माह के रूप मे मनाया जा रहा है। इस दौरान गुणवत्ता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पूरे माह भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में शुक्रवार को जगदीश अरोड़ा, इडी (सेट) की अध्यक्षता मे गुणवत्ता माह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सेट रांची के सभी मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, पुरस्कार विजेता और निर्णायक मंडली के सदस्य उपस्थित थे। सेट रांची के अन्य सभी कार्यपालक तथा सेट के सभी उपकेंद्रों के कार्यपालकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम मे भाग लिया।



कार्यक्रम में अभय कुमार, महाप्रबंधक (व्यापार उत्कृष्टता) ने एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी, जिसके माध्यम से सभा को गुणवत्ता माह के दौरान संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे मे अवगत कराया गया। डिजिटल फाइलिंग के ऊपर प्रस्तुति के दौरान जगदीश अरोड़ा, इडी (सेट) ने सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने विभाग में भी डिजिटल फाइलिंग करने और इसे बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन एवं दिशा निर्देश दिया।

इस समारोह में गुणवत्ता माह के दौरान गुणवत्ता नारा और गुणवत्ता प्रणाली में सुधार से संबंधित केस स्टडी नामक दो प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जगदीश अरोड़ा, इडी (सेट) ने प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। गुणवत्ता नारा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नरेंद्र कुमार जैन, द्वितीय पुरस्कार अक्षय दूबे और तृतीय पुरस्कार अनूप कुमार को मिला। केस स्टडी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार फिरोज खान, द्वितीय पुरस्कार नरेंद्र कुमार जैन और तृतीय पुरस्कार भिलाई उपकेंद्र के मोहन उमरे को मिला। निर्णायक मंडली के सदस्य तथागत घोष, मुख्यमहाप्रबंधक (आरएससी एंड तकनीकी) तथा विशाल सिन्हा, महाप्रबंधक (रोलिंग मिल) को भी प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन अभय कुमार, जीएम (बीइ) ने शलभ शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक(परियोजनाएं) के मार्गदर्शन में प्रशासन और सीएंडआइटी विभाग के सहयोग से किया गया।

## कुशल प्रशासक के रूप में मंजू गार्गी को सदैव याद किया जाएगा : कैलाश यादव

**रांची।** अभिभावक संघ झारखंड के अध्यक्ष कैलाश यादव ने टेंडर हर्ट स्कूल के संस्थापक व प्रिंसिपल मंजू गार्गी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मंजू गार्गी को शिक्षा जगत में गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए सदैव याद किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि वर्षो पहले बिरसा चौक में एक छोटे से बिल्डिंग किराए पर लेकर स्कूल संचालन करने वाली मंजू गार्गी अपनी प्रतिभा एवं लगनशीलता से टेंडर हार्ट स्कूल को सर्वोच्च पैमाने पर शहर के टॉप स्कूलों के श्रेणी में शामिल करने का काम किया है। मंजू गार्गी के अनुशासित शिक्षा कार्य व्यवस्थापक एवं कुशल नेतृत्व के कारण टेंडर हार्ट स्कूल के अनेकों छात्र-छात्राएं प्रदेश एवं देश के सर्वोच्च संस्थानों में सेवा दे रहे हैं। इसलिए मंजू गार्गी को शिक्षा के क्षेत्र में एक सफल प्रशासक एवं अभिभावक के रूप सदैव याद किया जाएगा। अभिभावक संघ झारखंड की ओर से शिक्षिका मंजू गार्गी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कैलाश यादव ने उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# पदयात्रा से शहीद परिवारों को गौरवपूर्ण जीवन देने का प्रयास : उत्तम यादव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा है कि पदयात्रा के माध्यम शहीदों के परिजनों को सम्मान दिलाने का प्रयास है। श्री यादव शुक्रवार को शहर के विभिन्न वार्डों मे शहीद सम्मान पदयात्रा के दौरान बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि पहाड़ी मंदिर प्रांगण से शहीद परिवारों को उनका हक दिलाने के लिए शुक्रवार को पदयात्रा वार्ड 25, 26,27, 28,30, 33,34,31,32 में पूरा कर लिया। इस दौरान पदयात्रा में शामिल लोगों को चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा शक्ति शहीद सम्मान पदयात्रा के माध्यम से हर घर तक पहुंच रही है। ताकि शहीदों के अधिकार के लिए हो रहे प्रयास में सभी का सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि शहीद के परिजनों को एक करोड़ सम्मान राशि दिया जाये। सुविधा से लैस शहीद के परिवारों को घर बना कर दिया जाये। शहीद के बच्चे की पढ़ाई की पूरी व्यवस्था की जाये। साथ ही, इस पदयात्रा के माध्यम से युवाओं में फैल रहे सूखे नशे जैसे चरस, अफीम, ब्राउन शुगर, इंजेक्शन, टैबलेट, डेट्राइट, कोरेक्स आदि की रोकथाम के लिए आवश्यक कड़े कानून बनाने की मांग की। पदयात्रा में आर्यन मेहता, रोहित यादव, बैजू सोनी, नीतू सिंह, सागर सिंह, श्याम चौधरी, मंतोष सिंह, शक्ति सिंह, राहुल चौधरी, विशाल साहू, सत्यम सिंह, शुभम गुप्ता, रोहित बरनवाल, सोनू साहू,राघव सिंह, हर्ष सिंह, लकी वर्मा आदि शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### सुकूरहुटू के गोशाला प्रांगण में सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन कल



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के तत्वावधान में एवं विभिन्न समाजिक संस्थाओं एवं व्यक्तियों के सहयोग से 27 नवंबर रविवार को गोशाला प्रांगण सुकूरहुटू कांके में सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया है। विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा है कि नर सेवा ही नारायण सेवा होती है। इसलिए इसके तहत 27 नवंबर को सुबह 8:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक गौशाला प्रांगण सुकुरहुटू में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व दिव्यांग जनों के लिए सामाजिक कार्य एवं सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम मे गौ सेवा, 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह, लगभग 200 दिव्यांग एवं विशेष प्रतिभा के धनी बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा। दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर्स, एल्बो छड़ी, बैशाखी, वाकर आदि का वितरण, वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की सेवा कार्य, किन्नर समुदाय के सदस्यों को आदर सम्मान, तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर सभी के आत्मविश्वास को बढ़ाने एवं प्रोत्साहित करने की अपील की है। उन्होंने कहा जो व्यक्ति कन्यादान करना चाहते हैं,वे (87893 00579, 8862823043) से संपर्क कर इस आदर्श विवाह समारोह में अपना योगदान दे सकते हैं।

### कोलकाता में मेडिकॉल एक्सपो नौ दिसंबर से

**रांची।** मेडएक्सपर्ट बिजनेस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चिकित्सा उपकरणों के लिए सबसे बड़े बी2बी व्यापार मेले, मेडिकॉल का आयोजन 09 से 11 दिसंबर के बीच कोलकाता के विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में किया जाएगा। मेडिकॉल के 31वें संस्करण में अस्पताल की सभी जरूरतों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें सर्जिकल कॉटन से लेकर नवीनतम इमेजिंग उपकरण और सर्जिकल उपकरण जैसी सभी चीजें शामिल होंगी। यह पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत में चिकित्सा उपकरणों तथा अस्पताल की जरूरतों के लिए आयोजित सबसे बड़ी और भव्य प्रदर्शनी होगी।

# मानवता की सेवा में खुद को समर्पित करें : आर्चबिशप टोप्पो

## संत मरिया महागिरजाघर में ब्रदर जुएल व ब्रदर एजेकिएल का हुआ उपयाजकीय अभिषेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो एसजे ने शुक्रवार को डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मरिया महागिरजाघर में रांची आर्चडायसिस के दो धर्मबंधु ब्रदर जुएल खलखो और ब्रदर एजेकिएल टोप्पो को विधि-विधान के साथ पवित्र उपयाजीक अभिषेक प्रदान किया।

यीशु समाजी ने रांची महाधर्मप्रांत के दो धर्म बंधुओं ब्रदर जूवेल खलखो और ब्रदर एजेकिएल टोप्पो को उपयाजकीय अभिषेक प्रदान किए। यह उपयाजकीय अभिषेक धर्म विधि रांची के संत मरिया महागिरजा में आयोजित किया गया। इस दौरान रांची महाधर्मप्रांत के सहायक धर्मअध्यक्ष बिशप थियोदोर मसकरेनहस भी उपस्थित थे। साथ ही संत मरिया महागिरजा के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो, फादर मैक्सिमुस टोप्पो, 30 पुरोहितगण, विभिन्न धर्मसमाज की धर्मबहनें तथा उपयाजकीय अभिषेक संस्कार प्राप्त करने वाले दोनों उम्मीदवार ब्रदर जुएल खलखो तथा ब्रदर एजेकिएल टोप्प के परिजन तथा अन्य मसीही विश्वासी उपस्थित थे।



आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने इस अवसर पर नवाभिषिक्त उपयाजकों को उनके इस पवित्र संस्कार के लिए बधाईयां दी। साथ ही उक्त संस्कार के बाद उनकी अहम जिम्मेवारियों के सफल निर्वहन की कामना की। अपने प्रवचन में उन्होंने नवाअभिषिक्त उपयाजकों को यह संदेश दिया कि वे ईश्वरीय प्रेम से प्रेरित होकर नम्रतापूर्वक मानवता की सेवा के लिए अपने आप को पूर्ण रुप से समर्पित करें। साथ ही आर्चबिशप टोप्पो ने दोनों नवाभिषिक्त उपयाजकों को उनके उपयाजकीय कर्तव्यों के बारे विस्तृत रुप से जानकारी दी। अभिषेक धर्म विधि के प>ात उपस्थित पुरोहितगण, सिस्टर्स तथा स्थानीय विश्वासियों ने नवाभिषिक्त दोनों उपयाजको को बधाइयां तथा शुभकामनाएं दीं।

# माही ने गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौलाना आजाद ह्यूमन इनीसिएटिव (माही) के अंतर्गत गैर सरकारी स्कूलों एवं जरूरतमंद बच्चों के बीच आयोजित मौखिक प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों के बीच स्वेटर वितरित किया। इस मौखिक प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया और सवालों का सही जवाब देकर स्वेटर हासिल किया।

यह प्रतियोगिता वार्ड नंबर 16 में स्थित माही के कार्यालय में गुरुवार की शाम सात बजे शुरू हुआ और साढ़े आठ बजे तक सम्पन्न हुआ। सवालों का सही जवाब देकर बच्चों ने बतौर पुरस्कार स्वेटर प्राप्त कर हर्षित हुए। बच्चों के अभिभावकों ने ऐसे मौखिक प्रतियोगिता आयोजित होने पर खुशी का इजहार किया। मौके पर माही के संयोजक इबरार अहमद, साझा मंच के सुधांशु शेखर, अमल पाण्डे, ग्यासुद्दीन भाई मुन्ना, वार्ड नंबर 16 की पार्षद नाजिमा रजा ने संबोधित किया। माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उपस्थित लोगो में खलील अहमद, मोहम्मद हसनैन, ताहेरीन पंचायत के पूर्व सदर मोहम्मद शमीम, डॉक्टर ताबां रिजवी,सरवर इमाम, सरफराज भाई सफ्फु, मिल्लत पंचायत के सदर जावेद अहमद, सरफराज अहमद सुड्डु, मोहम्मद इकबाल, अर्शद शमीम, खालिद सैफुल्लाह, शकील, यासर अहमद,मुजाहिद इस्लाम, कामरान अहमद, सैफुल हक,निगार तनवीर, मोहसिन, मोहम्मद सलाहउद्दीन आदि शामिल थे।



स्पीड न्यूज

## नस एवं हड्डी जांच शिविर का आयोजन

**अनगड़ा।** मानसू मेडिकल हॉल टाटीसिल्वे बस्ती में आगामी रविवार 27 नवम्बर को देबूका नर्सिंग होम के सौजन्य से से नस एवं हड्डी जोड़ बीमारी का निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है । इंग्लैंड से आए नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एकांश देबूका हड्डी संबंधी रोगों का इलाज करेंगे । शिविर में बीएमडी ;बोन मैरो डेंसिटीद्ध जांच भी किया जाएगा इसके लिए 50 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क रखा गया है रजिस्ट्रेशन के लिए हड्डी संबंधी रोगी मोबाइल नंबर 9431574675 डायल संपर्क कर सकते हैं।

## रक्तदान शिविर में 121 यूनिट रक्त का संग्रह

**बुंडू।** बुंडू के पुराना बस स्टैंड धुर्वा मोड़ में जय हो सेवा संस्था के तत्वाधान में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में 121 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।शिविर में सदर अस्पताल रांची की वातानुकूलित बस एमेडिकल किट एवं तकनीशियन टीम के साथ अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डॉ दिलीप कुमार के नेतृत्व रक्त संग्रह किया गया। मौके पर जय हो संस्था के संस्थापक राजकिशोर कुशवाहा, सुषेण कोइरी, सुरेश मुंडा, कवि नायक, रंजीत लहरी हरिहर महतो, कमलेश सिंह, अनूप चेल, मंटू हल्दार, देवनाथ महतो, पिंटू मोदक, परमेश्वरी शांडिल्य आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## मांडरः मेसाल गांव के कुआं से युवक का शव बरामद

**मांडर।** थाना में मुड़मा पंचायत अंतर्गत मेसाल गांव के कुआं से शुक्रवार की दोपहर लगभग तीन बजे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। जिसकी पहचान गांव के चालीस वर्षीय गोबिंद उरांव के रुप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार कुँए के बगल से गुजर रहे एक व्यक्ति की नजर जब कुए के अंदर पड़ी तो उसने एक शव को तैरते हुए देखाए जब शव को कुएं से बाहर निकाला गया तो उसकी पहचान गांव के ही गोविंद उरांव के रूप में की गई।

## दुलमी पंचायत में चना और सरसों बीज का वितरण

**सोनाहातू।** प्रखंड के दुलमी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को पंजीकृत किसानों को ब्लॉकचेन के माध्यम से एनएफएसएम योजना के तहत चना ओर सरसो बीज का वितरण को ग्रामप्रधान कृष्ण कुमार सिंह मुंडाए मुखिया लतिका देवी एपंचायत समिति सदस्य अभिषेक पुराण के द्वारा किया गया। मौके पर बीटीएम दीनानाथ भगत एवं पौघा संरक्षण केंद्र प्रभारी बंशीधर महतो मौजूद थे।

## ग्राम सभा में डीएमएफटी योजनाओं का चयन

**मैक्लुस्कीगंज ।** लपरा पंचायत के नावाडीह में विशेष ग्राम सभा का आयोजन ग्राम प्रधान रॉकी मुंडा की अध्यक्षता में किया गयाण ग्राम सभा में प्रखंड से पंचायत सेवक परीक्षित महतो उपस्थित थे। ग्राम सभा में डीएमएफटी मद से होने वाले विकास कार्यों का चयन किया गया। जिसमें पेयजल, पर्यावरण संरक्षणए प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ, शिक्षा, दिव्यांग व बुजुर्गों के कल्याण सम्बन्धी योजना, सड़क, पुल, डैम आदि 20 से 25 लाख रुपये तक कि योजनाओं को प्रस्ताव लाकर चयन किया गया।

## पुलिस ने जब्त की लावारिस बाइक

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के शास्त्री चैक ओरमांझी स्थित सड़क किनारे से लावारिष हालत में पड़ा बाइक मिला है। बताया गया कि एक नई सुपर स्पलेंडर आई-3 बाइक जेएच001डीई-2071 पिछले दो दिन चैक पर सड़क किनारे लावरिष हालत में खड़ी थी। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। शुक्रवार को पुलिस द्वारा बाइक को जब्त कर थाने ले गई। वहीं पुलिस द्वारा रजिस्ट्रेशन नंबर के अधार पर बाइक व बाइक मालिक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षक, अभिभावक आगे आयें: सुदेश

## प्लस टू स्कूल जोन्हा में शिक्षक-अभिभावकों की बैठक में शामिल हुए सिल्ली विधायक




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** प्लस टू स्कूल जोन्हा में शुक्रवार को सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने अभिभावक-शिक्षकों की बैठक में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए अभिभावक व शिक्षकों का सामूहिक प्रयास जरूरी है। इसके स्तर को उंचा उठाने के सामाजिक कार्यकताओं को भी सजग होना होगा। उन्होंने कहा कि सिल्ली विधानसभा शिक्षा का मॉडल बनेगा। हमारे शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य हो रहा है। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी पर्याप्त अवसर प्रदान किया जा रहा है। मौके पर बच्चों ने अपनी समस्याओं को रखा। कहा कि शिक्षकों की कमी व किताबें नहीं मिलने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सुदेश ने अपने स्तर से सभी बच्चों को किताबें उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने शिक्षिकाओं को 11वीं के बच्चों के लिए अतिरिक्त क्लास कराने के लिए कहा। बताया की पढ़ेगा सिल्लीए बढ़ेगा सिल्ली अभियान के तहत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के छह हाई स्कूलों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत की जा चुकी है। क्षेत्र के सभी 26 हाई स्कूलों में भी पढ़ाई को स्मार्ट क्लास के जोड़ा जाएगा। साथ ही झारखंड के असाधारण खेल क्षमता को आगे लाने के लिए खेलो सिल्ली अभियान का शुभारंभ किया जाना तय है। मौके पर शैक्षणिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, प्राचार्या मनीला ज्योति लकड़ा, शंकर मुंडा, शंकर बेदिया आदि उपस्थित थे।

## प्लस टू स्कूल जोन्हा नृत्य, कराटे और लंबी कूद में प्रखंड टॉपर

**सिकिदिरी।** प्रोजेक्ट उत्क्रमित प्लस टू स्कूल जोन्हा ने खेलो झारखंड में नृत्य, कराटे व लंबी कूद समेत दौड़ में पूरे प्रखंड में अव्वल स्थान पाया है। स्कूल के रवि बेदिया को नृत्य एवं कला में एपलानी कुमारी कराटे में, विजय लोहरा लंबी कूद में, सपना कुमारी 400 मीटर एवं अमर बेदिया 3000 मीटर की रेस में प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त छात्रों की फुटबॉल टीम विजेता बनी है। चयनित सभी प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। स्कूल की प्राचार्य मनीला लकड़ा ने बताया की सीमित संसाधन में गांव के बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।



# राशन के चावल में हेराफेरी, चार पर केस दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अलबर्ट बिलुंग के लगभग चौबीस घंटे तक चलान एवं स्टोक पंजी के जांच के उपरांत राशन विभाग के लगभग अड़तीस लाख रुपए के चावल की हेराफेरी के मामले को लेकर शुक्रवार को प्रखंड खाद्यपूर्ति प्रभारी रंजन कुमार द्वारा चार लोगों के खिलाफ थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिकी मांडर गोदाम के एजीएम विनोद लकड़ाए जिला डीएसडी के संचालक राहुल कुमार प्रसाद, उसके सहयोगी उस्मान उर्फ राजू खान और राहुल के पिता सत्येंद्र कुमार के विरुद्ध कराई गई है। जांच में यह बात सामने आई कि लगभग 9.73 टन चावल की हेराफेरी की गई है जिसकी कीमत लगभग अड़तीस लाख रुपए है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग के अनुसार जिला डीएसडी संचालक द्वारा चार ट्रक माल रांची गोदाम से मांडर के लिए निकला पर यह रास्ते में ही तस्करी की भेंट चढ़ गया। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब मांडर गोदाम के एजीएम विनोद लकड़ा ने गोदाम के ऑपरेटर पंकज तथा मांडर के डीएसडी संचालक मोहम्मद खालिद को मैनेज कर कागज में एंट्री कराने की बात कही। पर इन लोगों ने साफ इंकार कर दिया। मामले का खुलासा होने पर जांच में यह चारों दोषी पाए गए तथा इनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### मामले में लीपापोती की पूरी तैयारी थी: सुनील उरांव

जांच की बात की जानकारी मिलने पर प्रखंड मुख्यालय पहुंचे पूर्व जिला परिषद सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील उरांव ने कहा लाखों रुपए की इस घपले में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। दो महीने पहले दो ट्रक रांची से निकले और दो ट्रक लगभग बीस दिन पहले रांची से चले तो वह किस रास्ते से आ रहे थे कि उन्हें रांची से मांडर पहुंचने में दो महीने लग गए। इस मामले को लेकर लीपापोती के लिए चार लोगों को केवल मोहरा बनाया गया है। जब इतना बड़ा घपला दो महीने से हो रहा था तो बड़े अधिकारी कहां सोए हुए थे। सभी संबंधित लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### विधायक ने लगाई फटकार

राशन विभाग के चावल की हेराफेरी की जानकारी मिलने पर शुक्रवार की देर शाम विधायक शिल्पी नेहा तिर्की प्रखंड मुख्यालय पहुंची और डीएसओ अल्बर्ट बिलुंग, बीडीओ सुलेमान मुंडरी तथा सीओ विजय हेमराज खलखो से इस मामले की जानकारी ली। जैसे ही उनके सवाल पर डीएसओ ने जवाब दिया कि ऐसा चलते रहता है तो इस बात पर विधायक ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने कहा कि उन्हें अपनी पद की गरिमा का जरा सा भी ख्याल नहीं है। मामले के खुलासे के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं कराया गया है इसका मतलब साफ है कि इसकी लीपापोती की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले को वह विभाग के सचिव तक लेकर जाएंगी।

## सेफ्टी एंड सिक्यूरिटी को लेकर बच्चों को किया जागरूक

**तमाड़।** 26वीं वाहिनी सशस्त्रा सीमा बल जी कंपनी तमाड़ के द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में निरीक्षक मंटू कुमार समवाय प्रभारी ने सेफ्टी एंड सिक्यूरिटी के बारे में बच्चो को जागरूक किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक लखन लाल करमालीए मिहिर कुमार मोदकएअभय कुमार मुखर्जी, ममता देवी व एसएसबी कार्मिक सहायक उपनिरीक्षक सामान्य बासुदेव मंडल, सहायक उपनिरीक्षक सामान्य केवल कृष्णा आदि शामिल थे। इधर 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जी समवाय तमाड़ में एक महीने की बेसिक कंप्यूटर कोर्स का उदघाटन उप कमांडेंट दिनेश कुमार ने किया। ट्रेनिंग के दौरान दूर-दराज से प्रशिक्षु शामिल हुए।

एक नजर में

## किसान को सब्सिडी में मिला ट्रैक्टर



**सोनाहातू।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय में कल्याण विभाग से 40 प्रतिशत सब्सिटी में 45 एचपी का ट्रैक्टर का वितरण सोमाडीह टोला बनडीह के किसान शंकर पातर मुंडा कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर दिया गया। मौके पर बीडीओ सुचित्रा मिंज, सीईओ प्यारेलाल, विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो, सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोईरी, उपप्रमुख सबिता देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि तरणी सिंह मुंडा, तेलवाडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फणीभूषण सिंह मुंडा, श्याम महतो, रमेश मुंडा, बिरेंद्र नाथ सिंह मुंडा, सुषेण प्रमाणिक, दलेल चन्द्र महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## इटकी में सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास



**इटकी।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को इटकी प्रखंड क्षेत्र के दो सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम इटकी रेलवे स्टेशन से टुरूगुरु गांव तक करीब 1.650 किलोमीटर सड़क मरम्मती कार्य का विधायक ने शिलन्यास किया। सड़क का निर्माण 40 .286 लाख की लागत से कराई जाएगी। इसके बाद इटकी रोड से बारीडीह गांव तक 1.700 किलोमीटर की सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास की। सड़क का निर्माण 42.112 लाख खर्च कर बनाई जायेगी। कार्यक्रम में मुखिया रमेश महली,राजन किस्पोट्टा, बलराम गोप, अबूमाज, अहमद अंसारी, उरूज अंसारी, सादिक हाशमी, मोहित गोप, अजय गोप सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री ने उपलब्ध कराया ट्रांसफार्मर

**तमाड़।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मारधान चौक एवं दुआरसीनी चौक में 100 केवी एवं 25 केवी ट्रांसफार्मर का उदघाटन फीता काट कर एवं नारियल फोड़ कर किया। महीनों पहले दोनों ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसको बदलने के लिए ग्रामीणों ने केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के नाम सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा को आवेदन दिया था। मंत्री अर्जुन मुण्डा ने संज्ञान में लेते हुए दोनों गाँवों में बिजली विभाग के सहयोग से नया ट्रांसफार्मर दिलवाया। जिसका उदघाटन आज सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा, विभागीय सांसद प्रतिनिधि विशाल गुप्ता तथा रड़गांव मंडल अध्यक्ष अजित महतो आदि के संयुक्त कर कमलों द्वारा किया गया।

## मैक्लुस्कीगंज में बीडीओ ने कराया गृह प्रवेश



**मैक्लुस्कीगंज।** खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग लपरा पंचायत के नावाडीह गांव पहुंचेण इस दौरान उक्त पंचायत के नावाडीह निवासी बसमतिया देवी के क्षतिग्रस्त घर का बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर आवास योजना के तहत मरम्मत का कार्य पूर्ण होने पर बीडीओ ने निरीक्षण किया। तत्पश्चात बीडीओ ने लाभुक बसमतिया देवी को विधिवत गृह प्रवेश कराए। मौके पर लपरा मूखिया पुतुल देवीए पंचायत सेवक परीक्षित महतो, हरि पहान अन्य मौजूद थे।

## सिल्ली बाजार में सड़क जाम से परेशानी, प्रशासन बेखबर

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली बजार में सड़क जाम की समस्या से लोग परेशान हैं। यहां हर दिन सड़क जाम के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुराना बुंडू रोड से काली मंदिर तक बेतरतीब वाहन चलाने, सड़कों पर वाहन खड़ा करने और अतिक्रमण के कारण जाम लगता है। सिल्ली हाट बगान के समीप शाम के समय जाम के कारण मुसीबतें और बढ़ जाती है। लोग सड़क पर वाहन खड़ा कर देते हैं। इससे स्कूली छात्रों को भी दिक्कत हो रही है। वहीं दुकानदार दुकान के सामान को सड़क पर रख देते हैं। जिससे काफी हद तक सड़क का अतिक्रमण हो रहा है। अतिक्रमण हटाने की दिशा में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे अतिक्रमण करने वालों का मनोबल बढ़ा हुआ है। कई दुकानदारों ने पैदल चलने वाली जगह पर कब्जा कर पक्की दुकानें बना ली हैं और उसके आगे शेड भी लगा लिया है। ऐसे हालात में ग्राहक अपनी बाइक सड़क पर खड़ा करता है। बुंडू रोड चैक, यूनियन बैंक एवं पेट्रोल पंप के समीप फल मार्केट लगा रहता है। टोकरी में फल बेचनेवाले लोग रोड सट कर ही बैठ जाते हैं। वहीं खरीदार भी रोड से ही खरीदारी करते हैं और जाम लगता है। शहर की यातायात व्यवस्था पर ऑटो, चार पहिया बस चालक ध्यान नहीं देते। उन्हें आमजनों की परेशानी से कोई मतलब नहीं है।

## ओरमांझी में नहीं हुआ नाली और सर्विस लाइन का निर्माण, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़क पर बहता बस्ती का गंदा पानी।

**ओरमांझी।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा फोरलेन निर्माण के दौरान ओरमांझी में पोष क्षेत्र में सर्विस लाईन व नाली का निर्माण नहीं कराया गया। जिसके कारण स्कूली बच्चों के साथ एनएच-20 पथ से गुजरने वाले राहगिरों के सामने दुर्घटना का खतर उत्पन्न हो गई है। वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्यमराज कुषवाहा ने बीडीओ विजय सोनी को एक ज्ञापन सौंप इस पर जल्द कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही बताया गया कि बस्ती का पानी एनएच पथ से गुजरती है। इससे सरस्वती षिषु विद्या मंदिर ओरमांझी स्कूल आने जाने वाले बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। सड़क पर बहते गंदे पानी के कारण कई वृद्ध भी गिर कर चोटिल हो चूके हैं। वहीं स्कूल के बच्चों के साथ आसपास रहने वाले नाली की बदबू से परेशान हैं। कई लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। बताया गया कि एनएचआई के द्वारा मार्ग के मेंटेनेश में भी काफी लापरवही बरती जा रही है। सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाईट भी खराब रहते हैं। सड़क किनारे भी गंदगी का अंबार लगा रहता है। कार्यवायी नही होने पर विरोध में वार्ड सदस्य संघ आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

## डॉन बॉस्को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** खेलकूद शारीरिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक और भावनात्मक विकास के लिए अवश्यक है। खेल हमें खेल केवल बलवान व स्वस्थ्य ही नहीं बनाता बल्कि जीवन में विपरीत परस्थितियों से मुकाबला करने का साहस देती हैए व खेल भावना मैत्री और सद्भावना का विकास होता है। उक्त बातें डॉन बॉस्को एकेडमी में मैकलुस्कीगंज में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि अंतराष्ट्रीय लान बालर चंदन कुमार सिंह ने कही। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि चंदन कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि अंतराष्ट्रीय बालीबाल प्रशिक्षक शेखर बोस के द्वारा संयुक्त रूप से खेल ध्वज फहरा व खिलाड़ियों को खेल भावना का शपथ दिला कर किया गया। विद्यालय के उप प्रचार्य जोशी टीडी के द्वारा स्वागत भाषण व विद्यालय का लेखा.जोखा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शामिल विद्यालय के उप निदेशक एंथोनी डी रोजारियो, विशिष्ट अतिथि सुमित शर्मा ने भी संबोधित किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में रेड, ग्रीन, ब्लू, येलो हाउस के सीनियर व जूनियर छात्र छात्राओं के बीच पचास मीटर दौड़ए सौ मीटर दौड़ए 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले दौड़ए सूज एवं साक्स दौड़, स्कीपीन्ग दौड़, इन्टर हाउस टग आफ वार आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में 100 मी0 200 मीटर स्कीपींग दौड़ में श्रेया प्रियाए 400 मीटर 200 मीटर दौड़ में गौतम कुमार सिंहए 800ए 400ए 200 मीटर दौड़ में सुभाष उरांव, 400 मीटर 200 मीटर दौड़ व डिस्कस थ्रो में रानी सिंह भोगता का विद्यालय स्तरीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

## कस्तूरबा की ममता का राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए हुआ चयन

### लोक नृत्य छऊ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए ममता का किया गया है चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के 12वीं की छात्रा ममता कुमारी का चयन लोक नृत्य छऊ के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया है। गुरुवार को विद्यालय में ममता का स्वागत किया गया ममता कुमारी ने रांची में बुधवार को पिछले 22 और 23 नवंबर को आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जानकारी देते हुए कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन मेरी अल्मा रुंडा ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतितोगीता में प्रथम आने के बाद ममता अब आगामी 2 जनवरी 2023 को भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले कला उत्सव के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। राज्य स्तरीय कला उत्सव के दौरान कस्तूरबा विद्यालय की हेमली कुमारी को ढोल वादन के लिये भी सम्मानित किया गया। हेमली 2021 के राष्ट्रीय कला उत्सव की विजेता रही है। मौके पर विद्यालय की वार्डेन मेरी एल्मा रुंडा, शिक्षिका चंद्रिका कुमारी, नीलम बाटी, रजनी रानी एवं अनामिका लकड़ा मौजूद थीं।

## नवविवाहिता आठ दिन से गायब



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के बरबाई बंडा निवासी रामचंद्र मुंडा की 19 वर्षीय पत्नी सविता देवी एक सप्ताह से घर से लापता हो गई। वाहन चालक पति रामचंद्र मुंडा ने बताया कि वह चिप्स गिट्टी लोड कर रात में 709 ट्रक चलात है। लगभग सात माह पूर्व ही उसकी विवाह कांके होचई की सविता से हुई है। 18 नवंबर को दिन में नौ बजे के करीब जब वह वाहन चला कर घर लौटा तो वह वह गायब थी। उसने गांव में ढुंढा नही मिली तो वह अपने ससुराल, रिस्तेदार व अन्य परिचितों के यहां भी पता किया। बावजूद कही पता नही चला। रामचंद्र ने बताया कि मोबाईल भी रीसिव नही कर रही है। एक बार रीसिव हुआ, लेकिन बाद में बात करेगें, बोल फोन काट दी। एक सप्ताह ढुंढने के बाद भी जब पत्नी नही मिली तो वह शुक्रवार को ओरमांझी थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया, और पुलिस से पत्नी को जल्द तलासने की गुहार लगाई है।

## तसर अनुसंधान केंद्र में सलाहकार समिति की बैठक में उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत

**पिस्कानगड़ी।** केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी में अनुसंधान सलाहकार समिति की 51 वीं बैठक हुई। बैठक के आरंभ में संस्थान के निदेशक डॉ के सत्यनारायण ने अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। इन्होंने बताया कि तसर नगड़ी के द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केंद्रीय अंतरदेशीय मत्स्यकी संस्थान बैरकपुर पश्चिम बंगाल के सहयोग से मत्स्य आहार के रूप में रेशमिन का विकास किया है। बैठक की अध्यक्षता करते बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार नाथ सिंह ने कहा वन्य रेशम क्षेत्र में कई चुनौतियां है हमे उन चुनौतियों कर ध्यान केंद्रीत करते हुए अपने अनुसंधान को उसी दिशा में ले जाना होगा। मौके पर डॉ नितिन कुलकर्णी, डॉ सुनील, सी दुबे, डॉ पीके मिश्रा, डॉ ए बेनुगोपाल, डॉ बीएन चौधरी मौजूद थे।

# महान स्वतंत्रता सेनानी थे ठेबले उरांवः डॉ राजाराम

## स्वतंत्रता सेनानी ठेबले उरांव की 159वीं जयंती




खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** स्वतंत्रता सेनानी ठेबले उरांव की जयंती मनायी गयी। स्मारक समिति की ओर से आयोजित समारोह में कुरमाली भाषा परिषद् राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो बतौर मख्य और कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेवए जेके इंटर नेशनल के चेयरमैन जितेंद्र सिंह व भाजपा नेत्री शोभा यादव विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ महतो ने उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी बताया। उन्होंने कहा कि डॉ अशोक उरांव की प्रेरणा से ही उन्हें जानने का मौका मिला। श्री शाहदेव ने ठेबले उरांव के मूल्यों को अक्षुण रखने की बात कही। श्री सिंह ने उन्हें देश और समाज का मजबूत स्तंभ करार दिया। वहींए श्रीमती यादव ने उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इससे पूर्व अतिथियों ने उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान गीत, संगीत व नृत्य का दौर चला। खोड़हा टीम ने कला की छटा बिखेरी। अध्यक्षता मुखिया अनिल तिर्की व संचालन शिवशंकर नीलकंठ ने किया। मौके पर बसंती उरांव, टूना उरांव, सोहराई उरांव, महात्मा उरांव, रमेश उरांव, विजय रंजन तिर्की, चंदर उरांव, मुन्ना उरांव, सुखदेव उरांव, सरोज उरांव, लुदी उरांव व ऐंची उरांव मौजूद थे।

### कौन थे डॉ अशोक उरांव

डॉ अशोक उरांव, ठेबले उरांव के नाती थे। एक महीने पूर्व उनका निधन हो गया। वह हातमा निवासी स्व महादेव उरांव के पुत्र थे। माता का नाम भगवती उरांव था। डॉ उरांव रांची यूनिवर्सिटी में पीजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर थे। शोध के जरिये स्वतंत्रता सेनानी के बारे में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ महतो से चर्चा की और उन्हें ठेबले उरांव को गुमनामी से बाहर निकालने की प्रेरणा दी। समारोह में दिवंगत डॉ उरांव की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गयी।

### समारोह में थे शामिल

तिगरा मुखिया सुखदेव उरांव, प्रो जौरा उरांव, लक्ष्मण उरांव, सुरेश उरांव, भवेश मिश्र, सिकंदर महतो, जीतराम लोहरा, प्रभु लोहरा, अर्जुन उरांव, करमा उरांव, देवकी उरांव, चंद्रमणि देवी, फुलमनी देवी व मुन्नी देवी आदि।

# संविधान दिवस का महत्व

इंडिया अर्थात भारत राज्यों का एक संघ है। यह संसदीय प्रणाली की सरकार वाला एक स्वतंत्र प्रभुसत्ता सम्पन्न समाजवादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार शासित है जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया तथा जो 26 जनवरी 1950 को प्रवृत्त हुआ। संविधान में सरकार के संसदीय स्वरूप की व्यवस्था की गई है जिसकी संरचना कतिपय एकात्मक विशिष्टताओं सहित संघीय हो। केन्द्रीय कार्यपालिका का सांविधानिक प्रमुख राष्ट्रपति है। भारत के संविधान की धारा 79 के अनुसार, केन्द्रीय संसद की परिषद में राष्ट्रपति तथा दो सदन है जिन्हें राज्यों की परिषद (राज्य सभा) तथा लोगों का सदन (लोक सभा) के नाम से जाना जाता है। संविधान की धारा 74 (1) में यह व्यवस्था की गई है कि राष्ट्रपति की सहायता करने तथा उसे सलाह देने के लिए एक मंत्री परिषद होगी जिसका प्रमुख प्रधान मंत्री होगा, राष्ट्रपति सलाह के अनुसार अपने कार्यों का निष्पादन करेगा। इस प्रकार वास्तविक कार्यकारी शक्ति मंत्रिपरिषद में निहित है जिसका प्रमुख प्रधानमंत्री है। आज देश का लोकतंत्र का आधार संविधान ही है। सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कहा है कि संविधान के संशोधन में इसके मूल स्वरूप से कभी भी छेड़छाड़ नहीं किया जाए क्योंकि यह संविधान ही देश का प्राण है और इस संविधान में पूरी दुनिया के श्रेष्ठ लोकतांत्रिक देशों के नियम और कानून का समावेश किया गया है। संविधान को लेकर प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसार का कहना था कि यह संविधान बहुत अच्छा बना है लेकिन इन नियमों को क्रियान्वित कराने वाले अगर ईमानदार और मेहनती नहीं होगा तब इसका हाल वैसे मशीन का होगा जो मशीन तो बेहतरीन है लेकिन उसको चलाने वाले कारीगर की गलती से उसका दुरुपयोग होता है।

# सड़क सुरक्षा की बात

यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने, अनुशासित और मर्यादित ढंग से वाहन चलाने की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों को काफी कठोर बनाया गया। उनके उल्लंघन पर भारी जुमार्ने और दंड का प्रावधान किया गया। महानगरों में सड़कों पर कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई। मगर इन सबके बावजूद स्थिति यह है कि सड़कों पर मनमाने तरीके से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लग पाया है। शराब या दूसरे तरह के नशे करके वाहन चलाना, गति सीमा का ध्यान न रखना, लाल बत्तियों का उल्लंघन करना जैसे लोग शान की बात समझते हैं। यही वजह है कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों के मारे जाने की दर चिंताजनक है। जितने लोग कैंसर जैसे रोग से नहीं मरते, उससे अधिक सड़क हादसों की वजह से जान गंवा बैठते हैं। इसके अलावा हमारे यहां सड़कों की दशा भी किसी से छिपी नहीं है। विचित्र है कि हर राजनीतिक दल और सरकार का जोर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर होता है। उसमें सड़कों के विकास पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाता है। तेज रफ्तार से चलने लायक सड़कों का निर्माण न सिर्फ आम लोगों के सुचारु आवागमन के लिहाज से जरूरी माना जाता है, बल्कि औद्योगिक विकास में भी इससे मदद मिलती है। अनेक निजी और विदेशी कंपनियों को भी शामिल किया गया। उन्हें सड़कें बनाने, उनका रखरखाव करने और टोल के जरिए अपनी लागत वसूलने का अधिकार दिया गया। इससे देश में राष्ट्रीय मार्गों का तेजी से विकास भी हुआ। मगर स्थिति यह है कि राजमार्गों पर गड्ढों और पशुओं, पैदल चलने वालों की वजह से दुर्घटनाएं भी आए दिन होती रहती हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर देश में तमिलनाडु का प्रदर्शन सबसे बेहतर है जहां केन्द्र राज्य ने मिलकर दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी हुई है।

# आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार






- मनोज शर्मा

> प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग (काका कालेलकर की अध्यक्षता में) 1953 में गठित किया गया था। कालेलकर आयोग ने अपनी रिपोर्ट 1956 में प्रस्तुत की। आयोग ने अनुसूचित जनजातियों को भी अन्य पिछड़े वर्गों में शामिल करने की सिफारिश की थी। संविधान अनुसूचित जनजाति आदेश की संशोधन की प्रक्रिया के माध्यम से अनुसूचित जनजातियों की सूची में नये समुदायों के विशिष्टिकरण की मांग की।

**संविधान** का अनुच्छेद 46 प्रावधान करता है कि राज?य समाज के कमजोर वर्गों में शैक्षणिक और आर्थिक हितों विशेषतः अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का विशेष ध्यान रखेगा और उन्हें सामाजिक अन्याय एवं सभी प्रकार के शोषण से संरक्षित रखेगा। शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान अनुच्छेद 15(4) में किया गया है जबकि पदों एवं सेवाओं में आरक्षण का प्रावधान संविधान के अनुच?छेद 16(4), 16(4क) और 16(4ख) में किया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के हितों एवं अधिकारों को संरक्षण एवं उन्नत करने के लिए संविधान में कुछ अन्य प्रावधान भी समाविष?ट किए गए हैं जिससे कि वे राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ने में समर्थ हो सके।

अनुच्छेद 23 जो देह व्यापार, भिक्षावृत्ति और बलातश्रम को निषेध करता है, का अनुसूचित जनजातियों के लिए विशेष महत्व है। इस अनुच्छेद का अनुसरण करते हुए, संसद ने बंधुआ मजदूर प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 अधिनियमित किया। उसी प्रकार, अनुच्छेद 24 जो किसी फैक?ट्री या खान या अन्य किसी जोखिम वाले कार्य में 14 वर्ष से कम आयु वाले बच?चों के नियोजन को निषेध करता है, का भी अनुसूचित जनजातियों के लिए विशेष महत्व है क्योंकि इन कार्यों में संलग्न बाल मजदूरों का अत?यधिक भाग अनुसूचित जनजातियों का ही है। संविधान की 5वीं और 6वीं अनुसूचियों में उल्लिखित प्रावधानों के साथ पठित अन्य विशिष्ट सुरक्षण अनुच्छेद 244 में उपलब्ध हैं ।

अनुच्छेद 164(1) उपबंध करता है कि छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मध्य प्रदेश और उड़ीसा राज्यों में जनजातियों के कल्याण का भारसाधक एक मंत्री होगा जो साथ ही अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों के कल्याण का या किसी अन्य कार्य का भी भारसाधक हो सकेगा।

अनुच्छेद 243 घ पंचायतों में अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों के आरक्षण का उपबंध करता है। अनुच्छेद 330

लोक सभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों के आरक्षण का उपबंध करता है।

अनुच्छेद 332 विधान सभाओं में अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों के आरक्षण का उपबंध करता है।अनुच?छेद 334 प्रावधान करता है कि लोक सभा और राज्य विधानसभाओं (और लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में नामांकन द्वारा एंग्लो-इंडियन समुदायों का प्रतिनिधित्व) में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण जनवरी 2010 तक जारी रहेगा।

**राज्य विशेष प्रावधानअनुच्छेद 371क**

नागालैंड राज्य के संबंध में विशेष प्रावधान करता है।अनुच्छेद 371खअसम राज्य के संबंध में विशेष प्रावधान करता है।अनुच्छेद 371गमणिपुर राज्य के संबंध में विशेष प्रावधान करता है।अनुच्छेद 371चसिक्किम राज्य के संबंध में विशेष प्रावधान करता है।अनुसूचित जनजातियों को विनिर्दिष्ट करने वाले संवैधानिक आदेशों में संशोधनराज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम 37) द्वारा 1956 में राज्यों के पुनर्गठन के फलस्वरूप उपरोक्त 2 संवैधानिक आदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम 63) दिनांक 25 सितम?बर, 1956 की धारा 4 और 4के तहत संशोधित किए गए थे। राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 41 और बिहार एवं पश्चिम बंगाल (क्षेत्रों का हस्तान्तरण) अधिनियम, 1956 (1956 का 40) का अनुसरण करते हुए, राष्ट्रपति ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956 जारी किया। संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1950 को सूची संशोधन आदेश, 1956 की धारा 3(1) के तहत संशोधित किया गया जबकि संविधान अनुसूचित जनजातियां (भाग ग राज्य) आदेश, 1951 को सूची संशोधन आदेश, 1956 की धारा 3(2) के तहत संशोधित किया गया।

अन्य पिछड़ा वर्गों के विशिष्टिकरण के लिए विभिन्न वर्गों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग (काका कालेलकर की अध्यक्षता में) 1953 में गठित किया गया था। कालेलकर आयोग ने अपनी रिपोर्ट 1956 में प्रस्तुत की। आयोग ने अनुसूचित जनजातियों को भी अन्य पिछड़े वर्गों में शामिल करने की सिफारिश की थी। इसके अतिरिक्त संविधान अनुसूचित जनजाति आदेश की संशोधन की प्रक्रिया के माध्यम से अनुसूचित जनजातियों की सूची में नये समुदायों के विशिष्टिकरण की मांग की जांच के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (लोकुर समिति) की सूचियों के संशोधन पर एक सलाहकार समिति 1965 में बनायी गयी थी। उसके बाद संसद में प्रस्तुत संविधान आदेशों के संशोधन के लिए एक प्रारूप विधेयक अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक, 1967 (चंदा समिति) पर संसद की संयुक्त चयन समिति को भेजा गया था। एक अनुसूचित जनजाति के रूप में पहचान करने के लिए एक समुदाय हेतु निमलिखित आवश्यक विशेषताएं स्वीकार की गई -एकान्त और दुर्लभ पहुंच वाले क्षेत्रों में जीवन एवं आवास का आदिम स्वरूप,

**बड़े स्तर पर समुदाय के साथ सम्पर्क करने में संकोच**

अनुसूचित जनजातियों की सूची में प्रवेशन या निष्कासन के लिए संशोधित प्रक्रियाजून 1999 में अनुसूचित जनजातियों की सूची में प्रवेशन या निष्कासन पर दावों पर निर्णय करने के लिए निम्नलिखित औपचारिकताओं का उल्लेख किया गया है -केवल वे दावे जिन पर संबंधित राज्य सरकारें सहमत हैं, भारत के महापंजीयक और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग मामले पर विचार करते हैं।जब कभी राज्य/संघ शासित क्षेत्र की अनुसूचित जनजातियों की सूची में किसी समुदाय के प्रवेषण के लिए मंत्रालय में अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं तो मंत्रालय उन अभ्यावेदनों को संविधान के अनुच्छेद 342 के अन्तर्गत अपेक्षित सिफारिश के लिए संबंधित राज?य सरकार/ संघ शासित क्षेत्र प्रशासन को भेज देता है। (पत्रकारिता विभाग रांची विवि)

## खास बात

### संविधान सभा का निर्माण

**1946** में भारत को अपना संविधान बनाने का अवसर प्राप्त हुआ, उस समय के ब्रिटिश प्रधान मंत्री एटली द्वारा एक कैबिनेट मिशन भारत में भेजा गया जिसके सदस्य लार्ड पंथिक-लॉरेंस, सर स्टैफोर्ड क्रिपप्स, ए.वी एलेग्जेंडर थे और उसकी अध्यक्षता लार्ड लॉरेंस कर रहे थे।

संविधान सभा का निर्माण झ जुलाई 1946 में संविधान सभा का निर्माण हुआ और इसके शुरूवात में इसमें कुल 389 सदस्य थे जिसमे 292 ब्रिटिश प्रान्त से थे, 93 देसी रियासतों से थे और चार सदस्य चीफ कमिशनरी से थे और जिन क्षेत्रो से सदस्य आये थे उनमे प्रति 10 लाख लोगो में से 1 सदस्य चुना गया था।

ये सदस्य तीन सम्प्रदायें में बटे हुए थे मुस्लिम, सिख और सामान्य और भारत की दो प्रमुख पार्टियों से भी इस संविधान सभा में सदस्य आये थे और वो थी कांग्रेस और मुस्लिम लीग।

संविधान सभा के अध्यक्ष

1. 9 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक हुई और इस बैठक में डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा को अस्थायी अध्यक्ष के रूप में चुना गया।

2. मुस्लिम लीग के बैठक का बहिष्कार करने के कारण 11 दिसम्बर 1946 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद को स्थायी अध्यक्ष के रूप में चुना गया।

3. 13 दिसम्बर 1946 को श्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा एक उद्देश्य प्रस्ताव दिया जाता है की भारत का संविधान कैसा बनना चाहिए, और बाद में ये प्रस्ताव 22 जनवरी 1947 को पास हो जाता है।

यही प्रस्ताव सविधान की प्रस्तावना कहलाता है, और भारत का संविधान बनना शुरू हो जाता है।

संविधान निर्माण क्रम में समितियां

संविधान निर्माण में 13

समिति अध्यक्ष

सलाहकारी समिति बेनेगल नरसिम्हा राव

संचालन समिति डॉ. राजेंद्र प्रसादप्रान्त संचालन समिति

सरदार वल्लभ भाई पटेल

संघ समिति पंडित जवाहर लाल नेहरूप्रारूप समिति भीमराव अंबेडकरप्रारूप समिति में कुल 7 सदस्य थे और भीमराव अंबेडकर उनकी अध्यक्षता कर रहे थे।

# अहंकार से नाश

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**हम** विश्व गुरु ऐसे नहीं थे। हमारे पूर्वजों ने सांस को लेकर जो जिज्ञासा थी उससे जो ज्ञान का उदय हुआ उससे पूरे ब्रह्माण्ड की काल को समझा गया। मैं कौन हूं? मैं कहा से आया? मैं कहां जाऊंगा? मेरा शरीर का अंत होगा पर अमरत्व क्या है? जैसे सवालों को लेकर जिज्ञासा का स्थल भारत ही है। फिर सांस की क्रिया प्रकिया कुभंक रेचक करके समाधि की अवस्था प्राप्त की। मनुष्य संसार में अपनी इच्छा का दास है और इसी इच्छा से सब कुछ का निमार्ण होता है लेकिन इसी इच्छा के कारण अपने मूल कार्य को भूल जाता है। संसार की वस्तु अर्जित कर वह अहंकार में बुरी तरह फसकर छूछूंदर हो जाता है। जबकि अहंकार से हटकर वह सुंदर हो जाता है। हनुमान ने सब कुछ किया पर जब राम जी ने कहा कि तुमने लंका जीत लिया तब हनुमान ने कहा कि यह सब आपकी कृपा का प्रतिफल है। उसी प्रकार जब श्री राम लंका से जीतकर अयोध्या जा रहे थे तब उन्होंने कहा कि मुनि वशिष्ठ की कृपा से ही यह सब संभव हो सका। दूसरी ओर रावण कहता रहा कि सब कुछ मेरे से है मैं त्रिलोक के स्वामी को भी वश में कर सकता हूं। हनुमान और राम ने जो कुछ किया वह गुरु को समर्पित किया गुरु के आदेश से किया। लेकिन रावण कभी गुरु सत्ता को स्वीकार नहीं किया।

भारत कभी औद्यागिक देश नहीं रहा और विश्व का पर्यावरण यूरोप और पश्चिमी देशों के कारण बिगड़ा है। भारत कृषि प्रधान देश है। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)


साांभर,राजस्थान के शाकंभरी देवी मंदिर में माता के दिव्य दर्शन का सौभाग्य मिला।

शाकंभरी देवी पृथ्वी राज चौहान की कुल देवी हैं। माता से सम्पूर्ण विश्व के लिए आरोग्य, सुख, शांति, समृद्धि और सदभाव का आशीर्वाद मांगा।

**–महेश पोद्दार सांसद**

## रोचक ट्वीट

**देश** काल वस्तु पदार्थ और अभिरुचियां प्रत्येक युग में बदलती रहीं किन्तु अक्षर विचार शाश्वत है ! आद्य काल में ताड़ पत्रों पर सहेजे गए सद्ग्रन्थ नित्य प्रासंगिक हैं। नोटबुक अथवा डायरी में लिपिबद्ध आत्मीय अभिव्यक्तियां जीवन की अमूर्त धरोधर हैं। **- स्वामी अवधेशानंदगिरी**





पूज्य नाथ योगियों की पावन तपोस्थली जनपद कच्छ, गुजरात में राष्ट्रवाद की बयार चल रही है।

यहां की ऊर्जावान जनता गुजरात में पुनः प्रचंड बहुमत वाली डबल इंजन की भाजपा सरकार बनाने जा रही है।

**–आदित्यनाथ योगी**

# देश का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित विधान है

**नागेन्द्र सिंह**

**सबसे बड़ा लिखित संविधान**

**भारतीय** संविधान की विशेषता भारतीय संविधान दुनिया में जितने भी संविधान है उनमें सबसे बड़ा लिखित संविधान है।

जब संविधान सभा द्वारा संविधान निर्मित हुआ और 26 नवम्बर 1949 को ये संविधान अंगीकृत व आंशिक रूप से लागू करा गया और इसके 2 महीने बाद इसे पूर्ण रूप से लागू किया गया तब इसमें 395 अनुछेद, 8 अनुसूचियाँ और 22 भाग थे।

परन्तु इसमें कई बार संशोधन होने के कारण इसकी संख्या बढ़ती गयी और वर्तमान में इसमें 470 अनुछेद, 25 भाग और 12 अनुसूचियाँ हो चुकी है इन कारणों की वजह से ये सबसे बड़ा और लिखित संविधान है।

**निर्मित संविधान**

1946 में कैबिनेट मिशन भारत आने के बाद संविधान सभा का गठन हुआ और उसमे 389 सदस्यों का चयन हुआ जिसमें ब्रिटिश प्रान्त, देसी रियासतों और चीफ कमिशनरी से सदस्य चुने गए थे जिनकी संख्या आपको नीचे दिए हुए चित्र में बतायी गयी है।

**भारतीय संविधान की विशेषताएं**

और जो 4 सदस्य चीफ कमिशनरी से चुने गए थे वो चार चीफ कमिशनरी कुछ इस प्रकार है:कुर्ग (कर्णाटक)

बलूचिस्तानअजमेर, मेवाड़

दिल्ली

आन्तरिक एव बाह्य स्त्रोत

## सामयिक

भारतीय संविधान में बहुत सी अच्छी अच्छी चीजे दूसरे स्त्रोतों से ली गयी है और इनमें आन्तरिक एव बाह्य स्त्रोत दोनों सम्मलित है। जब ब्रिटिश शाशन भारत पर राज कर रहा था तब बहुत सारे अधिनियम पारित किये गए थे जिससे भारत की शाशन व्यवस्था को चलाया जाता था और इन्ही अधिनियमो से ली गयी चीजों को ही आंतरिक स्त्रोत कहा जाता है। मुख्यतः भारत अधिनियम 1935 से बहुत सारी चीजे भारत के संविधान में जोड़ी गयी है जैसे, न्यायपालिका के सम्बन्ध में और आपात के सम्बन्ध में, यही नहीं ये अधिनियम भारतीय संविधान का सबसे बड़ा स्त्रोत भी है इसी से सबसे ज्यादा चीजें भारत के संविधान में जोड़ी गयी है।

इन स्त्रोतों में बहुत सारे देशों से भारतीय संविधान में बहुत सारी अलग अलग चीजें जोड़ी गयी है, और इन स्त्रोतों की सूची कुछ इस प्रकार है:

भारत शासन अधिनियम 1935

ब्रिटेनसंयुक्त राज्य अमेरिका

कनाडा, आयरलैंड

दक्षिण अफ्रीका,फ्रांस

ऑस्ट्रेलिया,जर्मनी

जापान,रूस

**राज्यों का संघ**


भारतीय संविधान में इसका उल्लेख हमे अनुछेद संख्या 1 में मिलता है इसका तात्पर्य ये है कि भारत विभिन्न राज्यों का एक संघ है और भारत विभिन्न राज्यों में समझौते का परिणाम नहीं है और भारत से किसी भी राज्य को अलग नहीं किया जा सकता। भारत एक ऐसा अनश्वर संघ है जो कभी मिट नहीं सकता और इसकी किसी भी इकाई को भारत से अलग होने का अधिकार नहीं है।

**नम्यता और अनम्यता का मिश्रण**

इसका सरल भाषा में तात्पर्य ये है की भारत का संविधान लचीला और साथ ही साथ कठोर भी है। लचीला और कठोर को हम इस तरह से समझ सकते है जैसे कि संविधान के प्रावधानों को बदलने, जब किसी संविधान को बहुत ही आसानी से बदल दिया जाए उसे हम लचीला संविधान कह सकते है।

(लेखक दिशा संस्थान आजमगढ़ यूपी से जुड़ें हैं और संविधान विशेषज्ञ हैं। )

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**–राजेश जमशेदपुर**

### व्यर्थ का विरोध

**केन्द्र** सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली, जैसे बीमा, बैंकिंग, उर्वरक, रक्षा उपकरण, इस्पात, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है, जो जनहित में भी बहुत आवश्यक है। विरोध करने वालों से ये पूछा जाना चाहिए कि क्या वे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं भेजते हैं? यह देश को पीछे ले जाने का प्रपंच है।

**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण जानकारियां

**सत्यनारायण गुप्ता**

**जब** किसी संविधान को बदलना बहुत ही कठिन हो उसे हम कठोर संविधान कह सकते है, लेकिन भारत का संविधान लचीला और कठोर दोनों ही तरह का संविधान है, जैसे यदि संसद में किसी प्रावधान को बदलने के लिए 2/3 बहुमत मिल जाए तो वह प्रावधान बदला जा सकता है।

यह व्यवस्था संविधान के लचीलेपन को दशार्ता है लेकिन संसद में 2/3 बहुमत के साथ साथ कुछ प्रावधानों में आधे राज्यों की अनुमति भी चाहिए होती है, यह व्यवस्था इसके कठोर रूप को दशार्ता है।

अनुछेद 368 में संविधान संशोधन का उल्लेख किया गया है, जो कुछ इस प्रकार है:

1. इसमें संविधान संशोधन के तरीकों का उल्लेख किया गया है, इसमें उल्लेख है कि संविधान का संशोधन 2 तरीको से हो सकता है।

2. संविधान संशोधन की शक्ति सिर्फ संसद के पास है।

3. संविधान संशोधनों के विधेयकों ( बिल ) के ऊपर राष्ट्रपति अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल नहीं कर सकते, राष्ट्रपति को संविधान संशोधनों को स्वीकृति देनी ही होती है परन्तु ये मूल संविधान में लिखा हुआ नहीं था, 24वे संविधान संशोधन 1971 में ये प्रावधान जुड़ा था कि राष्ट्रपति को अनिवार्य रूप से संविधान संशोधनों के विधेयकों ( बिल )को स्वीकृति देनी होगी।

## विशेष

कुछ प्रावधानों को बदलने के लिए सिर्फ संसद के सामन्य बहुमत की ही जरूरत होती है जो संविधान के लचीलेपन को दशार्ता है, ये कुछ इस प्रकार है:

किसी भी बाहरी प्रदेश को भारत की राज्य सीमा में शामिल करना।

किसी नए राज्य का गठन करना।किसी राज्य की सीमा में परिवर्तन करना।

किसी राज्य के नाम में परिवर्तन करना।

किसी राज्य में विधान परिषद का गठन करना।

किसी राज्य में विधान परिषद को समाप्त करना।

किसी भी केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन में कोई बदलाव करना।

कुछ प्रावधानों को बदलने के लिए संसद के बहुमत के साथ साथ आधे राज्यों की जरुरत होती है, जो संविधान के कठोर रूप को दशार्ता है, ये कुछ इस प्रकार है:

भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में संशोधन करना।

भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचक विधि में संशोधन करना।

केंद्र और राज्य सरकार की कार्यपालिका शक्ति में संशोधन करना।सर्वोच्च और उच्च न्यायालय की शक्तियों, उनकी चयन प्रक्रिया, उनकी योग्यता, उनकी न्याय प्रक्रिया में संशोधन करना। भारतीय संविधान की 7वी अनुसूची जो केंद्र और राज्यों के विषयों का बटवारा करती है, उसमे संशोधन करना।

अनुछेद 368 का संशोधन करना।इन दोनों प्रकार के गुणो के वजह से भारतीय संविधान को नम्यता और अनम्यता का मिश्रण अथवा लचीला और कठोर कहा जाता है। एकल नागरिकता का प्रावधान भारत के संविधान में ब्रिटेन से लिया गया है।

इसका तात्पर्य यह है की भारत में रहने वाला हर व्यक्ति भारत का ही नागरिक होगा वह किसी राज्य का नागरिक नहीं होगा, जैसे अगर अमेरिका की बात करे तो वहां दोहरी नागरिकता है।परन्तु भारत में एकल नागरिकता का प्रावधान है और भारतीय संविधान के भाग 2 में इसका उल्लेख मिलता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के पांच छात्रों का सीबीएसइ इस्ट जोन राइफल शूटिंग के लिए हुआ चयन

# विद्यालय छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर है प्रयासरत:प्राचार्य



राइफल शूटिंग के लिए चयनित छात्रगण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही के चकुराटांड स्थित रॉयल ऑर्चिड इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययनरत पांच छात्रों का सीबीएसई ईस्ट जोन राइफल शूटिंग के लिए चयन किया गया।

रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल की टीम सफायर इंटरनेशनल स्कूल रांची रवाना हुआ। बताते चलें कि प्रखंड सीबीएसई ईस्ट जोन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के 5 खिलाड़ी महक पांडे, सुमिया परवीन, अभिनव कुमार, आयुष कुमार, भोला यादव सफायर इंटरनेशनल स्कूल रांची के लिए रवाना हुए।

टीम के साथ विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार भी रवाना हुए हैं। सीबीएसई द्वारा आयोजित ईस्ट जोन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता 26 से 28 नवंबर तक सफायर इंटरनेशनल स्कूल रांची में आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार एवं चेयरमैन ए.के. सिंह ने बताया कि पांचों खिलाड़ी राइफल शूटिंग में माहिर है। इन खिलाड़ियों से विद्यालय को काफी उम्मीद है कि वह अपने विद्यालय एवं बरही के लिए पदक जीतकर लौटे। छात्र-छात्राओं का बेहतर प्रशिक्षण के आधार पर विद्यालय के खेल शिक्षक प्रिंस कुमार मिश्रा ने इन खिलाड़ियों का चयन राइफल शूटिंग के लिए किया है।

प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल स्कूल के खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है। इस प्रतियोगिता में ईस्ट जोन से करीबन बचपन स्कूल के 400 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।

इस प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीतने पर सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा। विद्यालय में राइफल शूटिंग के लिए रेंज बनवाया गया है और विद्यार्थियों के लिए एनएक्स 200 का 3 राइफल भी खरीदा गया है ताकि विद्यालय के शूटर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय तक अपना प्रदर्शन कर सकें।

ज्ञात हो कि रॉयल ऑर्चिड इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी योगा, जूडो, खो खो में राज्य स्तरीय तक अपना और अपने विद्यालय का परचम लहरा चुके हैं।

# पटना रोड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले रैयतों ने किया प्रदर्शन

## भूअर्जन पदाधिकारी के खिलाफ जमकर की गई नारेबाजी




अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते रैयत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही के पटना रोड के रैयतों ने विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले पटना रोड में भूअर्जन पदाधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान रैयतों ने पैदल मार्च करते हुए बरही अंचल कार्यालय पहुंचकर संबंधित पदाधिकारियों के खिलाफ जम कर नारेबाजी किया। उन्होंने बताया कि पटना रोड में उजैना, कोनरा एवं पटना रोड की जमीन पूर्ण रूप से कॉमर्सियल जमीन है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान एनएच-31 रोड निर्माण के लिए हमलोगो का जमीन को टांड एवं कृषि भूमि के मूल्य पर भूअर्जन द्वारा भुगतान किया जा रहा है। साथ ही मापी से अधिक एरिया को तोड़ा जा रहा है जो पूर्ण रूप से गलत है। हमलोग इसका विरोध करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी एवं स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में जिला उपायुक्त से मुलाकात किया गया है।उन्होंने बताया कि मूल्य निर्धारण का समाधान नही होने तक घर, मकान, दुकान को ना तोड़ा जाए। यदि ऐसा किया गया तो आंदोलन जारी रहेगा।अहिंसापूर्ण आंदोलन के दौरान किसी रैयत के ऊपर झूठा मुकदमा प्रशासन की ओर से किया जायेगा तो हमसभी जेल जाने के लिए तैयार है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी, मुखिया सिकंदर राणा, मुखिया समशेर आलम, व्यवसायी मनोज केशरी, ईश्वर गुप्ता, अर्जुन साव, प्यारेलाल साव, अशोक केशरी, दीपक केशरी, विजय कुमार, गुलाब साव, संतोष कुमार साव, विजय केशरी, विजय प्रसाद, मो समसुदीन, लक्ष्म साव, गणेश साव, मुकेश साव आदि उपस्थित रहे।

# खरकी में 40 किलोग्राम का केन बम बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम खरकी में उग्रवादियों द्वारा पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से खरकी स्कूल के समीप झाड़ियों में छुपा कर रखा गया एक 40 किलोग्राम का केन बम बरामद किया गया है। बरामद केन बम को झारखंड जगुआर के बीडीएस की टीम द्वारा मौके पर आकर निष्क्रिय किया गया। साथ में उग्रवादियों द्वारा कुछ पोस्टर (26) भी रखा गया था जिसमे पुलिस दलाल तथा अधिकारियों को निशाना बनाने की बात लिखी गई है। भाकपा माओवादी ने मौके पर छोड़े गए पोस्टर में कहा है कि पुलिस की दलाली करना बंद करें, वही जंगल मैं जेसीबी चलाने व जंगल जमीन हथियाने वाले को भाकपा माओवादी द्वारा जन अदालत लगाकर सजा दिए जाने की बात कही है। वहीं मनरेगा योजना पर भी दलाली पर अंकुश लगाने की बात कही है, नहीं तो अधिकारियों को मौत की सजा देने की बात पोस्टर के तहत कहा गया है। पुलिस दलालों को चुन चुन कर मारने की भी बात छोड़े गए पोस्टर में पोस्टर के तहत कहीं गई है।

# दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन

## ग्रामीण प्रतिभाओं ने दिखाया जौहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** प्रखंड संसाधन केंद्र खपरियावां में आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का गुरूवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि खपरियावां पंचायत के मुखिया राजेश गुप्ता, बीईईओ डोमन मोची, बीपीओ पंकज गुप्ता, अजप्टा अध्यक्ष प्रवीण कुमार, अजप्टा प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उपस्थित थे। मंच संचालन सीआरपी अनुपमा रानी ने की। इस प्रतियोगिता में



पुरस्कृत होते विद्यालय के छात्र

बालक एवं बालिका छह से आठ और नौ से 12 वर्ग से विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई।

इसमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 100 .4 रिले दौड़, जैवलिन थ्रो, गोला फेक, फुटबॉल, कबड्डी, लॉन्ग जंप हाई जंप व वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इनमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम आने वाले बच्चों में जैवलिन थ्रो में दीपिका कुमारी मध्य विद्यालय सलगावा से बालिका वर्ग में एवं बालक वर्ग में मंटू कुमार, मध्य विद्यालय सलगावा से कबड्डी की टीम में मध्य विद्यालय खपरियावां की बालिकाएं प्रथम स्थान पर रहीं।

100 मीटर दौड़ में सानिया परवीन मध्य विद्यालय मसरातु से गोला फेंक में काजल कुमारी मध्य विद्यालय कूद से प्रथम स्थान पर रहीं। रिले दौड़ बालक में आरसी मिशन जमुआरी एवं रिले दौड़ बालिका वर्ग में आरसी मिशन जमुआरी का दबदबा रहा।मनीषा कुमारी ने हाई जंप में प्रथम स्थान पाया। सभी इवेंट्स में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों की सूची जिला को भेजी जाएगी। फिर जिला स्तर पर खेलो झारखंड 2022-23 का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से बीपीओ पंकज गुप्ता बीपीएम गौतम सेन, आरटी मनीषा कुमारी, एमआईएस आशीष कुमार एवं सुनील कुमार, सीआरपी भवानी प्रसाद, बीआरपी राजेश कुमार अग्रवाल एवं नाज परवीन सीआरपी अनुपमा रानी मुस्ताक आलम, बिंदु कुमारी, बसंती कुमारी, बबीता अग्रवाल, अंजू बाला गुप्ता, कुंज बिहारी, सरजू राम का नाम शामिल है।

आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से कटकमदाग के खेल प्रशिक्षक पवन कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# मुखिया व प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने किया पोशाक का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय श्रीनगर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष छोटी राम की अध्यक्षता विद्यालय परिसर में बैठक का आयोजन किया गया।में एक बैठक रखी गई। बैठक का संचालन प्रधानाचार्य अनूप प्रधान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप मे बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी उपस्थित हुए। क्लास वन और क्लास 2 के 19 बच्चों के बीच ड्रेस वितरण किया गया। ड्रेस का वितरण प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छोटी राम, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी के द्वारा किया गया। जिसमे शर्ट 2 पीस, हाफ पैंट 2 पीस, स्वेटर 1 पीस, जूता और मौजा 1 जोड़ा दिया गया।

बच्चे ड्रेस पाकर बहुत उत्साहित नजर आए। मौके पर बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छोटी राम, प्रधानाध्यापक अनूप प्रधान, सहायक शिक्षक सुनील कुमार यादव, धनेश्वर यादव समेत बच्चों के अभिभावक राजू ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, रमजान मियां, महेश रविदास, अजय रविदास, चमेली देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



बच्चों को पोशाक वितरण करते प्रधानाचार्य एवं मुखिया

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी



रैली में शामिल छात्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत कर्मटांड में स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में महाविद्यालय एनएसएस इकाई द्वारा आज मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया। रैली का मुख्य उद्देश्य गांव में लोगों को विशेषकर महिला एवं युवा लोगों को मतदान के प्रति जागरूकता लाना है। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद ने अपने संबोधन के द्वारा रवाना किया इसके पूर्व पदमा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने महाविद्यालय के छात्रों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इसके उद्देश्य लाभ एवं भारत सरकार के द्वारा जारी किए गए पोर्टल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी कि कैसे हम मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। सुधार सकते हैं। नजदीक के बूथ में अपना नाम डलवा सकते हैं। छात्रों ने इसमें विशेष उत्सुकता दिखाई महाविद्यालय की ओर से बीएड प्रशिक्षु प्रकाश पासवान एवं सोनी कुमारी को मतदाता राजदुत नियुक्त किया गया। अपने क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति जागरूकता लाने मे विशेष योगदान देंगे इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्य एवं समस्त अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कुएं से मिला छह वर्षीय बच्ची का शव

## परिजनों ने लगाया हत्या कर फेंक देने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार पंचायत के बरदाग गांव में बीती देर शाम को एक कुआं से छह वर्षीय बच्ची का शव बरामद हुआ है। बच्ची का शव की पहचान परी कुमारी पिता प्रकाश सिंह के रूप में की गई है। बच्ची की दादी शनिचरी देवी ने अपना फर्दबायन दर्ज कराते हुए बताया कि करियातपुर से बैंक ऑफ इंडिया से उनकी बहु पैसा निकालकर ला रही थी। जिसके बाद



मृतक बच्ची का तैल चित्र

किसी ने उसका पैसा छीन लिया। देर शाम तक वह घर लौटी। घर लौटने के बाद वह शौच के लिए गयी, जहां से बच्ची को कम्बल ओढ़ा हुआ एक व्यक्ति लेकर भागता दिखाई दिया। काफी हल्ला करने के बाद उनके घर वाले पहुंचे और बच्ची की खोजबीन करने लगे। काफी खोजबीन करने के बाद बच्ची का शव दो सौ मीटर दूर कुँवा से बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार, एसआई आदित्य कुमार, ओमप्रकाश कुमार घटना स्थल पर जाकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पष्ट हो जाएगा। घटना की जानकारी मिलते ही धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, प्रकाश साव, उपमुखिया दामोदर प्रसाद, बिनोद प्रसाद, नरेश प्रसाद, महेंद्र, अजित, जागेश्वर, अजय कुमार समेत अन्य लोग पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

# लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान में शामिल हुए लोग

**बड़कागांव।** पंचायत हरली के सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता मुखिया कविता देवी ने की , कई योजनाओं को चयनित किया गया। जिसमें सड़क, नाली, आवास के अलावा अन्य योजनाओं शामिल है। उसके बाद लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान चलाई गई। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, उप मुखिया सुनील कुमार ,वार्ड सदस्य रेखा कुमारी, लक्ष्मी देवी, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक शहीत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

# 90 गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में शनिवार को 90 गरीब-जरूरमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि पंचायत में गरीबों की संख्या बहुत अधिक है अभी सबों को कंबल नहीं मिल पाया है। बाकी बचे लोगों के बीच भी जल्द से जल्द शत प्रतिशत कंबल का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर हाल में सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को दिजाया जायेगा। मुखिया ने कहा कि किसी भी हाल में गरीबों को ठंड से ठिठुरने नहीं दिया जायेगा। मेरा उद्देश्य ही पंचायत का चहंमुखी विकास व ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया सत्यवंती देवी सहित वार्ड सदस्य शकुंतला देवी, विप्लव कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# आवास योजना के तहत तीन लाभुकों को कराया गया गृहप्रवेश



फीता काटकर लाभुक को गृह प्रवेश कराते पंचायत मुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार शुक्रवार को कुजू पश्चिमी पंचायत में आवास योजना के तहत तीन लाभुकों को गृहप्रवेश कराया गया। इस दौरान पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बूच बाबा ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर तीनों लाभुकों को गृह प्रवेश कराया। मौके पर मुखिया जय कुमार ओझा ने कहा कि वैसे गरीब परिवार जिन्हें घर नहीं है, ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके लिए सरकार द्वारा आवास का निर्माण कराकर गृह प्रवेश कराया जा रहा है।

आज तीन चयनित लाभूकों को आवास में गृह प्रवेश कराकर मुझे हार्दिक खुशी हो रही है। वहीं पंचायत सेवक राजकुमार साव ने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी बनती है। और हम लोग आज गृह प्रवेश करवा रहे हैं। वैसे लाभूक जिन्होंने अब तक आवास का निर्माण नहीं कराया है, वैसे लाभूक को समझा-बुझाकर जल्द से जल्द आवास निर्माण कराने का निर्देश भी दिया जा रहा है।

वहीं पंचायत समिति सदस्य संतोष कुमार मेहता ने कहा कि गृह प्रवेश कराकर हम लोगों को अपार खुशी मिल रही है। हम लोग चाहते हैं कि जो लाभूक अब तक आवास का निर्माण नहीं किए हैं वे लोग भी आवास का निर्माण जल्द कराएं। मौके पर कांग्रेस नेता धर्मराज राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेश केसरी, वार्ड सदस्य रघुनाथ मेहता, सोनू कुमारी मुंडा, मेघलाल रविदास, आशीष चौबे, नरेश करमाली, विनोद रविदास अरविंद रविदास सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# हर हाल में जरूरतमंदों को ठंड से बचाया जायेगा : अभय

## सीसीएल सौंदा पंचायत में दर्जनों गरीबों को मिला कंबल



कंबल का वितरण करते मुखिया अभय प्रताप सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल सौंदा पंचायत में बढ़ते ठंड को देखते हुए दर्जनों गरीब-असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया अभय कुमार सिंह व पंसस गुड़िया देवी द्वारा दर्जनों वृद्ध, विधवा और गरीब-असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया अभय कुमार ने पंचायत में गरीबों की संख्या बहुत अधिक है अभी सबों को कंबल नहीं मिल पाया है। बाकी बचे लोगों के बीच भी जल्द से जल्द कंबल का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर हाल में सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिलेगा। श्री सिंह ने कहा कि किसी भी हाल में गरीबों को ठंड से ठिठुरने नहीं दिया जायेगा। मौके पर विनोद मेहता, राजू बक्शी, बबलू, इजहार, शिबू शर्मा, राजकुमार पाठक, राकेश कुमार, अमितेश सहित दर्जनों लाभुक मौजूद थें।

# जर्जर पथ के मरम्मत कार्य का हुआ शिलान्यास



मौके पर उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही।** चुरचू प्रखण्ड के तहत बहेरा पंचायत मयूरनचवा कजरी में शुक्रवार को 23 पूल से लेकर कब्रिस्तान तक जर्जर पथ की मरम्मती कार्य का शिलान्यास भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने नारियल और पूजा-पाठ कर किया।विधायक ने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र में पूरा विकास होगा। कई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, चुरचू जिप सदस्य बासुदेव करमाली, चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, चरही पंचायत उप मुखिया अभिजीत सिंह,संजय उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि वीणा मिश्रा,गुलाम रब्बानी, संतोष राय, चरही पंसस आशा राय, बहेरा पंसस शक्ति देवी, रोशनी देवी, लालो मांझी, अमित राय, नन्दकिशोर, बिनोद कुमार केसरी, गिरजा शंकर, मंजू देवी, प्रमोद सिंह, बीम सेन टुडू, गिरजा शंकर, राजन महतो, नसीम अंसारी, गुलाम अंसारी, हदीश अंसारी, मोबाराक अंसारी, वसीम अंसारी, सोनू उर्फ आफताब, अब्दुल्लाह अली, प्रदीप लाकड़ा सहित कई ग्रामीण लोग शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज़

### प्रांतीय टोली ने स्कूलों का किया निरीक्षण



लोहरदगा। गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में विद्या विकास समिति की प्रांतीय टोली ने सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा ,शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर एवं मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय का शैक्षणिक एवं विद्यालय का निरीक्षण किया। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ,विद्या मंदिर गुमला के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ,सदस्य डॉक्टर कृष्ण कुमार सिंह ,गुमला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा , भरनो विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य देव कुमार सिंह ,सदस्य रंजना साहु, शिक्षक रविंद्र महापात्रा थे । तीनों विद्यालयों का निरीक्षण अध्ययनरत भैया - बहनों का विद्यालय प्रवेश, शून्य कालांश , वंदना से प्रारंभ होकर आचार्य -आचार्या द्वारा अध्यापित कक्षाओं , सामूहिक मध्यावकाश , अवकाश एवं कार्यालय का निरीक्षण हुआ। तत्पश्चात निरीक्षण टोली द्वारा विद्या भारती से संचालित विद्यालयों की अनुशासन ,संस्कार, विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं सुंदरता का सराहना की।

### प्रकृति का करें संरक्षण: विनोद उरांव

लोहरदगा ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमु में विज्ञान प्रदर्शनी लगा, जिसमें कक्षा तृतीय एवम चतुर्थ के विद्यार्थियों के द्वारा विज्ञान पर आधारित अलग अलग विषयों पर प्रोजेक्ट बनाया गया। जिसमें अनुष्का कुमारी (डे एन्ड नाईट प्रोजेक्ट), सोनाली उरांव (रेन वाटर हार्वेस्टिंग), कृति उरॉव ( वाइल्ड लाइफ सेंचुरी) ,अनीश उरांव( जल चक्र), आतिश उरांव ( एयर कूलर) रितिका उरॉव( ग्रीन इंडिया) ,सूरज सिंह ( सोलर एनर्जी ), सोनू कुमार ( जल चक्र), समीर उरांव ( सोलर एनर्जी एंड सेव वाटर ), ज्योतिष उरॉव (वेस्ट गार्बेज डिसपोजल), दीपिका उरॉव (ग्रीन पार्क) पर आधारित प्रोजेक्ट तैयार किया गया। जिसमे प्रथम स्थान कृति कुमारी, दूसरा अनुष्का कुमारी एवम तृतीय स्थान रितिका उरॉव को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिनोद उरॉव ने कहा कि शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन अंधकार से भरा हुआ है। वर्तमान समय में तकनीकी और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर एक बेहतर जीवन यापन किया जा सकता है। मौके पर उप प्रधानाचार्य सुमन गुप्ता, पेशरार जिला परिषद सदस्य बिना देवी बबलू भगत, लखन वर्मा, जयप्रकाश साहू, सागर वर्मा आदि मौजूद थे।

### उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

लोहरदगा। सदर प्रखड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, रामजीवन नायक की अध्यक्षता में समावेशी शिक्षा अंतर्गत इनभाईरोनमेंटल बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत प्रखंडाधीन सभी विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, अभिभावकों और चिन्हित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के माता-पिता का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बीआरसी, लोहरदगा में किया गया।उक्त कार्यशाला में तकनीकी सहायक धीरज पटेल द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हमारे विशेष बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ कर अपने सपनों को उड़ान दे सके। जिसमें इन सबों की भागीदारी आवश्यक है। रिसोर्स शिक्षिका शीलवंती मिंज ने भी सभी उपस्थित माता पिता, अभिभावकों को स्काउट भता, दिव्यांग बच्चों के विशेष देखभाल आदि की जानकारी दी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, रामजीवन नायक ने कहा कि दिव्यांग बच्चे विशेष बच्चे हैं जो हम सभी के अभिन्न अंग है। इन्हें भी सामान्य बच्चों की भांति सभी अधिकारी दिया गया है।

### आज मनेगा संविधान दिवस

भंडरा । नेहरू युवा केन्द्र लोहरदगा एवं युवा ग्रामीण विकास समिति भैसमुन्दो के तत्वावधान में 26 नवम्बर को संविधान दिवस पंचायत भवन भंडरा में पूर्वाहन 11:00 बजे से मनाया जाएगा।कार्यक्रम में युवा मंडल के अध्यक्ष सचिव सहित अन्य कार्यकर्ता भाग लेंगे ,कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रखंड के जन प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। इस मौके पर जिले के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के द्वारा युवाओं को संविधान के बारे में एवं नागरिकों के कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### कैरो में 40 किसानों ने दिया आवेदन

कैरो। अंचल कार्यालय द्वारा शुक्रवार को हनहट पंचायत में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना आवेदन को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 40 किसानों ने आवेदन जमा कराया। हालांकि किसान और सीएससी केंद्र संचालकों के बीच इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि जो किसान फसल राहत योजना में पहले ही पंजीकृत किसान हैं उनको भी मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में भरना है अथवा नहीं। मामले को लेकर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुनील कुंवर का कहना है कि हालांकि दोनों अलग योजना है किंतु किसान तो वहीं हैं ऐसे में एकाद दिन में पूरी जानकारी मिल जाएगी तबतक आवेदन लेते रहना है।

### फसल राहत योजना को लगा शिविर

भंडरा । प्रखंड की भिठा पंचायत के पंचायत भवन में मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के तहत शुक्रवार को शिविर लगाया गया। इसमें लगभग 120 ग्रामीणों ने ऑनलाइन आवेदन के लिए जमीन संबंधित दस्तावेज जमा किए। 100 कृषकों की आनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से एंट्री हो चुकी थी। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि कृषकों को सरकार की इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। वह अधिक से अधिक संख्या में पंचायत भवनों में लगने वाले शिविरों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मौके पर मुखिया टेले उरांव, रजस्व कर्मचारी प्रदीप कुजूर , जनसेवक , पंचायत सचिव जितबाहन भगत थे।

### विधायक के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर

भंडरा । प्रखंड क्षेत्र के भंडरा गांव में स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंत्री सह स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव की पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इससे पूर्व दिनों पहले ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण स्वास्थ्य केंद्र बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। इस वजह से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी।

# कस्तूरबा विद्यालय घाघरा का डीसी ने किया निरीक्षण

**कैंपस में घास देखकर वार्डेन पर भड़के, दिया सफाई का निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता



**घाघरा (गुमला)।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय भवन के अलावे पूरे परिसर का घूम घूम कर जांच की। कनीय अभियंताओं को कई कार्यो के लिए एस्टीमेंट बनाने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में बच्चों के खेलने के मैदान को बेहतर तरीके से बनाने का निर्देश दिया। खाना खाने की जगह को और बेहतर तरीके से विकसित करने की बात कही। रसोई व रसोई में काम आने वाले मशीन का एस्टीमेट बनाने का निर्देश कनीय अभियंताओं को दिया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गेट को मजबूती के साथ बनाने पुराने बिल्डिंग को मरम्मत करने साथ ही बाउंड्री से सटे सभी झाड़ियों को काटकर हटाने का निर्देश दिया है। वही परिसर में उगे घास व झाड़ी को देखकर उपायुक्त ने जमकर फटकार विद्यालय के वार्डेन व शिक्षिकाओं को लगाया और जल्द से जल्द पूरे परिसर में उगे झाड़ी को काटकर हटाने का निर्देश दिया है। शिक्षकों को फटकार लगाते हुए उपायुक्त ने कहा खुद का ख्याल जैसे रखते हैं वैसे बच्चों का भी ख्याल रखें। विद्यालय में बच्चे आप लोगों के जिम्मेवारी पर रहते हैं। इस दौरान कई दिशा निर्देश कनीय अभियंताओं के अलावे संबंधित कर्मियों को देते हुए विद्यालय के आधारभूत संरचनाओं को बेहतर करने का निर्देश दिया। कनीय अभियंताओं को कहा टेंडर देने के बाद गुमला में सोना नहीं है उसका अवलोकन भी करना है और काम बेहतरीन तरीके से हो किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा विद्यालय में आधारभूत संरचना को कैसे और बेहतर किया जा सके जिसके निमित्त विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। बहुत जल्द विद्यालय में काम होना शुरू होगा और शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों को मिलेगा ।

## उपायुक्त ने कैदियों को महापुरुषों की किताबें पढ़ने को किया प्रेरित

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुक्रवार को गुमला कारागृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागृह की सभी जरूरतों को देखते हुए उचित निर्माण कार्य तथा अन्य आवश्यकताओं को मुहैया करवाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कारा अंतर्गत कैदियों से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कैदियों को ग्रुप बनाते हुए देश के महापुरुषों की जीवनी पर आधारित किताबों को पढ़ने हेतु प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि सभी कैदी आपस में ग्रुप बना कर उन किताबो पर चर्चा करेंगे एवं तिथि निर्धारित करते हुए उन किताबों के ऊपर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। जिन कैदियों द्वारा बेहतरीन भाषण दिया जाएगा उन्हे उपायुक्त के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी कैदियों को उनके आने वाले भविष्य में बेहतर इंसान बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी को खाली समय का सदुपयोग करते हुए अपना कौशल विकास करने को कहा। कारा गृह के अंदर बनाए जाने वाले पेपर कवर, फाइल, एन्बोलॉप को अब जिला प्रशासन के सभी कार्यालयों के लिए खरीदा जाएगा।


# गुमला में प्रेमी ने प्रेमिका पर किया हमला, जख्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** प्रेम प्रसंग में प्रेमी ने प्रेमिका पर शुक्रवार को हसुली से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में प्रेमिका बुरी तरह जख्मी हो गई। वहीं बीच बचाव कर रहे प्रेमिका की मां व बहन भी प्रेमी के हमले में घायल हो गया। घटना रायडीह थाना क्षेत्र के नवागढ़ पतराटोली की है।

मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ पतराटोली निवासी मरियानुस कुजूर की 18 वर्षीय पुत्री का प्रेम प्रसंग डोभडोभी गांव निवासी बिनोद खेस के 21 वर्षीय पुत्र जोनसन खेस से चला रहा था। इस दौरान दोनों के बीच एक साल से बातचीत बंद था। शुक्रवार को रोशनी कुजूर अपनी मां दोमनिका कुजूर व बहन रोजीमाला कुजूर के साथ खेत में धान काट रही थी। इसी दौरान रोशनी कुजूर का प्रेमी जोनसन कुजूर खेत पहुंचा और युवती से कहा कि तुम मुझसे बातचीत क्यों बंद कर दी है। इतने कहने के बाद धान काट रहे हसुआ छीनते हुए उसपर जानलेवा हमला कर दिया। युवक ने युवती के गर्दन, पेट, सर आदि पर कई वार किये। जिसे युवती बुरी तरह घायल हो गई। वहीं रोशनी पर हमला होते देख बीच बचाव कर रही मां देमनिका बेक व बहन रोजीमाला कुजूर पर भी युवक ने हसुली से हमला कर दिया। जिसे युवती की मां व बहन के हाथ पर चोट लगी। इधर घटना के बाद युवक फरार हो गया। वहीं जानलेवा हमले में घायल रोशनी को तत्काल इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर घटना के बाद परिजनों ने रायडीह थाना में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस युवक की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रही है।

**बीच बचाव कर रही युवती की मां और बहन भी घायल**



घायल युवती और मां।

# प्रेम प्रसंग में युवती की हुई थी हत्या, प्रेमी अरेस्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खखपरता इलाके में 22 नवंबर को मिले अज्ञात युवती का शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेस में एसपी आर रामकुमार हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि इस घटना के बाद एक स्पेशल टीम का गठन एसडीपीओ बीएन सिंह के नेतृत्व में किया गया था। जांच के क्रम में लड़की के परिजनों ने अज्ञात युवती की शव की पहचान मनीषा बाड़ा के रूप में की थी साथ ही उसके प्रेमी दीपनारायण सिंह उर्फ चरकू रामपुर निवासी पर शक जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को लोहरदगा के रामपुर से गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसमे युवक द्वारा हत्या तथा पहचान छुपाने के लिए युवती के चेहरे को जलाने की बात स्वीकार की गई।उसने बताया कि दोनों में 3 वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रही थी, प्रेम प्रसंग में युवक ने हत्या की। गिरफ्तार युवक के पास से मृतक युवती मनीषा बाड़ा का शैक्षणिक प्रमाण पत्र मिले। पुलिस ने बताया कि मृतक युवती मनीषा बड़ागुमला जिले के विशुनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। जो वर्तमान में रांची के टाइगर हिल बनिया टोली में रहकर पढ़ाई कर रही थी। वही हत्यारा प्रेमी की पहचान लोहरदगा जिले के रामपुर निवासी दीपनारायण सिंह के रूप में हुई। युवक का पहले भी अपराधिक इतिहास रहा है लोहरदगा थाना में आर्म्स एक्ट सहित दो मामले पहले से ही दर्ज है।



# पत्नी को छोड़कर भागा पति

**कांग्रेस नेता मुख्तार आलम ने कहा कि सुमन देवी को हर संभव दिलाया जायेगा न्याय**



गुमला। पूरे रीति रिवाज के साथ शादी के सात फेरे लेने वाले पति ने पत्नी को छोड़कर फरार हो गया है। मामला गुमला थाना क्षेत्र के ढोढ़री टोली की है। जहां ढोढ़री नदी टोली की सुमन कुमारी का विवाह ढोढ़री टोली के ही मुकेश पासवान के साथ हुआ था। शादी का कुछ दिन अच्छा से गुजरा। जिसके बाद ससुराल पक्ष के लोग सुमन के साथ मारपीट करने लगे। जिसको लेकर समुन ने महिला थाना गुमला में दो बार शिकायत भी किया।

थाना में एक दूसरे को समझाकर मामला खत्म किया गया लेकिन कुछ दिनों बाद सुमन का पिता मुकेश उसे छोड़कर भाग गया। लड़की के माता-पिता भी नहीं है। दो छोटे भाई हैं जो किसी तरह अपना गुजारा करते हैं। ऐसी परिस्थिति में सुमन के साथ जीवन यापन की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में सुमन ने असंगठित कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य के समक्ष अपनी समस्या रखी। मुख्तार आलम ने बताया कि दोनों युवक-युवती एक दूसरे को पसंद करते थे और घरवाले के रजामंदी से समाज के समक्ष शादी किये थे। परंतु शादी के कुछ माह गुजर जाने के बाद सुमन देवी के ससुराल वाले लोग और उनके पति लगातार सुमन देवी के ऊपर अत्याचार करने लगे, खाना-पीना देना भी बंद कर दिए थे और हमेशा मार पीट भी किया करते थे। कुछ दिन के बाद ससुराल वाले लोग ने मिलकर घर से निकाल भी दिया। अभी वह दूसरे के घर में झाडू पोछा करके अपनी जीविका चलाती है। सुमन देवी न्याय के लिए भटक रही है। पिछले कई महीनो से गुमला जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगा चुकी है। उन्होंने लिखित रूप से पुलिस अधीक्षक एवं महिला थाना को आवेदन दिया है। परंतु किसी ने भी मदद नहीं किया है। मुख्तार ने कहा कि इस संबंध में जिला प्रशासन वे मिलेंगे और जल्द से जल्द सुमन देवी को न्याय दिलाई जाएगी। गुमला प्रशासन द्वारा न्याय नहीं मिलने पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को इस मामले से अवगत कराकर न्याय दिलाया जाएगा। इस अवसर पर पप्पू अनवर, विमला कुमारी, जोसेप खाखा, अनायात आलम, बसंती देवी आदि उपस्थित थे।

## टीबी उन्मूलन को लेकर कर्मियों को दी गई ट्रेनिंग



**गुमला।** गुमला जिला से टीबी को जड़ से समाप्त करने की दिशा में जिला यक्ष्मा विभाग ने कमर कस लिया है। केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2025 तक पूरे देश से टीबी का संपूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए अस्पताल प्रबंधन के द्वारा एक दिवसीय जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सदर अस्पताल के सभागार में किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चयनित कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़े गुमला-रांची से कई अधिकारियों ने इसपर गहनता से चर्चा की। जिसमें बताया गया कि भारत सरकार के द्वारा गुमला के 10 गांव का चयन किया है। प्रत्येक गांव से 2 वोलेंटियर्स का भी चयन होना है जो घर-घर जाकर रिपोर्ट संग्रह करेंगे। इसके लिए उन्हें एक मोबाइल एप दिया गया, जिसमें सारी सूचनाओं को सरकार तक इक्ट्ठा कर पहुंचाया जाएगा। इसके बाद एक टीम वहाँ जाकर मामले की फिर से जांच करेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल सर्जन राजू कच्छप, अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर अनूपम किशोर, यक्ष्मा विभाग के मुकेश सिंह, उदय ओहदार, सुधांशु मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की पूनम ने जीता रजत

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा पूनम कुमारी ने विद्या भारती के अखिल भारतीय खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। पूनम ने 3000 मीटर तेज चाल में रजत पदक जीता' विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान का 33 वा राष्ट्रीय खेलकूद समारोह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय खेल स्टेडियम में 19 से 23 नवंबर तक संपन्न हुआ। इसमें महाविद्यालय से 2 सदस्य टीम प्रांत और क्षेत्र स्तर की प्रतियोगिता में जीत कर पहुंची थी। कक्षा 11वीं के छात्र सुजल बाखला का चयन ऊंची कूद के लिए हुआ था।देशभर से इस राष्ट्रीय खेलकूद समारोह में लगभग 800 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।जिसमें पूनम ने रजत पदक प्राप्त करने में सफलता पाई।



**33वें राष्ट्रीय खेलकूद: 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीत कर बढ़ाया जिले का मान**

पूनम की सफलता पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र सचिव नकुल कुमार शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नारसरिया, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, खेलकूद के क्षेत्रीय सह प्रमुख सुरेश मंडल, गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्या भारती विद्यालयों के नगर क्षेत्र के विद्यालयों की प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कृष्णा प्रसाद, डॉ शशि गुप्ता, अश्वनी कुमार, जीतराम बड़ाईक, शोभा देवी, प्रदीप कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, महाविद्यालय की खेल प्रमुख यशोदा कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, आरती भगत, रश्मि साहू, रिद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, जोधन सिंह, स्नेहा शर्मा आदि ने बधाई दी है।

## एक नजर में

### वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



सिसई। सिसई थाना क्षेत्र के कुचई टोली निवासी लाला वारंटी छेदी उराँव उर्फ लम्बू को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी के उपर सिसई थाना मे शांति भंग करने, डकैती की योजना बनाने, डकैती कांड को अंजाम देने, आर्म्स एक्ट व अपराधिक संगठन से संबंध रखने का मामला दर्ज है। अभियुक्त 2012 से फरार चल रहा था।

### प्रेम प्रसंग में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

सिसई। सिसई पुलिस ने प्रेम प्रसंग मामले में फरार चल रहे जारी थाना क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय अवधेश लोहरा को जारी से गिरफ्तार कर शुक्रवार को गुमला जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अवधेश का प्रेम प्रसंग सिसई थाना क्षेत्र के नगर निवासी एक नबालिग युवति से चल रहा था। जिसके बाद लड़की को लेकर प्रेमी फरार हो गया था। इस संबंध में युवती की मां ने अवधेश लोहरा के उपर सिसई थाना में 21 नवम्बर को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद सिसई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार दिन के अंदर युवक को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। वहीं लड़की को उसके परिजन को सौंप दिया गया।

### बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान

**सिसई।** बिजली विभाग के निर्देशानुसार पुसो थाना प्रभारी के नेतृत्व में सिसई प्रखंड के लरंगो पंचायत के लोहन्जारा और लरंगो गांव में सड़क किनारे दुकान चलाने वाला दुकानदारो के यहां छापामारी अभियान चलाया गया। जहां दुकान में अवैध रूप से बिजली जला रहे पांच दुकानदारो के खिलाफ पुसो थाना ने प्राथमिकि दर्ज किया है। जिसमें लोहन्जारा के असलम अंसारी, सोऐब अंसारी, मोजमील अंसारी व लरंगो के सैनूल अंसारी सहित एक अन्य व्यक्ति शामिल है।

### चैनपुर में आजीविका न्याय सलाह केंद्र खुला



चैनपुर। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव गिरिराज सिंह के द्वारा पूरे देश में 160 संकुल संगठन केंद्रों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत आजीविका न्याय सलाह केंद्र का उदघाटन किया गया। जिसके तहत शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड में भी आजीविका न्याय सलाह केंद्र का विधिवत उदघाटन किया गया। केंद्र के सखी मंडल की सखियों को संबोधित करते हुए सचिव ने कहा कि आजीविका न्याय सलाह केंद्र का उदघाटन का मुख्य उद्देश महिलाओं के ऊपर होने वाले विभिन्न प्रकार के अत्याचार को जड़ से उखाड़ फेंकना। सखी मंडल की महिलाओं को कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। सचिव ने कहा कि महिलाएं अत्याचार सहे नहीं अत्याचार करने वालों को दंड दिलाए और उसका मुकाबला करें इसीलिए यह केंद्र पूरे देश में बनाया गया है। आप लोग इसके महत्व को जाने और किसी प्रकार की हिंसा होने पर वहां जाकर केस दर्ज कराएं। कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह, डीपीएम सुजीत वारी, बीपीएम अल्पना खलखो, वीआरपी बेला माधुरी तिर्की, नीलम संगीता कुजुर, नीलिमा खलखो सहित क्लस्टर के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सनई टांगर में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर



**घाघरा।** चपका गांव सनई टंगरा के समीप 63 केवी के नसे ट्रांसफार्मर का उदघाटन शुक्रवार को पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी, पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी व भाजपा नेता अशोक उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस क्रम में जिप सदस्य सतवंती देवी ने कहा कि दो महीने से चपका सनई टांगर का ट्रांसफार्मर जला पड़ा था। जिससे 40 घर के लोग अंधेरे में थे। इसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा दी गई। जिसके बाद नये ट्रांसफार्मर लगवाया गया ताकि बच्चों का पठन-पाठन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं लोगों को बिजली से मिले। इस मौके पर अनिल साहू, नरेंद्र साहू, मनोज साहू, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### डुमरी प्रखंड परिसर में लगा रोजगार मेला

डुमरी। श्रम नियोजन व कौशल विकास विभाग के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय डुमरी परिसर में शुक्रवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अंचलाअधिकारी शिवपूजन तिवारी शामिल हुए। रोजगार मेला में 65 युवक-युवतियों ने आवेदन किया। कार्यक्रम में रोजगार से जोड़ने की योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया गया। योजना के अंतर्गत सबसे पहले लोगो को प्रशिक्षण दिया जाना है। उसके बाद इन्हें रोजगार से जोड़ने की योजना है। जिसमें नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। लंबे समय के बाद इलाके में हो रहे इस मेले से लोगों में काफी उत्साह नजर आई। जानकारी संस्थान के दीपक कुमार रजक ने दी। मौके पर पंचायत के मुखिया,सहिया सहित काफी लोग शामिल हुए।

### चोरों ने पिकअप की चोरी की, थाने में शिकायत

घाघरा। घाघरा प्रखंड के नेतरहाट रोड से अज्ञात चोरों ने मालवाहक पिकअप की चोरी बीते रात कर ली। जानकारी के अनुसार वाहन मालिक संजय साहू ने बताया कि उसका मालवाहक पिकअप संख्या जेएच 01 डीबी 5722 प्रत्येक दिन की भांति गुरुवार को भी दिन भर काम करने के उपरांत शाम में ड्राइवर के द्वारा घर के पास खड़ा किया गया था। सुबह देखा गया तो उक्त जगह पर मालवाहक पिकअप नहीं था। जिसके बाद इधर-उधर पता किया गया जिसके बावजूद भी कुछ पता नहीं चला। अंत में घाघरा थाना में शिकायत किया गया। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने बताया कि सूचना मिली है कि बीते रात मालवाहक पिकअप की चोरी हुई है। जांच किया जा रहा है।

### मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं : सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** हिंडालको अनलोडिंग स्टेशन में शुक्रवार को ट्रक लोडर मजदूर संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि मजदूर हित उनके लिए सर्वोपरि है और मजदूरों पर किसी भी तरह का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंडालको कंपनी प्रदूषण को लेकर अनलोडिंग स्टेशन में ट्रकों का परिचालन बंद करने जा रही है। जिसके कारण सैकड़ों मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे। श्री भगत ने हिंडालको कंपनी से पूछा कि मजदूरों के पसीने से पर्यावरण प्रदूषण होता है और रोपवे के माध्यम से बॉक्साइट यहां जो डंपिंग किया जाता है उससे प्रदूषण नहीं होता है यह कैसा विडंबना है। श्री भगत ने कहा कि पीठ में लात मारोगे तो बर्दाश्त कर लिया जाएगा, लेकिन पेट में लात मारोगे तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री भगत ने हिंडालको कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि कंपनी कहीं भी अपने व्यापार को बढ़ाएं उससे हम लोगो को कोई लेना देना नहीं है लेकिन अगर यहां मजदूरों का रोजगार छिना जाता है तो अनलोडिंग स्टेशन में स्थित रोपवे को भी बंद कर दिया जाएगा क्योंकि रोपवे से ही सबसे ज्यादा प्रदूषण होता है। श्री भगत ने कहा कि ना तो पर्यावरण विभाग और ना ही लोहरदगा नगर परिषद ने हिंडालको कंपनी से प्रदूषण को लेकर अनलोडिंग स्टेशन में ट्रकों का परिचालन बंद करने को कहा है बावजूद कंपनी यहां ट्रकों का परिचालन बंद कर रही है तो उसे हर हाल में रोपवे को भी बंद करना होगा। किसी भी कीमत में यहां रोपवे चलने नहीं दिया जाएगा।

स्पीड न्यूज

# राज्य सरकार के कार्यकाल में आदिवासियों पर अत्याचार चरम पर : रघुवर दास

- झारखंड सरकार के खिलाफ भाजपाइयों का जनाक्रोश मार्च
- हेमंत सरकार सिर्फ अपना चेहरा चमकाने में लगी है, विदाई तय : जयंत सिन्हा
- धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण में हेमंत सरकार ने अटकाए रोड़े : सांसद विद्युतवरण महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हेमंत सरकार की कथित वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, अराजकता, तुष्टिकरण, महिला उत्पीड़न, ध्वस्त विधि और स्वास्थ्य व्यवस्था, और खनिज संपदाओं की खुली लूट जैसे मुद्दे को लेकर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में 'हेमंत हटाओ-झारखंड बचाओ' अभियान के तहत हजारों कार्यकर्ताओं व आमजनों ने सड़क पर उतरकर हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जनाक्रोश प्रदर्शन में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, हजारीबाग के सांसद सह पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत सिन्हा, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू शामिल हुए और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

नेताजी सुभाष मैदान, आम बागान से जुलूस की शक्ल में निकले हजारों कार्यकर्ता व आमजनः साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान, आम बागान से हजारों कार्यकताओं व आमजनों ने ढोल-नगाड़े, हाथों में पोस्टर, तख्ती एवं हेमंत हटाओ-झारखंड बचाओ के नारों वाली बंडी लेकर पैदल मार्च करते हुए उपायुक्त कार्यालय कूच किया। पैदल मार्च में पारंपरिक परिधान में जनजातीय समाज के दर्जनों युवक -युवतियां शामिल हुई। जनाक्रोश मार्च नेताजी सुभाष मैदान, आम बागान निकलकर से मस्जिद रोड होते हुए साकची मुख्य गोलचक्कर के रास्ते, बंगाल क्लब होते हुए जुबिली पार्क गोलचक्कर से उपायुक्त कार्यालय पहुँची। जब जनाक्रोश मार्च साकची मुख्य गोलचक्कर पहुंचा तब पूरा क्षेत्र धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे के जयघोष से गुंजायमान रहा। जनाक्रोश मार्च में शामिल सभी कार्यकर्ता धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर आगे बढ़े। उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचकर जनाक्रोश मार्च सभा में तब्दील हो गयी।



डीसी ऑफिस महाघेराव को संबोधित करते पूर्व सीएम रघुवर दास। मंच पर बैठी पूर्व सांसद आभा महतो, सांसद जयंत सिन्हा, सांसद विद्युतवरण महतो व अन्य।

जनाक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में सरेआम लूट, हत्या व दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। पिछले तीन वर्ष के शासन में हेमंत सरकार ने राज्य का विनाश कर दिया है। आदिवासी मूलवासी की बात करने वाली हेमंत सरकार में सबसे अधिक अत्याचार आदिवासी समाज पर हुआ है। आदिवासियों के नाम पर राजनीति करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शासन में चाईबासा और गुमला में आदिवासियों का नरसंहार हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में संथाल हूल के महानायक सिद्धो-कान्हू के छठे वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या का मामला हो या साहेबगंज की ईमानदार पुलिस पदाधिकारी रूपा तिर्की की संदेहास्पद मौत। ऐसे अनेकों मामले ने हेमंत सोरेन सरकार के आदिवासी हितैषी होने की वास्तिवकता उजागर की है।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार गठन के बाद हेमंत सोरेन के गलत नीति और अकर्मण्यता से जमशेदपुर ही नही बल्कि राज्य के सवा तीन करोड जनता आक्रोशित हैं। पिछले तीन वर्ष के शासन में राज्य का युवा, महिला, किसान, उधोगपति, मजदूर सभी त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और प्रदेश में एक परिवार का शासन है। आज सरकार में गरीब जनता की आवाज सुनने वाला कोई नही है। श्री दास ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने चुनावी वादों में युवा, महिला, किसान, विधवा माताओं एवं बहनों, दिव्यांगजनों, पारा शिक्षक से कई वादे किए।

## आज एकजुटता दिखायेंगी सीटू यूनियनें

**जमशेदपुर।** दो साल पहले 2020 में संविधान दिवस यानी 26 नवंबर को, संयुक्त किसान मोर्चा ने अपनी मांगों पर दिल्ली के चारों ओर ऐतिहासिक अनिश्चितकालीन धरना का कार्यक्रम शुरू किया था। इसके कारण केंद्र सरकार को आखिरकार 19 नवंबर 2021 को तीन कृषि कानून वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा था। लेकिन आज भी, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) की वैधानिक प्रावधान, ऋण माफी तथा बिजली संशोधन अधिनियम 2020, चार श्रम संहिता, वन (संरक्षण) अधिनियम में जनविरोधी संशोधन को रद्द करना, जैसे अन्य लंबित मांगों को पूरा करने में केंद्र सरकार उदासीन रवैया अपना रहे हैं। इसके विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर देशव्यापी कार्यक्रम के तहत 26 नवंबर 2022 को 19 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा रांची स्थित राजभवन के सामने प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। 26 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्चाके देशव्यापी विरोध कार्यक्रम के समर्थन में, सीटू का अखिल भारतीय एकजुटता कार्यक्रम के तहत कोल्हान स्थित सीटू से संबद्ध यूनियनों द्वारा कार्यस्थल स्तर पर एकजुटता प्रदर्शन कार्यक्रमों के अलावा, केंद्रीय कार्यक्रम 26 नवंबर को शाम 5:00 बजे बिरसा चौक, साकची में नुक्कड़ सभा के माध्यम एकजुटता प्रदर्शन किया जायेगा।

## कान्वाई नेता ज्ञान सागर को मातृ शोक



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स के कान्वाई चालकों के नेता ज्ञानसागर प्रसाद की माता राधिका देवी (90) का निधन उनके शमशेर टावर स्थित आवास पर हो गया। माताजी ने सुबह नौ बजे अपने परिजनों की उपस्थिति में अंतिम सांस लीं। वे कुछ महीनों से बीमार चल रही। शनिवार को ज्ञानसागर प्रसाद के बेटे और उनकी बहन के जमशेदपुर पहुंचने पर दोपहर 12 बजे शवयात्रा स्वर्णरेखा श्मशान घाट के लिए निकलेगी।

## कांड्रा के पत्रकार विजय साव को मातृ शोक



**गम्हरिया।** कांड्रा के पत्रकार विजय कुमार साव की माता शकुंतला देवी (70) का बीते गुरुवार की रात्रि करीब साढ़े बारह बजे हृदयाघात के कारण निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं तीन पुत्रियों को छोड़ गई। उनके निधन की खबर सुनकर काफी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे और अंतिम दर्शन कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। शुक्रवार को ही उनका अंतिम संस्कार कांड्रा के बानाडुंगरी मुक्ति धाम में कर दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## योग गुरु डीपी सिंह की स्मृति में शोक सभा आज

**जमशेदपुर।** सत्यानंद योग सेंटर, जमशेदपुर के उपाध्यक्ष एवं योग गुरु द्वारिका प्रसाद सिंह की स्मृति में शनिवार की अपरान्ह तीन बजे से बोधि मंदिर, साकची के प्रांगण में एक शोकसभा रखी गई है। सेंटर के सचिव मलय कुमार डे ने बताया कि श्री द्वारिका प्रसाद सिंह जी हम लोगों के बीच नहीं रहे। उनका हमारे बीच से असमय चला जाना सत्यानंद योग केंद्र के लिए ही नहीं बल्कि सभी योग प्रेमियों के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। वे एक योग्य योग प्रशिक्षक ही नहीं थे बल्कि संस्था के लिए एक कुशल नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता रखते थे। इस दुखद घड़ी में सत्यानंद योग केंद्र जमशेदपुर के कार्यकारिणी समिति द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है।

## जेपी स्कूल में नौ कुंडीय यज्ञ के लिए बैठक आज

**जमशेदपुर।** नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए 26 नवंबर 2022 को जे पी स्कूल के प्रांगण, जयप्रकाश नगर संकोसाई रोड नं 5 में गायत्री परिवार महिला समिति एवं अध्यात्म से जुड़े हुए सभी श्रद्धालुओं की एक बैठक रखी गई है। अर्जुन शर्मा ने यह जानकारी दी है।

# विजय बजरंग मंदिर प्रांगण में सात जन्मों के बंधन में बंधे पांच नये जोड़े

- सामूहिक विवाह समारोह में वैदिक विधि से पूरी हुई रस्में
- कोलकाता से आये शहनाई दल, और बैंड ने बांधी समां

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्री श्री बजरंग विजय मंदिर जम्मू अखाड़ा समिति, भालूबासा द्वारा शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोह आज वैदिक रीति से संपन्न हुआ। समारोह में भगवान को साक्षी मान और अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर पांच जोड़े सात जन्मों के बंधन में बंध गए। समारोह अखाड़ा समिति के संरक्षक बंटी सिंह के नेतृत्व में उनके पिता के सानिध्य में सफलतापूर्वक सपन्न हुआ। मौके पर सपना सिंह, रुपा चंद्र, काकुली मुखर्जी, रीतिका श्रीवास्तव,आरती मुखी, रंजीता रॉय आदि महिलाओं की मेहनत देखते ही बन रही थी। विवाह के पश्चात शाम के समय दुल्हनों की बिदाई की रस्म देख उपस्थित जनों की आंखें भर आईं।

सामूहिक विवाह बजरंग बली मंदिर और शिवमंदिर के बीच में भव्य मंडप में संपन्न हुआ। पहले जयमाला की रस्म पूरी हुई और इसके बाद जोड़ों को विवाह मंडप में लाया गया जहां पूरे विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया। विवाह समारोह में आयोजकों के अलावा वर-बधु पक्ष से 20-20 लोग उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट जनों में विधायक सरयू राय, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो, जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रामविलास शर्मा, महासचिव सुजीत शर्मा एंड टीम, हरहर महादेव और नमन के संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले, समाजसेवी शिवशंकर सिंह, राजेश कुमार बम, राजन सिंह, भाजमो के महानगर अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, कुलबिंदर पन्नू, समाजसेवी परशुराम बागी, यात्रा की संस्थापक रीना सिंह, कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री अपर्णा गुहा समेत बड़ी संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के लोग मौजूद थे।



पांचों जोड़े जयमाला के बाद आयोजक बंटी के साथ और विवाह रस्म के दौरान शहनाई बजाते कोलकाता के कलाकार।

### इन जोड़ों का हुआ विवाह

- सीतारामडेरा निवासी आयुष्मान सजल कुमार चौधरी का विवाह आयुष्मति रांची चेरी टोला निवासी रोशनी कुमारी के संग।
- सीतारामडेरा निवासी आयुष्मान मजनू नाग का विवाह बागुननगर निवासी आयुष्मति लक्ष्मी मुंडा के संग।
- सिदगोड़ा फौजा बगान निवासी आयुष्मान दीपक दास का शुभ विवाह ओरमांझी रांची निवासी आयुष्मति संगीता कुमारी के संग।
- नंद नगर कानू भट्ठा निवासी आयुष्मान रोहन गोडसे का विवाह शनकोषाई मानगो निवासी आयुष्मति ममता गोडसेरा के संग।
- इसी तरह बिरसा नगर निवासी आयुष्मान राहुल देव का शुभ विवाह बिरसानगर रोड नंबर 4 निवासी आयुष्मति किरण तांती के संग।

## भागवत कथा सुनने से धन नहीं आनंद मिलता है: श्रीहरि जी महाराज

- भुइयांडीह नीतिबाग कॉलोनी में भागवत कथा का दूसरा दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भुइयाडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी में चल रहे भागवत कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को वृदांवन से पधारे श्रीहरि जी महाराज ने व्यासपीठ से परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन की कथा सुनाई। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से धन नहीं आनन्द मिलता हैं। धन से आत्मिक सुख नहीं मिलता। वह सुख कथा सुनने से ही मिलता हैं। उन्होंने बताया कि, धन तो कोई भी कमा लेता है मगर धन से सुख, नींद, चौन, संतोष आदि नहीं खरीदा जा सकता है।



महाराज ने भागवत महात्म्य पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि युद्ध में गुरु द्रोण के मारे जाने से क्रोधित होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने क्रोधित होकर पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया।

# कंटेनर में छुपा कर रांची भेजी जा रही 580 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

- टाटा से रांची भेजी जा रही शराब का मूल्य करीब 17 लाख रुपये

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**चांडिल।** चौका पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर टाटा से रांची जा रही एनएल 01 एल 8042 ट्रक से 580 पेटी अंग्रेजी शराब को जब्त किया है। चौका थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर पुलिस निरीक्षक पास्कल टोप्पो ने यह जानकारी दिया। उन्होंने कहा 550' की 120 पेटी 375' की 390 पेटी 180' की 70 पेटी कुल 580 पेटी जिसकी अनुमानित कीमत 17 लाख रुपए है। पुलिस निरीक्षक ने बताया गाड़ी के जांच एवं सत्यापन में कंटेनर नुमा मशीन जिस पर वाटर फिल्टर लिखा हुआ था। कंटेनर में वॉटर फिल्टर लिखा हुआ मशीन चारों तरफ से बंद एवं प्लास्टिक के कवर से बिल्कुल नया अवस्था में पैक किया गया था बाहर से देखने पर किसी बड़ी मशीन जैसा प्रतीत हो रहा था। मशीन सील बंद रहने के कारण तत्काल बुधवार को इसकी जांच नहीं किया जा सका उस मशीन का जांच प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी तालेश्वर रविदास के समक्ष किया गया जांच में मशीन जैसा दिखने वाला कंटेनर के अंदर अवैध शराब की पेटियां भरकर जमशेदपुर से रांची की ओर ले जाया जा रहा था।




जब्त कंटेनर और जानकारी देते पुलिस निरीक्षक पी टोप्पो।

# राजभवन के सामने फिर 6 को गरजेंगी जिले की जल सहिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य जल सहिया संघ की ओर से राजभवन रांची के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना सह अनशन कार्यक्रम में 24 नवंबर को पूर्वी सिंहभूम चाईबासा और दुमका जिले की जल सहिया बहनों ने शिरकत की। अनशन स्थल पर बारी-बारी से तीन-तीन जिलों की सहिया बहनों को एक-एक दिन आंदोलन करने के लिए राजभवन, रांची बुलाया जा रहा है। पूर्वी सिंहभूम जिला जलसहिया संघ की अध्यक्ष नीतू सिंह ने बताया कि जिले की महिलाएं फिर 6 दिसंबर को राजभवन के सामने दिये जा रहे धरने में शामिल होंगी। 24 नवंबर के धरना कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम से जिला अध्यक्ष नीतू सिंह, जिला सचिव तुलसी माझी, जिला कोषाध्यक्ष कमला शर्मा के नेतृत्व में घाटशिला गुड़ाबांधा डुमरिया मुसाबनी चाकुलिया बहरागोड़ा जमशेदपुर और धालभूमगढ़ के जलसहिया बहनों ने हिस्सा लिया।


गत 24 नवंबर के धरना कार्यक्रम को संबोधित करतीं जिला अध्यक्ष नीतू सिंह।

## शहर की बेटी श्रेया नारायण की टीम ने जीता यूनेस्को इंडिया अफ्रीका हैकोथोन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** श्रेया नारायण की टीम कोड लुनेटिक्स ने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय नोएडा में आयोजित यूनेस्को इंडिया अफ्रीका हैकोथोन में अपने वर्ग में प्रथम स्थान लाकर अपना परचम लहराया है।

यूनेस्को इंडिया अफ्रीका हैकोथोन 22 से 25 नवंबर तक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय नोएडा में आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावे 22 अन्य अफ्रीकी देशों के इंजीनियरिंग के छात्रों ने अलग अलग टीम के माध्यम से हिस्सा लिया था तथा सभी को अलग अलग विषयों के समस्यायों को तकनीकी तौर पर सुलझाना था तथा अंत में अपने सुझावों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से ज्यूरी के समक्ष प्रस्तुत करना था।



श्रेया नारायण और टीम के सदस्य।

# जमशेदपुर : झारखंड छात्र संसद में श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के छात्र विवेक कपूर ने किया शानदार प्रदर्शन, बधाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रांची विधानसभा में आयोजित द्वितीय झारखंड छात्र संसद का आयोजन 24 .11 .2022 को हुआ जिसमें झारखंड के सभी 24 जिलों से प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस छात्र संसद में सरायकेला का प्रतिनिधित्व श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के छात्र विवेक कपूर ने किया। झारखंड के सभी जिलों से प्रतिभागियों का चयन किया गया था इस चयन की प्रक्रिया को छात्रों ने लिखित तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा पूरा किया। अंतिम चरण में 24 प्रतिभागी चयनित हुए। सभी 24 चयनित प्रतिभागी विधानसभा पहुंचे जहां उन्हें विषय के रूप में सड़क सुरक्षा जागरूकता दिया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। द्वितीय झारखंड छात्र संसद का विधानसभा को वास्तविक विधानसभा में चलने वाले सत्र के प्रतिरूप की तरह तैयार किया गया था। यहां छात्रों ने अपनी बातों को पूरे तर्कपूर्ण और तथ्यों के साथ रखा। झारखंड छात्र संसद का मुख्य उद्देश्य छात्रों को लोकतांत्रिक व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी देना तथा वास्तविक परिवेश में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को नजदीक से दिखाना और समझाना था , साथ ही उनमें राजनीतिक जागरूकता का विकास करना भी था।



छात्र संसद में भाग लेकर लौटे छात्र विवेक कपूर का अभिनंदन करते विवि के चांसलर सुखदेव महतो।

द्वितीय झारखंड छात्र संसद में श्रीनाथ विश्वविद्यालय के छात्र विवेक कपूर ने शीर्ष पंचम में अपना स्थान सुरक्षित करते हुए चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विवेक कपूर की इस सफलता पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गोविंद महतो ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और ऐसे आयोजनों के द्वारा छात्रों में लोकतंत्र की समझ विकसित होती है।

## एक नजर में

### टेल्को क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



**जमशेदपुर।** टेल्को क्रिकेट ग्राउंड में आज इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2022- 23 का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं टाटा मोटर्स के डीजीएम कम्युनिकेशन बिजेंद्र कुमार ने किया। श्री कुमार ने सभी टीमों के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया और उनके बेहतर भविष्य की कामना थी। मौके पर टाटा मोटर्स के डीजीएम सीएसआर अचिंत्य सिंह और टाउन एडमिशन के हेड रजत कुमार सिंह के अलावा अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### सेफ क्लब ने वैन-ऑटो चालकों संग की बैठक



**जमशेदपुर।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को प्रेस क्लब में स्कूल के बच्चों को परिवहन सुविधा देने वाले ऑटो और बहन ड्राइवरों के साथ स्कूल परिसर में आयोजित बैठक में प्राचार्या आशु तिवारी, उप प्राचार्य डॉ ऋतु चौधरी और सेफ क्लब के सदस्य सूची अस्मिता चक्रवर्ती और अशोक शर्मा भी मौजूद थे। प्राचार्या ने ड्राइवरों को निर्देश दिया कि वे स्कूल की छुट्टी होने के 10 मिनट के भीतर अपने छात्रों को वाहन में बैठा लें। इस दौरान ऑटो और वैन चालकों ने कुछ महत्वपूर्ण और मूल्यवान सुझाव भी दिये। कहा कि विद्यालय के पास पार्किंग की सुविधा नहीं होने से अपने छात्रों को कलेक्ट करने में समय लगता है। प्राचार्या ने आश्वस्त किया कि वे जल्द स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर पार्किंग की व्यवस्था स्कूल के पास करवायेंगी क्योंकि छात्रों की सुरक्षा बहुत मायने रखता है।

### गितिलता मवि में अभिभावक शिक्षक बैठक संपन्न



**पोटका।** मध्य विद्यालय गीतीलता में अभिभावक शिक्षक बैठक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक विद्यालय के सभागार में सोमवार को हुई। विद्यालय में संचालन होने वाली सारी गतिविधियां एवं बच्चों को मिलने वाली सारी सुविधाओं तथा पठन-पाठन बच्चों की उपस्थिति आदि पर विस्तृत चर्चा हुई। अभिभावकों ने सुझाव दिये कि मध्याह्न भोजन का समय यदि थोड़ा जल्दी किया जाए तो बच्चों के लिए सुविधा होगी क्योंकि कोई कोई बच्चा बहुत ही कम भोजन कर विद्यालय आते हैं और 2:30 बजे तक उनके लिए खाली पेट रहना मुश्किल हो जाता है। संचालन विद्यालय के पूर्व प्राचार्य जय कृष्ण झा ने किया। बैठक में तेतला मुखिया अमृत माझी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरीश चंद्र सिंह, प्राचार्या शोभा लाकड़ा, श्यामल मंडल, विष्णुपद भगत, सी आर पी पंकज पाल एवं कई अभिभावकगण उपस्थित थे।

### राजेंद्र मवि, बागबेड़ा में हुई पैरेंट्स टीचर मीटिंग



**जमशेदपुर।** राजेंद्र मध्य विद्यालय बागबेड़ा जमशेदपुर टू मे पीटीएम का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि के रूप में बागबेड़ा मध्य पंचायत के मुखिया प्रतिमा मुंडा वही बागबेडा कॉलोनी के पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, वार्ड सदस्य शैलेंद्र कुमार उपस्थित थे। इसके अलावे आयोजन में माता-पिता, अभिभावक, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बाल संसद की प्रधानमंत्री उपस्थित थीं। आज की बैठक में बच्चों की नियमित उपस्थिति, ठहराव की चर्चा हुई। नामांकन बढ़ाने, विद्यालय को और आगे बढ़ाने, इसे सुरक्षित बनाने पर जोर दिया गया। अभिभावकों की ओर से शिकायत सत्र रखा गया, जिसमें अभिभावकों ने भी अपने बच्चों से संबंधित समस्याओं और समाधान पर खुलकर चर्चा की। विद्यालय की सुरक्षा और चहारदीवारी लेकर सबने एक स्वर में चिंता व्यक्त की। मुखिया ऊमा मुंडा ने स्कूली बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अपना हर संभव सहयोग और समर्थन देने की बात कही, वहीं पंसस सुनील गुप्ता ने सुरक्षा को लेकर बागबेडा थाना प्रभारी के के झा से तत्काल बात किये। स्थानीय बागबेडा थाना प्रभारी ने समय-समय पर पेट्रोलिंग करने का आशवासन दिए और किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत कॉल करने की बात कही। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीला कुमारी, शिक्षक गण पशुपतिनाथ मिश्रा, उषा कुमारी, ज्योति कुमारी, जीनिया बांसोवार एवं बड़ी संख्या में अभिभावक माता-पिता उपस्थित थे। स्कूल की शिक्षिका उषा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की समाप्ति की।

### संपत्ति विवाद में फंसी महिला के पक्ष में मुखी समाज



**जमशेदपुर।** बिरसानगर थाना अंतर्गत जोन नंबर 6 की रहने वाली रूपाली करूवा अपने पति व ससुर के निधन के बाद अपने ससुराल वालों से परेशान चल रही है। पीड़ित महिला के ननद का बेटा सूरज करूवा आए दिन उसके साथ मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने को धमकी देता है। इस संबंध में केंद्रीय मुखी समाज मूल निवासी के केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी के नेतृत्व में मुखी समाज का प्रतिनिधमंडल पीड़ित महिला के साथ बिरसानगर थाना प्रभारी से मिला। पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कर बताया कि सूरज करूवा उर्फ हकु, पिता: रजनी करूवा एवं सुरेश करूवा उर्फ देवा, पिता: स्व दुर्गाचरण करूवा, बिरसानगर जोन नंबर 5 निवासी बराबर संपति हड़पने के लिए परेशान कर रहें और मेरे बेटे ओम करूवा को जान से मारने की धमकी व फर्जी केस में फंसा देने की धमकी दे रहें है। वे लोग फर्जी संपत्ति का पेपर भी बना के रखे हैं जबकि मेरे ससुर स्व गणेश करूवा द्वारा मेरे दोनों बेटों के नाम दिनांक 18 जून 2019 जमीन व घर का पेपर लिख कर गए हैं, जिसकी प्रतिलिपि थाना प्रभारी को दी गई। इस संबंध में हरि मुखी ने बिरसानगर थाना प्रभारी से मामले के उचित जांच कर पीड़ित महिला को न्याय दिलाने का अनुरोध किया। इस मौके पर हरि मुखी के साथ राजेश सामंत, सोपोन करूवा, केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी के महासचिव रामाकांत करूवा, किशोर मुखी, अमित दास, छोटे सरदार, कंचन पासवान, फिरोज खान, चेतन मुखी, रूपाली करूवा, गिरीश करूवा, मनोज मुखी, विष्णु लोहार शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### मतदाता जागरूकता हेतु कई कार्यक्रम



**बिश्रामपुर (पलामू)।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की सफलता हेतु शुक्रवार को विश्रामपुर में कई कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना और नये मतदाताओं को सूची से जोड़ना है। बिश्रामपुर के आरसीआईटी कॉलेज व जनता उच्च विद्यालय में शिक्षकों और बच्चों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया बताई गई। पोर्टल से खुद नाम जोड़ने के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर बिश्रामपुर बीडीओ सह एआरओ प्रशांत हेंब्रम, निवर्तमान पार्षद पूनम देवी, विजय रवि, मतदाता सहायता केंद्र के हेल्प डेस्क मैनेजर कुमार सौरभ, सुदेश्वर राम, सुरेंद्र कुमार, भोला राय, रोहित तिवारी आदि थे।

### बघमनवा पंचायत में विशेष ग्राम सभा



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड के बघमानवा पंचायत में गुरुवार को मुखिया मंजू देवी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष ग्राम सभा हुई। सभा में कई जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा के बाद ग्राम सभा में कई जनोपयोगी योजनाओं को सूचीबद्ध किया गया। इसके अलावा बघमनवा प्राथमिक विद्यालय में छात्रों के बीच क्षतिपूर्ति राशि वितरण मुखिया मंजू देवी ने किया। मंजू ने कहा कि सरकार के सभी योजनाओं को ईमानदारीपूर्वक धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर पंसस प्रीति देवी, उप मुखिया सुनीता देवी, युवा समाजसेवी मनीष कुमार, शोभा देवी, गुड्डू यादव, सहिया सुनीता देवी थे।

### समस्या मंत्री तक पहुंचायेंगे : रूद्र शुक्ला



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ब्लॉक परिसर के सभागार में खाद्य आपूर्ति समस्या को लेकर बीडीओ सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अनील कुमार और सभी डीलरों की बैठक हुई। जिसमें झारखंड सरकार के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उराव के पांकी विस क्षेत्र के मंत्री प्रतिनिधि सह पांकी विस क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी रुद्र शुक्ला, मंत्री जिला प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी मौजूद थे। बैठक में पदाधिकारियों व डीलरों ने अपनी समस्याओं से मंत्री प्रतिनिधि को अवगत कराया। मंत्री प्रतिनिधि श्री शुक्ला ने डीलरों की समस्या सुनकर उनकी बातों को मंत्री तक पहुंचाने का वादा किया। बैठक में बीडीओ अनिल कुमार, एजीएम संजय सिंह, पांकी विस कांग्रेस अध्यक्ष अजिताभ दुबे, डीलर संघ अध्यक्ष व्रज किशोर तिवारी, दिलीप तिवारी, डीलर मुनेंद्र नाथ दुबे भी थे।

### छेचानी में गर्म माड़ गिरने दो बच्ची जली


**तरहसी पलामू।** सेलारी पंचायत के छेचानी आंगनबाड़ी केंद्र की दो बच्ची ढाई वर्ष और साढ़े 4 वर्ष जलने से झुलस गयी। दोनों को जख्मी अवस्था में मेदिनीनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन स्थिति में सुधार नहीं होने से रिम्स रेफर कर दिया गया है। दोनों बच्ची छेचानी के परमेश्वर साव की बेटी है। सेविका अनीता देवी के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र उमवि में ही चलता है। रोज की तरह स्कूल में मध्याह्न भोजन बनकर माड़ एक टब में फेंकने के लिए रखा था कि आंगनबाड़ी की एक बच्ची खेलते-खेलते गरम माड़ में गिर पड़ी। उसकी बड़ी बहन बचाने के लिए दौड़ी और वह भी उसी में गिर पड़ी। सेविका का कहना है कि सचिव रीना देवी की लापरवाही से घटना घटी है। माड़ रास्ते में ही रोज रखवा देती है, जबकि रीना ने कहा है कि घटना रसोइया की लापरवाही से हुई है।

### पेयजल और जर्जर पथ का उठा मामला



**पड़वा पलामू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायत समिति की बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गीता मेहता ने की। संचालन बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने किया। बैठक में लोहड़ा पंचायत के गड़ेरियाडीह में व्याप्त पेयजल संकट का मामला उठा। तय हुआ कि एक कमेटी बनायी जायेगी। कमेटी के सदस्य पड़वा प्रखंड में काम कर रहे निजी कंपनियों के पदाधिकारियों से बात कर पेयजल संकट को दूर किया जायेगा। प्रमुख गीता मेहता ने मान आहर से छेछौरी तक जर्जर पथ का मामला उठाया। प्रमुख ने बताया कि इस रास्ते से लगभग दस हजार की आबादी प्रभावित हो रहा है। बैठक में उपप्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटु सिंह, सीआई अनील सिंह, जेपीएस मनोज मिश्रा, निरंजन प्रसाद व कई लोग मौजूद थे।

### मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर ज्ञापन



**चैनपुर पलामू।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 34 के विशेष समुदाय के 81 लोगों ने मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए तथा उसमें सुधार करने के लिए सीओ सह उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय बाखला को आवेदन दिया। उनका कहना है कि वे वार्ड 34 के वोटर थे। जिन्हें वर्तमान वार्ड सदस्य के इशारे पर दूसरे में नाम डाल दिया है। सूचना के बाद भावी मेयर प्रत्याशी धनंजय त्रिपाठी प्रखंड कार्यालय पहुंचे तथा ग्रामीणों के साथ सीओ को आवेदन सौंपा। कहा, कार्य बिल्कुल गलत है इसमें शामिल कर्मियों और पदाधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके लिए वह उपायुक्त से भी मिलेंगे। आवेदन देने वालों में अबू दानिश, शमशाद अहमद, रफीउद्दीन अंसारी, आमना बीबी, जमीर आलम, एजाज अहमद, इरशाद आलम, जुनेद आलम, नौशाद अली समेत कई लोग मौजूद थे।

### चौरा विद्यालय में शिक्षक ने प्राचार्य पर चलाया भाला, इसे देख बच्चों में दहशत



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय चौरा का माहौल इन दिनों काफी खराब हो चुका है। विद्यालय में जहां बच्चों को पढ़ाई होनी चाहिए थी, वहीं एक शिक्षक कमलदीप पासवान ने माहौल को अखाड़े में तब्दील कर दिया है। गुरुवार को जहां उक्त शिक्षक द्वारा लाठी भांज कर दहशत की गई थी। वहीं शुक्रवार को शिक्षक ने घर से भाला लेकर विद्यालय पहुंचा। विद्यालय में भाला भांज कर शिक्षकों को डराया धमकाया। सूचना पाकर लेस्लीगंज थाना के एएसआई एके त्रिपाठी पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे।

# गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा जरूरी : अन्नपूर्णा देवी

➲ वार्षिक प्रदर्शनी सह माता शबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**





ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के वार्षिक प्रदर्शनी सह माता शबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह में शामिल लोग।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशीप, शाहपुर में वार्षिक प्रदर्शनी सह माता शबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, ऑक्सफोर्ड के निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता एवं विशिष्ट अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने किया। इसके बाद अतिथियों ने विभिन्न विषयों से संबंधित कई प्रकार के मनमोहक मॉडल के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया गया। सभी प्रदर्शनी ज्ञानवर्धक एवं संदेशपूर्ण थे। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य लोगों ने बड़े ही रूचिपूर्ण तरीके से सभी कलाकृतियों को देखा और उसकी सराहना की। स्वागत उद्बोधन विद्यालय की अकादमिक निदेशक डॉ सिम्मी मेहता के द्वारा दिया गया। समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बच्चों को समझकर पढ़ाना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ध्येय है। अन्नपूर्णा ने कहा कि बच्चों को अपनी भाषा में सिखायें तभी सीखेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षा नीति में आमूल चुल परिवर्तन किया जा रहा है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की शिक्षा पद्धति व कल्चर सराहनीय है। रिजल्ट उपरांत विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने से उनका मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि जड़ मजबूत करना बहुत जरूरी है तभी बच्चे प्रतियोगी बनेंगे। अभिभावक को चाहिए कि बच्चों द्वारा कम अंक लाने पर दबाव नहीं दें बल्कि प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि ऑक्सफोर्ड स्कूल में बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिल रही है फिर भी नैतिक शिक्षा बहुत जरूरी है।

### लगन और मेहनत से मिलेगी परीक्षाओं में सफलता

कहा कि विद्यार्थियों को एकाग्रचित होकर पढ़ाई करें साथ ही लगन, मेहनत से अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करें। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि नैतिक शिक्षा के द्वारा बच्चों में गुणवत्ता आ सकेगी जिसके लिए विद्यालय, शिक्षक और अविभावक संयुक्त रुप से जिम्मेदारी का निर्वहन करें। समस्त उच्चस्तरीय शिक्षा का अध्ययन हिन्दी भाषा में भी हो सकेगी जिससे अधिकाधिक छात्र लाभांवित हो सकेंगे। नवीन शिक्षा नीति का मुख्य अतिथि द्वारा सराहना करते हुए विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। इसके बाद प्राचार्य डॉ एके सिंह ने विगत सत्र में बच्चों के द्वारा प्राप्त उल्लेखनीय सफलता को विस्तारपूर्वक वर्णित किया। कहा कि काफी कम अवधि में ही विद्यालय ने सफलता की ऊंची मुकाम को हासिल किया है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है कि हमारे बच्चे आगामी वर्षो में देश के सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगी परीक्षा जैसे - सिविल सेवा, संघ लोक सेवा इत्यादि में अपना नाम स्थापित करेंगे। इसके अलावा विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के विषय में भी उन्होंनें बताया। वार्षिक प्रदर्शनी हेतु बच्चों के द्वारा लगभग 856 मॉडल बनाए गए। इससे छात्रों के बहुआयामी क्षेत्र संबंधी विकास होते हैं। बच्चों में अनुसंधान की क्षमता बढ़ती है। बच्चों के मॉडलों एवं मेधावी पुरस्कार प्राप्त छात्रों की सफलता पर उन्होनें हार्दिक शुभकामनाएं दी। स्कूल गुणात्मक शिक्षा हेतु दृढ़ संकल्पित है। अनुशासन, शैक्षिक वातावरण एवं संस्कार युक्त शिक्षा ही हमारा मुख्य ध्येय है। इसके बाद माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार मुख्य अतिथि, चेयरमैन, प्राचार्य एवं अन्य अतिथियों के द्वारा 213 मेधावी विद्यार्थियों को 1001/- रुपये का चेक तथा प्रशस्ति पत्र दिया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी राज्य शिक्षामंत्री को शॉल, श्रीफल एवं विद्यालय स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर ऊंचे शिखर पर पहुंचने हेतु प्रेरित किया।

# गुमनामी से बाहर निकाल शहीदों को सामने लायें : अन्नपूर्णा देवी

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से शिक्षा पद्धति में बदलाव
- भाषण, निबंध के विजेताओं को किया सम्मानित
- केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने किया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन-बोलीं, इससे बढ़ेगा लोगों का ज्ञान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर आयोजित इस तरह की चित्र प्रदर्शनी से पलामू के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में काफी कुछ जानकारी मिल रही है। प्रदर्शनी में संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका पर भी काफी विस्तृत जानकारी दी गई है। यह चित्र प्रदर्शनी तभी सफल होगी जब इससे प्रेरणा लेकर यहां मौजूद बच्चे अपने आसपास से जानकारी जुटाकर आजादी के गुमनाम शहीदों को ढूंढ़ निकालें एवं उन्हें उचित मंच तक पहुंचायें।

आजादी के गुमनाम शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी दी जाकती है, जब उन्हें गुमनामी से बाहर लाकर उनके योगदान के बारे में लोगों को बताया जाए। यह एक शानदार आयोजन है, ऐसे आयोजन और भी होने चाहिए। उक्त बातें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने के दौरान शुक्रवार को कही। इससे पहले मंत्री का क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने स्वागत किया। इसके बाद मंत्री ने सेल्फी विथ पीएम एवं सेल्फी बूथ में फोटो भी खिंचायी।

**प्रभात मिश्र सुमन को एफपीओ ने किया सम्मानित :** संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका पर जानकारी इकट्ठा करने वाले वरीय शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्र सुमन को सीबीसी, डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री मिश्र ने उपस्थित लोगों को पलामू के इतिहास एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी जानकारी दी।

**चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह आज, डीसी होंगे मुख्य अतिथि :** तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह शनिवार को दोपहर 12 से आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पलामू जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे होंगे। गणमान्य अतिथि के तौर पर वरीय शिक्षा विद् प्रभात सुमन मिश्रा एवं अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

# पाटन : प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ खेल से बच्चों को आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा : अन्नपूर्णा देवी



**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार, अशोक तिवारी, उमेश सिंह, भाजपा नेता मंगल सिंह, पलामू जिलाध्यक्ष विजयानन्द पाठक, पांकी विधायक शशिभुषण मेहता, किसलय तिवारी, मनोज सिंह, महापौर अरुणा शंकर, विनोद सिंह, पाटन प्रमुख शोभा देवी, मुखिया सुमन गुप्ता, प्रेम शंकर द्रुबे, प्रेम सिंह शामिल थे। उद्घाटन मैच पांडु तथा सतबरवा के बीच खेला गया।

**पाटन पलामू।** पाटन के किशुनपुर हाईस्कूल मैदान में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पूर्व केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को किशुनपुर जाने के क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई जगहों पर स्वागत किया। खेल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पाटन के धरती पर जिस तरह का जोश भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखाई दिया इससे में बहुत उत्साहित हूं। केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि झारखंड के सरकार लुटने वाली सरकार बनी है। इस सरकार में लोगों का भला नहीं होने वाला है। राज्य सुखाड़ का दंश झेल रही है और सरकार नींद में सोई है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्र सरकार का जमकर तारीफ की। उन्होंने नरेंद्र मोदी के तारीफ करते हुए कहा कि हर क्षेत्र में नरेंद्र मोदी की सरकार काम कर रही है। नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत लेकर विकास को गति देने में लगी है। खेल से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेंगी। खेल से बच्चों का विकास होगा । खिलाड़ी अच्छे खेल का प्रदर्शन करे और आगे बढ़े। विधायक ने कहा कि खेल बच्चों को अनुशासन व संघर्ष करना सिखाता है।

# सिंगरा शहीद स्थल पर धूमधाम से मनेगी शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला की जयंती

➲ शहीद पुत्र के कृति को फैलायेंगे : जितेंद्र शुक्ला

- 28 पौंड का कटेगा केक, भोजपुरी सम्राट गोलू राजा दिखायेंगे अपना जलवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के लाल शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला युद्ध परीक्षण के दौरान अपने मित्रों को पानी में डूबने से बचाने के लिए कूद पड़े थे। वह तीन साथियों की जान बचाकर खुद शहीद हो गये। यह घटना 19 अप्रैल 2019 को राजस्थान में घटी थी। शहीद अनुराग जिले के सिंगरा निवासी जितेंद्र शुक्ला के इकलौते पुत्र थे। जिन्होंने वीरगति को प्राप्त कर पूरे भारत में ख्याति प्राप्त की। इनका जन्म तीन दिसंबर 1995 को रांची डोरंडा नर्सिंग होम में हुआ था। वे बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उनके अंदर देश समाज के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना थी। यह देख कर घर, परिवार, गांव वाले भी उनकी भूरी भूरी प्रशंसा करते थे।

### पिता हैं गौरवान्वित



लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला 19 अप्रैल 2019 को युद्ध परीक्षण के दौरान शहीद हो गये। तब से लेकर इनके पिता एवं परिजन इनकी जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि को विशेष रूप से मनाते आ रहे हैं। इस संबंध में सिंगरा शहीद स्थल पर प्रेस वार्ता कर इनके पिता जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि पुत्र जाने का गम हर पिता को होता है। लेकिन मेरा इकलौता पुत्र देश के नाम शहीद हुआ है जो मुझे गर्व है कि इसने अपनी जान की परवाह किये बगैर अपने तीन साथियों को पानी में डूबने से बचा लिया। उन्होंने कहा कि पुत्र के कृत्य को फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी तीन दिसंबर को पुत्र का जयंती धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें सांसद, विधायक, आयुक्त, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक के साथ ही साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित होंगे। इस मौके पर बिहार के भोजपुरी सम्राट गोलू राजा का कार्यक्रम भी कराया जाएगा। जो एक मेला का रूप लेगा। जयंती के अवसर पर धार्मिक एवं सामाजिक गायन होगा। संगीत का कार्यक्रम प्रसिद्ध तबला वादक शीशीर शुक्ला के नेतृत्व में कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुत्र का जो सपना था उसे पिता के नाते मैं पूरा करूंगा। प्रेस वार्ता में संतोष शुक्ला,उमेश शुक्ला, आशीष भारद्वाज, चंद्र प्रकाश शुक्ला, आकाश विश्वकर्मा, आशुतोष पांडे, सीआरपीएफ के नीरज दुबे व अन्य शामिल थे।

### जिप सदस्य ने डीडीसी को गिनायी योजनाएं



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा जिप सदस्य सुधा कुमारी ने डीडीसी मेघा भारद्वाज से मिलकर सतबरवा प्रखंड के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए आग्रह किया तथा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। वहीं जिप सदस्य सुधा कुमारी ने डीडीसी को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान जिप सदस्य ने सुदूरवर्ती गांवों में सड़क, बिजली, पानी की समस्याओं को भी रखा। मौके पर सत्येन्द्र कुमार, अजय उरांव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा मौजूद थे।

### आइओ राजीव ने फरार अभियुक्त आसीत के घर और सार्वजनिक स्कूल में साटा इश्तेहार



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज कोर्ट से चंदन गोस्वामी माननीय न्यायाधीश के हस्ताक्षर से निर्गत 82 इश्तेहार (केस नंबर 76/22 लक्ष्मी नारायण तिवारी बनाम आसीत गुप्ता) जो दिनांक 5 सितंबर 22 को आसीत के घर पर सटा था। परंतु प्रोपर कोर्ट की नजर में अनुपालन नहीं होने पर उच्च न्यायालय रांची से निरस्त कर फ्रेश ऑर्डर पास करने हेतु मेदिनीनगर के न्यायाधीश को निर्देशित किया था। उसी के तहत चंदन गोस्वामी की अदालत से फ्रेश ऑर्डर पास कर प्रोपर अनुपालन हेतु 82 निर्गत किया। इसका अनुपालन आइओ राजीव सिंह ने फरार अभियुक्त आसीत कुमार गुप्ता के घर पर सार्वजनिक स्कुल में तथा न्यायालय परिसर में नोटिस बोड पर ढोल नगाड़े बजा कर अनुपालन किया गया।

### भाजपा की रैली को जनता ने नकारा: राजेंद्र सिन्हा



**मेदिनीनगर।** झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा की आक्रोश रैली को पलामू की जनता ने सिरे से नकार दिया। जिस पार्टी के पास जिले में 4 विधायक, सांसद, मेयर, डिप्टी मेयर हों, जिनके कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और प्रदेश स्तर के नेता आए हों उस कार्यक्रम में मामूली भीड़ का होना दिखाता है कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के विरोधियों के साथ कभी खड़ी नहीं हो सकती है। केंद्र की गलत नीतियों के कारण आज महंगाई आसमान पर पहुंच चुकी है, बेरोजगारी पूरे भारत में बढ़ रहा है, इन्हे तो 2 करोड़ नौकरी, महंगे गैस, 15 लाख देने के वादे, किसानों से झूठे वादे करने वाले केंद्र सरकार के खिलाफ रैली निकालनी चाहिए। हमारी सरकार झारखंडियों की सरकार है जनता के बीच आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जाती है और उनकी परेशानियों को दूर करती है। कुछ दिन पहले ही झामुमो पलामू की रैली में हजारों लोग थे, आप सबको पता है की पलामू में झामुमो का कोई विधायक नहीं है फिर भी सिर्फ संगठन की मेहनत और हेमंत सोरेन की लोकप्रियता की वजह से हजारों लोग माननीय मुख्यमंत्री के समर्थन में आए थे। भाजपाई कुर्सी के लालची हैं। रैली के बाद के एक वीडियो में उन्हें कुर्सी के लिए लड़ते भी देखा जा सकता है।

## रपुरा विजयी, सरहु और देवरी के बीच मुकाबला ड्रा



कर्नल कप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी अनुमंडल अंतर्गत कपूर्री मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा और उन्हें दो जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। पहले मैच में रपुरा हैदरनगर को कड़ी टक्कर देखने को मिला। अंततः रपुरा की टीम 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रही। वहीं दूसरे मैच में पिछले साल के विजेता सरहु ने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए देवरी कलां और सरहु 1-1 से बराबरी पर रहा। इसमें छोटू धनंजय और भोला ने अपने खेल से दर्शकों को आकर्षित किया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आया बाइक सवार, मौत

**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर पोखराहा पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को शाम करीब पांच बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व जिप सदस्य अर्जुन सिंह तथा सरजा पंचायत के पूर्व मुखिया आनंद कुमार व ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की सूचना सतबरवा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सतबरवा थाना पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है।

## पांकी विस के सर्वांगीण विकास को हैं संकल्पित : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबर पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रखंड नीलांबर-पितांबर पुर कुंदरी अंबेडकर चौक से पिपरा चौक भाया महरजा तक 332.737 लाख की लागत से 3.200 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति मांग के पश्चात मिल गयी है। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही शिलान्यास के साथ निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। कहा कि उक्त सड़क के निर्माण की मांग दशकों से थी लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया। मामला मेरे संज्ञान में आते ही मैंने सड़क के अविलंब निर्माण के लिए विभाग को अनुशंसा की। जिसे स्वीकृति भी मिल गयी। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के विकास के मुद्दों को हर स्तर व माध्यम से राज्य सरकार व संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा है।

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बीडइओ ने किया सम्मानित

➲ प्रखंड खेल प्रतियोगिता में राज्य भर में अव्वल होगा सतबरवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रतिभागी को पुरस्कृत और सम्मानित करते अतिथि व अन्य।

**सतबरवा पलामू।** खेलो झारखंड 2022-23 कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के मैदान में चल रहे प्रतियोगिता का समापन किया गया। जिसमें प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र कुमार तिवारी ने भाग लेकर खिलाड़ियों के बीच मेडल का वितरण किया।

मौके पर उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है। हार से कभी खिलाड़ियों को विचलित नहीं होना चाहिए बल्कि उसका सामना करते हुए सफलता की ओर बढ़ना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि सतबरवा प्रखंड खेल प्रतियोगिता में जिला में ही नहीं बल्कि राज्य में भी अव्वल होगा।

श्री तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरूरी है। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। वहीं बीपीओ मनोज तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार ने स्कूली छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेलो झारखंड का आयोजन किया है ताकि बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारा जा सके। मौके पर शिक्षक सुशील टोपो, भीम यादव, अभिषेक तिवारी, सुधीर मिश्रा, श्वेता मिश्रा, अर्पण कुमार, अनुज ठाकुर, गोविंद प्रसाद, अर्जुन मेहता, विवेक सिन्हा, भरदुल सिंह, किरण सिंह, अनिता भेंगरा समेत कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# जन प्रतिनिधि की मंशा साफ हो तो धर्म कभी आड़े नहीं आती : प्रमिला

निजी सहयोग से शाहपुर मजार कब्रिस्तान की सफाई 6 दिनों से चला रही है एवं दो चेयर निजी सहयोग से लगा कर जनता को समर्पित की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जायजा लेने पहुंचीं वार्ड पार्षद प्रमिला देवी व अन्य।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत शाहपुर मेदनीनगर नगर निगम क्षेत्र वार्ड 31 की पार्षद प्रमीला देवी ने हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम करते हुए सभी को सम्मान देते हुए कार्य कर रही है। उसी के तहत अपने निजी सहयोग से शाहपुर मजार कब्रिस्तान का सफाई अभियान पिछले 6 दिनों से चला रही है एवं दो चेयर निजी सहयोग से लगा कर जनता को समर्पित की।

मौके पर पार्षद प्रमिला ने कहा कि जन प्रतिनिधि की मंशा साफ हो तो धर्म कभी आड़े नहीं आती। हमारे लिए राम और रहीम दोनों समान हैं। जब से मैं पार्षद बनी हूं दोनो समुदाय की भावना का सम्मान करते हुए कार्य कर रही हूं और आप सभी का आशीर्वाद रहा तो सदा करती रहूंगी। मेरा क्षेत्र पलामू जिले में एकता और भाईचारा का मिशाल होगी। मौके पर मोजाबर हुसैन, साह जुबेर, कुरैशी एकबाल अहमद, कल्लू साह, धीरज जयसवाल, अमित जायसवाल, छोटु सहित कई लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## ढोरी में सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित

**बेरमो।** सीसीएल अन्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन ढोरी एरिया जीएम कॉलोनी स्थित आफिसर्स क्लब में 25.26 नवंबर को आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत कोल इंडिया के कारपोरेट गीत से किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसओपी प्रतुल कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सीसीएल खेल आकादमी के अधिकारी आदिल हुसैनए पीओ सौरभ कुमार सिंहए पीओ अरविंद कुमार झाए एसओपी राजीव कुमारए आरसीएमएयू के सीसीएल जोन के अध्यक्ष गिरजा शंकर पांडेयएसीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य रवींद्र कुमार मिश्राए जवाहरलाल यादवए विकास सिंहए ओम शंकर सिंहए कैलाश ठाकुरए नरेश महतोए सुरेश सिंह कार्मिक प्रबंधक तौकीर आलमए आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अवैध बालू उत्खनन के दौरान चाल धंसने से युवक की मौत

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के मधुकरपुर पंचायत के मायापुर निवासी इस्माइल अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र सिकंदर अंसारी की खांजो नदी में अवैध बालू उत्खनन करने के दौरान चाल धंसने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुटलाही एवं भुचुंगडीह के बीच हमेशा की तरह अवैध बालू का उत्खनन किया जा रहा था। इस दौरान चाल धंसने से सिकंदर अंसारी मिट्टी में दब गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ों ग्रामीण एवं स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे ।आधे घंटे तक मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से सिकंदर को निकाला गया। बोकारो जनरल अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही सिकंदर ने दम तोड़ दिया। बता दें कि प्रतिदिन खांजो नदी से लगभग दर्जनों ट्रैक्टर अवैध बालू का उत्खनन किया जा रहा है।

## बीएसएल में ठेका मजदूरों से संबंधित प्रावधानों पर परिचर्चा

**बोकारो।** बीएसएल के सिंटरिंग प्लांट में कार्मिक .ठेका मजदूर प्रकोष्ठ द्वारा ठेका मजदूर सम्बंधित विभिन्न नियमों एवं कार्यप्रणाली पर एक प्रस्तुतिकरण का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य महाप्रबंधक ;सिंटरिंग प्लांटद्ध बिजय कुमार बेहरा के अलावा विभाग के वरीय अधिकारी एवं इंजिनियर इंचार्ज उपस्थित थे। इस प्रस्तुति में ठेका मजदूर प्रकोष्ठ के प्रबंधक पंकज कुमार द्वारा ठेका मजदूरों से सम्बंधित नियमए प्रमुख नियोक्ता की जिम्मेदारियाँ पीएफएईएसआई से सम्बंधित जानकारियां एवं उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। भविष्य में ठेका मजदूर प्रकोष्ठ के कार्यप्रणाली में होने वाले बदलाव के बारे में भी एक संक्षिप्त प्रस्तुति की गयी। प्रकोष्ठ द्वारा प्रस्तुति के दौरान उपस्थित लोगों के प्रश्नों का समाधान करते हुए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

## बीएसएल में क्वालिटी सर्किल व तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोकारो। बीएसएल के एचआरडी सेंटर में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा क्वालिटी सर्किल के नेताओंए सदस्यों तथा प्रोत्साहकों के लिए क्यूसी स्टैटिस्टिकल टूल एवं तकनीक पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक ;संकार्यद्ध बी के तिवारीए बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के जीएम इंचार्ज ए के सिन्हाए जीएम अनुपमा तिवारी व बी बनर्जीए निदेशक अविनाश उपाध्याय मानद सचिव ;क्यूसीएफआई .ग्वालियर चैप्टरद्ध थॉमस मैथ्यू सहित विभिन्न क्वालिटी सर्किलों के नेताए सदस्य तथा प्रोत्साहक उपस्थित थे। अनुपमा तिवारी ने सभी का स्वागत किया तथा ए के सिन्हा ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। श्री तिवारी ने बोकारो स्टील प्लांट में क्वालिटी सर्किलों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# विनोद ठाकुर हत्याकांड : साला ने की थी अपने बहनोई की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के भेलाटांड में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। मृतक बिनोद ठाकुर के साले अभिषेक महतो ने ही की अपने बहनोई की हत्या।बहन के द्वारा प्रेम विवाह करने नाराज था। 23 नवम्बर की देर रात गिरिडीह के युवक बिनोद ठाकुर की हत्या कांड का आज धनबाद पुलिस ने उद्भेदन कर दिया। धनबाद डीएसपी अमर कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए कहा की भेलाटांड के रहने वाले अभिषेक महतो ने ही अपने सगी बहन भारती के पति की हत्या की। बहन द्वारा मृतक बिनोद से प्रेम विवाह करने को लेकर नाराज था। दो दिन पुर्व ही सेमेस्टर फोर्थ का परीक्षा देने को लेकर पति के संग आई थी भेलाटांड।घटना के कुछ देर पहले ही मृतक अपने ससुर को भोजन पहुंचाने गया था। जिसे देख कर अभिषेक गुस्सा हो गया और लौटते समय बांस से अपने बहनोई के सर पर वार कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता के ब्यान पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। और पुलिस ने हत्या में प्रयोग की गई बांस को भी कब्जे में ले लिया है। और आरोपी को जेल भेज दिया गया।



## खेसमी में एक लाख के सामान की चोरी



**गोमो।** तोपचांची थाना क्षेत्र अन्तर्गत खेशमी गांव के पी एन एम कालेज रोड निवासी विजय कुमार के घर बीती रात मुख्य दरवाजा के ताला को तोड कर करीब एक लाख की सम्पति चोरी कर ली गई है । . चोरी की घटना के दौरान गृहस्वामी घर में ही सोए थे चोरों की आने ओर जाने की भनक तक गृहस्वामी को नहीं लगी. नींद से जागने के बाद गृहस्वामी ने अपने घर के दरवाजे, टूटे ताले, खुले अलमारी को देख होश उड़ गए. गृहस्वामी की पत्नी लक्ष्मी देवी ने कहा कि अलमारी में रखे महंगी सोने की ज्वेलरी, नगद 25000 चोर अपने साथ लेकर फरार हो गए. जमीन के कागजात तथा ज्वेलरी के डब्बे चोरों ने बाहर फेंक दिए जिसे बरामद कर पुलिस को सूचना दे दिया गया है.बताते हैं कि इस इलाके में चोरी दकेती की लगातार घटनाएँ हो रही ।अपराधी पुलिस के पकड़ से बाहर है।

## 30 नवंबर तक पोर्टल पर इंट्री करायें सुखाड़ से प्रभावित किसान

**धनबाद।** धनबाद के सभी प्रखंड (झरिया अंचल को छोड़कर) को सुखाड़ की कैटेगरी में रखा गया है। इसलिए सुखाड़ से प्रभावित वैसे किसान, जो जीविकोपार्जन के लिए मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है तथा जिनके द्वारा वर्ष 2022 की खरीफ बुआई नहीं की गई है, परंतु पारंपरिक रूप से पूर्व में ऐसे कृषक बुआई का काम करते रहे हैं, वे मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही सुखाड़ से प्रभावित किसान जो कृषि पर निर्भर है तथा जिनकी फसल 33 प्रतिशत से अधिक क्षति हुई है, भूमिहीन कृषक मजदूर जिनकी कृषि आधारित आजीविका का साधन सुखाड़ से प्रभावित हुआ है, वे भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ लेने के लिए प्रभावित किसान जिला कृषि विभाग, सीएससी या वीएलई के माध्यम से पोर्टल पर 30 नवंबर 2022 तक अपनी एंट्री कराना सुनिश्चित करेंगे। पोर्टल पर एंट्री कराने के लिए अपनी बैंक पासबुक की छायाप्रति, भू-लगान रसीद की स्वअभिप्रमाणित कॉपी तथा वंशावली उपलब्ध करानी होगी। वहीं भूमिहीन किसान अपने मतदाता पहचान पत्र की फोटो कॉपी और बैंक पासबुक की फोटो कॉपी उपलब्ध कराकर एटीएम, बीटीएम या कृषक मित्र के माध्यम से एंट्री करवा सकते हैं।

## रेलवे पार्किंग स्थल निर्माण का शिलान्यास

**कतरास।** शुक्रवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने नीचितपुर बी.एच. में रेलवे पार्किंग स्थल निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि नीचितपुर बी.एच. में आज जो भी विकास का काम हो रहा है वो जनता की देन है।जन आंदोलन के परिणाम स्वरूप आज नीचितपुर बी.एच.में पार्किंग स्थल का निर्माण हो रहा है।नीचितपुर को जब तक स्टेशन का दर्जा नहीं मिल जाता है जब तक जन आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर अरूण मंडल,इम्तियाज खान, चंडी सिंह, जमशेद अंसारी, शंकर सिंह, शब्बीर अंसारी, प्रकाश सिंह, संदीप सिंह, सुरेन्द्र लाला,जिल्लानी अंसारी, घनश्याम ठाकुर, प्रिंस कुमार, आदि उपस्थित हुए।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कतरास।** जीएनएम हाई स्कूल कतरास में शुक्रवार को बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिल कुमार प्रजपती द्वारा भावी मतदाता को जोड़े जाने के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में भारी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने बताया कि आगामी वर्षों में मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने वाले छात्र-छात्राओं को जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मौके पर मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी बाघमारा सुनील कुमार प्रजापति प्रखंड सहकारिता प्रभारी नीरज श्रीवास्तव कंप्यूटर ऑपरेटर रुपेश कुमार पांडे और जीएनएम कॉलेज के प्रिंसिपल रेखा साहु कतरास कॉलेज के हिंदी विभाग से एसएस प्रसाद लायंस क्लब कतरास की डॉक्टर मधुमाला और संबंधित बीएलओ एवं सुपरवाइजर सुनिता देवी लक्ष्मी देवी गीता रजवार सरिता देवी उर्मिला देवी शमीता राय आदि मौजूद थे।

# धनबाद अंचल कार्यालय की अव्यवस्था देख अपर समाहर्ता ने लगाई फटकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**खबर प्रकाशित होने के बाद हुई कार्रवाई**

बताते चले कि विगत दिनो खबर प्रकाशित हुआ था कि अंचल कार्यालय में किस प्रकार दलाल हावी रहते है एवम अवैध कंप्यूटर के रूप में कार्यरत हैं इस दौरान निरीक्षक के कार्यालय में एक सख्स बैठे हुआ पाया गया था जो कैमरा देखकर भाग खड़ा हुआ था।

**धनबाद।** शुक्रवार को धनबाद अंचल कार्यालय का अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया इस दौरान अंचल निरीक्षक श्याम लाल माझी को जमकर फटकार लगाई एवम कार्यालय में अवैध लोगों के प्रवेश पर रोक को लेकर हिदायत दी। वहीं कार्यालय की साफ सफाई और व्यवस्था चाक-चौबंद रखने हेतु अंचल अधिकारी प्रशांत लायक को भी उचित दिशा निर्देश दिए। पूरे मामले पर जानकारी देते हुए खबर मन्त्र संवाददाता को अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता ने बताया कि पिछले दिनों अंचल निरीक्षक कार्यालय में अवैध रूप से बैठे व्यक्ति के संबंध में खबर प्रकाशन में आया था जिसको लेकर जांच की गई हैं। साथ ही कार्यालय परिसर में गंदगी का अंबार है इसकी भी नियमित सफाई हो इसकी व्यवस्था 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित करने हेतु अंचल अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं साथ ही उन्होने कहा कि यदि कार्यालय परिसर में या कक्ष में दलाल का अनाधिकृत रूप से प्रवेश होता है तो इसके लिए संबधित अधिकारी सहित अंचल अधिकारी भी दोषी होंगे । परिसर के अंदर सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी आम लोगों की समस्याओं का स समय निष्पादन भी किया जाएगा ताकि लोगों को अंचल कार्यालय के चक्कर लगाना ना पड़े।

## रांची में धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे गोमिया प्रखंड के दिव्यांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** दिव्याांगजनो के साथ झारखंड सरकार के नजर अंदाज करनेके खिलाफ 26 नंवबर से 28नवंबर तक पुरे झारखंडके विकलांगजन जाकिर हुसैनपार्क रांची मे आयोजित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में गोमिया प्रखंड से सैकडों की संख्या में भाग लेगें। इसकी जानकारी शुक्रवार को प्रखंड के दिव्यांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष चितांमन कुमार महतो ने पत्रकारो को जानकारी देते हुये कहा कि यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से किया जायेगाए साथ माननीय मुख्यमंत्री को झारखंड के दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य सरकार के समक्ष मांगपत्र भी सौंपा जायेगा। मांग पत्र मे बताया गया है कि 2019 के विधानसभा चुनाव के समय गठबंधन सरकार के घोषणा पत्र के द्वारा कहे अनुसार दिव्यांगजनों के पेंशन 2500रुण किया जाएंएपिछले16माह से खाली पड़े राज्य निःशक्ताता आयुक्त के पद को जल्द से जल्द नियुक्ति किया जाएं।देश के अन्य कई राज्यों की तरह दिव्यांग जनों को सभी तरह की गाड़ियों या बसो में किराया दर 50: छूट किया जाए दिव्यांगजनों के लिए अन्य कई राज्यों की तरह बिजली बिल निशुल्क किया जाएं।। सभी दिव्यांगजनों को प्रधान मंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जाएं।

## डीएवी कोयला नगर ने दून स्कूल को हरा अगले चक्र में किया प्रवेश

**धनबाद।** शुक्रवार को सहोदया स्कूल कांप्लेक्स धनबाद द्वारा बालक नॉकआउट कबड्डी प्रतियोगिता दून पब्लिक स्कूल कुसुम बिहार धनबाद के मैदान में आयोजित किया गया। मैच में डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर की टीम ने दून पब्लिक स्कूल धनबाद को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि दून पब्लिक स्कूल धनबाद के चेयरमैन जे. एन. सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किए। मौके पर स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर सुनील कुमार सिंह, प्रिंसिपल बीके सिंह, एजुकेशन कंट्रोलर प्रियरंजन कुमार उपस्थित थे। मैच के सफल संचालन में स्कूल के खेल विभागाध्यक्ष मृदुल बोस, शिक्षक देवाशीष दे, अमोद कुमार,विनोद कुमार श्रीवास्तव के अलावा उमेश कुमार, मनोरंजन महतो, अंकित, मनोरंजन, अमित, संस्कृति, ऋषिका, राजेश्वरी आदि ने अहम भूमिका निभाई। निर्णायक की भूमिका डीएवी कोयला नगर के सुखदेव सर और सुनीता कुमारी ने निभाई।

## बेरमोः मुखिया की शिकायत को झूठा साबित करने पर तुला राशन डीलर

**बेरमो/पेटरवार।** राज्य में पंचायत चुनाव को इतनी सिद्दत के साथ इस लिए राज्य सरकार करवाती है कि पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं को अधिक से अधिक पहुंचाया जा सके और पंचायत के गरीब से गरीब व दबे.कुचले व्यक्तियों तक सरकारी लाभ पहुच सके और पंचायत की मुखिया के देखरेख में उस पंचायत मे भ्रष्टाचार मुक्त विकास सुनिश्चित किया जा सके। मुखिया का भी दायित्व पंचायतों में काफी बढ़ जाता है। हर एक पंचायत वासियों की शिकायत की जांच पड़ताल कर उस पर कार्यवाही करने की जवाबदेही उनकी होती है मगर इसका क्या करे जब एक मामुली पीडीएस डिलर मुखिया के शिकायतों को ही चुनौती देने लगे और अपनी पैसे और दबंगई की हनक तथा प्रखंड के चंद अधिकारी की मिली भगत से ही मुखिया को डराने व जांच के दौरान अपने चुने हुए लोगो से मुखिया के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग करवाना कहा तक न्याय संगत है। मामला पेटरवार प्रखंड अंतर्गत बुंडू पंचायत का बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त पंचाय की मुखिया अपने पंचायत मे स्थित एक जन.वितरण प्रणाली की दुकान की औचक निरक्षण 25 सितंबर को की। निरक्षण के दौरान जन.वितरण प्रणाली के दुकानदार कल्याणी देवी के द्वारा घोर अनियमितता करने के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी बेरमोए तेनुघाट और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पेटरवार को शिकायत पत्र के द्वारा अवगत कराई।

# बगदा में धूमधाम से मना बरद खूंटा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के बगदा गांव में झारखण्ड की संस्कृति से जुड़ा पर्व सोहराय धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों के सहयोग से बरद खूंटा का आयोजन किया गया।प्रति वर्ष की भांति परंपरानुसार किसानों ने नौ दिनों तक अपने . अपने पशुधन की सेवा की ।उनके पैरों और सींग में तेल लगाये।इस दरम्यान उन्हें किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं होने दिया जाता है और न ही उनसे खेतों में जुताई ही कराई जाती है। गोहाल पूजा के बाद पशुधन का चुमावन के करने के उपरांत धान का मडवर बनाकर उन्हें पहनाकर चावल के गुड़ी से पाक पकवान बनाकर गिरि गोवर्धन की पूजा. अर्चना की गई। बैलों को खुंटे में बांधकर झारखंडी गीत व संगीत के साथ ढोल.नगाड़े और मांदर की थाप पर जानवर की से उन्हें नचाया गया। इसके अलावे हरनाद ए मंजूरा तथा सिंहपुर गांव समेत कई अन्य गांवों में धूमधाम के साथ बरदखुंटा मनाया गया । मौके पर रामसिंग महतो एचॉदमुख महतोए अशोक हिंदयार एप्रकाश महतोए सुकदेव राम जालबानुआर ए दुर्गा महतोए गांधी घांसी ए खाड़रा घांसी ए यमुना घांसी उर्फ बुढ़ा ए विकास महतो ए शिषटिधर महतो ए सिद्धेश्वर महतो ए विन्देशवर महतो ए लक्ष्मण महतो ए तेजू महतो ए खिरोधर घांसीए आदि सैकड़ों लोग बरद खूंटा में शामिल थे।

## नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिशरण समिति की बैठक

**धनबाद।** शुक्रवार को नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम स्थित सभागार में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त ने बताया कि सभी विभागों का आपसी समन्वय स्थापित किया जायेगा ताकि आनेवाले दिनों में शहरी स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। सिविल सर्जन ने कन्वर्जेंस कमेटी के महत्व को समझाया ताकि शहरी क्षेत्रों के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जा सके और झुग्गियों में रहने वाले लोगों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकें। इसमें पेयजल, स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं। डॉ संजीव प्रसाद ने सुझाव दिया कि आनेवाले दिनों में ये बैठक त्रैमासिक की जाएगी। साथ ही साथ शहरी क्षेत्र के सीडीपीओ ये सुनिश्चित करें कि समुदाय स्तर, आंगनवाड़ी केंद्रों में हर तरह की जानकारी उपलब्ध हो सके। पी.एस.आई. इंडिया ने कोर वर्किंग समिति गठित करने और समुदाय स्तर पर विभिन्न विभाग के वालंटियर को प्रत्येक कार्यक्रम की जानकारी का ओरिएंटेशन देने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में एनयूएचएम इकाई, विभिन्न शहरी स्वास्थ्य के चिकित्सा पदाधिकारी, एनयूएलएम के सिटी मैनेजर व मिशन मैनेजर मौजूद थे।

# खेलकूद में सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह का शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिनीडीह।** कुरुक्षेत्र में आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह की बहनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण ,एक रजत एवं तीन कांस्य पदक जीत कर विद्या विकास समिति झारखंड का नाम रोशन किया। आज दिनांक 25 नवंबर 2022 को गोमो स्टेशन पर विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार सिंह एवं धनबाद विभाग के प्रमुख माननीय विवेक नयन पांडे ने पुष्पगुच्छ , माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के घोष दल ने भी घोष का नाद करके विजेता बहनों का जोरदार स्वागत किया। विद्यालय के शारीरिक आचार्य श्री मदन मोहन राय एवं बहनों की संरक्षिका आचार्या सुश्री नमिता जी का भी जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आज का दिन इस क्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण झारखंड के लिए गौरव का दिन है क्योंकि विद्या विकास समिति झारखंड के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह ने अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजय हासिल कर इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया।

**बंदना कुमारी ने जीता स्वर्ण**

विजेता बहनों में बंदना कुमारी ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक प्राप्त किया वही बहन अंशु कुमारी ने एक रजत, बहन खुशबू ने एक कांस्य एवं बहन निर्जला ने भी एक कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बहन संजना, श्वेता, पूजा हंसदा एवं प्रीति कुमारी ने भी अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के उप प्राचार्य श्री दुर्गेश नंदन सिन्हा के साथ-साथ सभी आचार्यों ने विजेता बहनों का स्वागत किया।

## पेज एक का शेष

### झारखंड ने 1,36,042....

इससे पर्यटन को बढ़ावा तो मिलेगा ही, इन क्षेत्रों में रोजगार के नये साधन भी विकसित होंगे। ऐसा नहीं करने से लोगों के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ रहा है। वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

साहिबगंज एयरपोर्ट का निर्माण कर उसे एयर कनेक्टिवटी से जोड़ा जाए : केंद्र द्वारा साहिबगंज को मल्टी मॉडल टर्मिनल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे साहिबगंज आने वाले समय में एक इकोनॉमी हब के रूप में विकसित होगा। वहां एयरपोर्ट का निर्माण कराकर उसे एयर कनेक्टिवटी से जोड़ने की कार्रवाई की जाय।

**ओवर ब्रिज निर्माण लागत में राज्य सरकार का हिस्सा हो खत्म :** रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में राज्य एवं केंद्र का योगदान अनुपात वर्तमान में 50:50 है। जमीन अधिग्रहण का काम राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। इससे वास्तविक अनुपात प्रायः 80:20 का हो जाता है। जरूरी है कि ओवर ब्रिज निर्माण लागत में राज्य सरकार का हिस्सा खत्म किया जाए।

**केंद्रीय पेंशन की योजना में केंद्रीय हिस्सा की राशि को बढ़ाया जाए :** सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन से जुड़ी योजनाओं यथा-इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना में क्रमशः 200 रुपये, 300 रुपये की दर से राशि दी जाती है। मुद्रास्फीति को देखते हुए इस विचार करने की आवश्यकता है।

**सूखा को देख केंद्रीय सहायता मिले :** मानसून की स्थिति को देख राज्य के 22 जिलों के 226 प्रखण्डों को सूखा क्षेत्र घोषित किया गया है। तत्काल राहत के तहत प्रत्येक परिवार को 3500 रुपये सहायता राशि दी जा रही है। जरूरी है कि इसमें केंद्रीय सहायता भी मिले।

**बैंकों द्वारा उच्च शिक्षा के लिए लोन की राशि बढ़ाया जाए :** वर्तमान में बैंकों द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए 7.5 लाख रुपये तक का ही लोन दिया जाता है, जो काफी कम है। इस सीमा को बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने की जरूरत है। झारखंड सरकार ने गुरूजी क्रेडिट कार्य योजना लेकर आयी है, जिसमें लोन की सीमा 15 लाख रुपये तक है।

**हर घर स्वच्छ पेयजल की योजना की अवधि बढ़े :** राज्य की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए 2024 तक हर घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की समय अवधि काफी कम है। अवधि को बढ़ाया जाए। हर खेत को पानी पहुंचाने के लिए हर खेत को पानी योजना की शुरूआत होनी चाहिए।

**राज्य सरकार सरकारी उपक्रम से आधारभूत संरचना का निर्माण करे :** राज्य स्वयं अथवा अपने सरकारी उपक्रम जैसे- झारखंड स्टेट रूरल रोड डेवपलमेंट ऑथरिटी टेंडर (जेएसआरआरडीए) के माध्यम से आधारभूत संरचना का निर्माण करें। इसे पूंजीगत व्यय माना जाए। इससे राज्यों के लोन लेने की क्षमता बढ़ेगी।

### इतिहास में जो ...

अगर कोई तलवार के जोर से हमें झुकाना चाहता है, हमारी पहचान को बदलना चाहता है तो हमें उसका जवाब भी देना आता है। अहोम साम्राज्य के प्रसिद्ध सेनापति लचित को पूर्वोत्तर का शिवाजी भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने शिवाजी की तरह मुगलों को कई बार रणनीति से हराया था। मुगलों को हराने वाले लचित की याद में हर साल असम में 24 नवंबर को लचित दिवस मनाया जाता है।

**परिवारवाद नहीं देश हित को प्राथमिकता की प्रेरणा :** पीएम मोदी ने कहा कि सेनापति लचित का जीवन प्रेरणा देता है कि हम परिवारवाद से ऊपर उठ देश के बारे में सोचें। उन्होंने कहा था कि कोई भी रिश्ता देश से बड़ा नहीं होता। लचित का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि हम व्यक्तिगत स्वार्थों को नहीं देश हित को प्राथमिकता दें। इतिहास को लेकर, पहले जो गलतियां हुई हैं, अब देश उसको सुधार रहा है। पीएम ने कहा कि जब किसी बाहरी ताकत से अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने की बात आती है तो भारत का हर युवा योद्धा होता है। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास सिर्फ गुलामी का इतिहास नहीं है। भारत का इतिहास जय का है। भारत का इतिहास जंग का है, त्याग, तप का है।

### सुमन कुमार से ...


इडी के समक्ष हाजिर होने के बजाय वह शुक्रवार को देश से बाहर भागते समय दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। वहीं पहुंच कर इडी अधिकारियों ने विशाल चौधरी को समन देकर 28 नवंबर को रांची स्थित कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश देकर छोड़ दिया। उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी है, इसलिए वह विदेश भागने में कामयाब नहीं हो सका। इडी अधिकारियों ने विशाल चौधरी को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह बिना सूचना के शहर भी ना छोड़े। इडी ने मनरेगा घोटाले की जांच के दौरान विशाल के अशोक नगर स्थित घर और उसके संस्थान पर छापा मारा था। जानकारी के अनुसार विशाल चौधरी हर माह थाईलैंड और श्रीलंका का दौरा करता रहा है। उसके कार्यालय का नाम फ्रंट लाइन ग्लोबल सर्विसेस है। उसकी दूसरी कंपनी का नाम विनायक ग्रुप ऑफ कंपनी है, जो पांच साल पहले चिटफंड का काम किया करती थी। कोरोना काल में प्राण प्लान ग्लोबल सर्विसेस को हेल्थ विभाग से कई प्रकार के टेंडर मिले थे, जिसका भी सबूत ईडी को मिला है। कोरोना काल में बिजली वितरण के कई इंजीनियर और कुछ एजेंसियों का बकाया रकम उसके माध्यम से ही पेमेंट हुआ है। मांडर में विशाल चौधरी की 22 एकड़ जमीन के कागज भी ईडी को मिला है।

### सीएम ने दी...

यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित होता है कि नरेश सिंह के नाम से कूप निर्माण के नाम पर मुखिया, पंचायत सेवक एवं कनीय अभियंता मिलीभगत कर 58.280 रुपए की सरकारी राशि की निकासी कर गबन कर लिया गया। उक्त योजनाओं की जांच से स्पष्ट है कि स्थल पर बिना कार्य कराये ही 2,65,299 रुपये सरकारी राशि का निकासी कर बंदरबांट कर गबन किया गया है। इसके लिए प्रेमचंद्र पांडेय, लाभुक विशुन उरांव, रोजगार सेवक नरेश हजाम, पंचायत सेवक विवेक कुमार, पंचायत सेवक संजु देवी, मुखिया मिथिलेश सिंह उर्फ राकेश सिंह, सामग्री आपूर्तिकर्त्ता सीमा पंचायत, चतरा, केदार सिंह कनीय अभियंता, राजेश कुमार, कनीय अभियंता संजय सिंह, सहायक अभियंता तारणी मंडल, कार्यपालक अभियंता एवं अन्य के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का साक्ष्य पाया गया।

स्पीड न्यूज

## दिल्ली शराब घोटाला चार्जशीट में सिसोदिया का नाम नहीं



**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति घोटाले में सीबीआइ ने शुक्रवार को 7 आरोपियों के खिलाफ 10 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का नाम नहीं है। सीबीआइ ने दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में ये चार्जशीट दाखिल की है। मामले में 30 नवंबर को अगली सुनवाई होगी।

## यस बैंक के राणा कपूर को मिली जमानत

**नयी दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर को शुक्रवार को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें 466.51 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जमानत दे दी।

## डेरा प्रमुख राम रहीम फिर सलाखों के पीछे

**रोहतक।** सिरसा डेरा प्रमुख राम रहीम 40 दिन की पैरोल काटकर शुक्रवार शाम हरियाणा के रोहतक में सुनारिया जेल पहुंचा। खुद उनकी शिष्या हनीप्रीत व शिष्य प्रीतम सिंह उसको जेल के गेट तक छोड़कर आए।

## सितंबर में इपीएफओ में जुड़े 9.33 लाख कर्मचारी

**नयी दिल्ली।** मौजूदा वर्ष के सितंबर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में 9.33 लाख, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 14.52 लाख और राष्ट्रीय पेंशन योजना में 66 हजार 211 कर्मचारी जोड़े गये हैं।

## सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई।** शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी जा रही। सेंसेक्स 20.96 अंक की मामूली बढ़त लेकर 62293.64 अंक और निफ्टी 28.65 अंक बढ़कर 18512.75 अंक पर रहा।

## समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के मामले में केंद्र से जवाब तलब

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विशेष विवाह अधिनियम के तहत समलैंगिक विवाहों और एलजीबीटीआईक्यू समुदाय के सदस्यों के बीच गठबंधन को कानूनी मान्यता देने की याचिका पर शुक्रवार को केंद्र को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। कोर्ट ने भारत के एजी आर वेंकटरमणि को भी इस मामले में अदालत की सहायता करने के लिए भी कहा है।

# लोकतंत्र में कोई भी संस्था पूर्ण नहीं : सीजेआइ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 2015 से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर 26 नवंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें पीएम मोदी भी शिरकत करेंगे। वहीं, संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम को सीजेआइ डी वाई चंद्रचूड़ ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान का सही से काम करना इस बात पर निर्भर करता है कि जिला न्यायपालिका कैसे काम कर रही है। जब हम संविधान का जश्न मनाते हैं तो हमें संविधान को अपनाने से पहले के इतिहास के बारे में जानना चाहिए।

### कॉलेजियम की आलोचनाओं पर बोले चंद्रचूड़



### पीएम मोदी भी होंगे शामिल

आज होने वाले इस समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। वे यहां ई-कोर्ट परियोजना के तहत कई नई पहलों का शुभारंभ करेंगे। गौरतलब है कि ई-कोर्ट परियोजना अदालतों की आईसीटी सक्षमता के माध्यम से वादियों, वकीलों और न्यायपालिका को सेवाएं प्रदान करने का एक प्रयास है।

### गर्मियों में वकीलों के लिए ड्रेस कोड

उन्होंने कहा कि कानूनी पेशे को अपने औपनिवेशिक आधारों को दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में गर्मियों में जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक गर्मी होती है।

ऐसे में हमें विशेष रूप से गर्मियों में वकीलों के लिए सख्त ड्रेस कोड पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### हर दिन 10 स्थानांतरण याचिकाओं पर की जायेगी सुनवाई

उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह में सुप्रीम कोर्ट की प्रत्येक पीठ 10 जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इससे पहले हर दिन 10 स्थानांतरण याचिकाओं पर भी सुनवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में लगभग 3000 स्थानांतरण याचिकाएं लंबित हैं। दिल्ली में बोलते हुए सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस समय हमारी 13 पीठें चल रही हैं। ऐसे में हमारी कोशिश रहेगी कि शीतकालीन अवकाश से पहले प्रतिदिन 130 स्थानांतरण याचिकाओं का निस्तारण किया जाए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट यह सुनिश्चित करना चाहता है कि जमानत के मामले सूचीबद्ध हों और शीघ्रता से निपटाए जाएं।

### कॉलेजियम की आलोचनाओं पर भी दी प्रतिक्रिया

अपने संबोधन में उन्होंने कॉलेजियम की आलोचनाओं पर भी प्रतिक्रिया दी। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी संस्था पूर्ण नहीं है लेकिन हम संविधान के मौजूदा ढांचे के भीतर काम करते हैं जैसा कि इसकी व्याख्या की जाती है।

# पीएसएलवी-सी54 के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू

एजेंसी

**चेन्नई।** श्रीहरिकोटा के शतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पर शनिवार को प्रक्षेपित होने वाले पीएसएलवी-सी54 की 24 घंटे की उलटी गिनती शुक्रवार को शुरू हो गयी, जिसमें ओशनसैट श्रृंखला में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह-06 ईओएस-06 और आठ अन्य नैनो उपग्रह शामिल हैं।

इसरो के सूत्रों ने बताया कि शार रेंज पर 11 बजकर 56 मिनट पर 24 घंटे की उलटी गिनती शुरू हुयी। उलटी गिनती के दौरान, प्रणोदक भरने की प्रक्रिया चार चरणों वाले यान में होगी। इसरो के वर्कहॉर्स लॉन्च व्हीकल का एक्सएल संस्करण है। इसरो अपनी 56वीं उड़ान में ओशनसैट श्रृंखला में अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट -06 और आठ नैनो उपग्रहों को लेकर शनिवार को पूर्वाह्न 11.56 बजे पहले लॉन्च पैड से प्रक्षेपित करेगा। नैनो-उपग्रह में चार एस्ट्रोकास्ट-2 स्विस उपग्रह, दो थायबोल्ट उपग्रह-थायबोल्ट-1 और थायबोल्ट-2-, पिक्ससेल से आईएनएस-2 भूटानसैट तथा आनंद शामिल हैं। पूरा मिशन लगभग 8,200 सेकेंड (2 घंटे 20 मीनट) तक चलने वाला है।

## खेड़ा : रैली में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा

# गुजरात में अब शांति शांति है : अमित शाह

एजेंसी

**खेड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात में पहले असामाजिक तत्व हिंसा में लिप्त होते थे और कांग्रेस उनका समर्थन करती थी। हालांकि अब 2002 में 'सबक सिखाने' के बाद अपराधियों ने ऐसी गतिविधियां बंद कर दी हैं और भाजपा ने राज्य में 'स्थायी शांति' कायम की है।

शाह ने विधानसभा चुनाव से पहले खेड़ा जिले के महुधा में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एक रैली की। उन्होंने आरोप लगाया, 'गुजरात में कांग्रेस के शासनकाल में (1995 से पहले), अक्सर साम्प्रदायिक दंगे होते थे। कांग्रेस विभिन्न समुदायों और जातियों के सदस्यों को एक-दूसरे के खिलाफ उकसाती थी। कांग्रेस ने ऐसे दंगों के जरिए अपने वोट बैंक को मजबूत किया और समाज के एक बड़े वर्ग के साथ अन्याय किया।'

### शाह ने बतायी गुजरात दंगों की वजह



शाह ने दावा किया कि गुजरात में 2002 में दंगे इसलिए हुए क्योंकि अपराधियों को लंबे समय तक कांग्रेस से समर्थन मिलने के कारण हिंसा में शामिल होने की आदत हो गई थी। शाह ने कहा, 'लेकिन 2002 में सबक सिखाए जाने के बाद ऐसे तत्वों ने वह रास्ता (हिंसा का) छोड़ दिया। वे लोग 2002 से 2022 तक हिंसा से दूर रहे।' उन्होंने कहा कि भाजपा ने सांप्रदायिक हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर गुजरात में स्थायी शांति कायम की है।

### इतिहास को सुधारने से हमें कोई नहीं रोक सकता

वहीं, इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने पर शाह ने गुरुवार को कहा, तोड़-मरोड़ कर पेश किए गए इतिहास को सुधारकर उसे फिर से लिखने से हमें कोई नहीं रोक सकता है। इसी दौरान उन्होंने कहा कि अगर लचित बोड़फूकन ना होते तो पूर्वोत्तर, भारत का हिस्सा ना होता। क्योंकि उस वक्त उनके द्वारा लिए गए फैसलों और उनके साहस ने न केवल पूर्वोत्तर बल्कि पूरे दक्षिण एशिया को धर्मांध आक्रांताओं से बचाया।

## केंद्र ने राज्यों को जीएसटी अनुदान के रूप में 17000 करोड़ रुपये जारी किये

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के बकाया जीएसटी अनुदान के लिए 17,000 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है। अप्रैल से जून महीने के लिए यह राशि 24 नवंबर को जारी की गई है। सरकार की ओर से वर्ष 2022-23 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस 17,000 करोड़ रुपये की राशि के साथ अब तक 1,15,662 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

## गणतंत्र दिवस पर इजिप्ट के राष्ट्रपति होंगे चीफ गेस्ट

**नयी दिल्ली।** भारत ने गणतंत्र दिवस के लिए चीफ गेस्ट के रूप में इजिप्ट के राष्ट्रपति अब्दुल फताह अल सिसी को आमंत्रित किया है। मामले की जानकारी रखने वालों के मुताबिक यह कदम भारत द्वारा अरब देशों को लेकर खास रणनीति के तहत उठाया गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और इजिप्ट के राष्ट्रपति सिसी की अक्टूबर में काहिरा में मुलाकात हुई थी। इसी दौरान एस जयशंकर ने उन्हें औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा था।

# सरकारी वाहन 15 साल में हो जायेंगे कबाड

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार के 15 साल पूरे कर चुके सभी वाहनों को स्क्रैप कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बारे में एक नीति राज्यों को भेज दी गई है। गडकरी नागपुर में वार्षिक 'एग्रो-विजन' कृषि प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'कल, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक फाइल पर हस्ताक्षर किए कि भारत सरकार के सभी वाहन जो 15 साल पूरे कर चुके हैं, उन्हें कबाड़ में भेज दिया जाएगा। मैंने

### गडकरी ने किया एलान



भारत सरकार की इस नीति को सभी राज्यों को भेज दिया है। उन्हें इस नीति को राज्य स्तर पर अपनाना चाहिए।' सभा को संबोधित करते हुए, गडकरी ने कहा कि पानीपत में इंडियन ऑयल के दो प्लांट लगभग शुरू हो गए हैं। जिनमें से एक प्रति दिन एक लाख लीटर इथेनॉल का उत्पादन करेगा, जबकि दूसरा चावल के भूसे का इस्तेमाल करके प्रति दिन 150 टन बायो-बिटुमेन का उत्पादन करेगा।

उन्होंने कहा कि यह पंजाब, हरियाणा, यूपी और देश के चावल उत्पादक हिस्सों के रूप में एक बड़ा बदलाव है, जहां चावल की पराली जलाने से प्रदूषण होता है। अब चावल के भूसे का इस्तेमाल इथेनॉल और बायो बिटुमेन बनाने के लिए किया जाएगा।

## ममता बनर्जी और शुभेंदु अधिकारी की मीटिंग से गरमाई राजनीति

एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और सीएम ममता बनर्जी के बीच मीटिंग से बंगाल की राजनीति गरमा गई है। विधानसभा में पहली बार शुभेंदु अधिकारी ममता बनर्जी के कक्ष में गये। सीएम ने शुभेंदु को अपना भाई भी बताया और उन्हें उनके पिता शिशिर अधिकारी को उनका प्रणाम कहने के लिए कहा। राज्य की राजनीति में इस मीटिंग को लेकर खूब चर्चे हो रहे हैं। बता दें कि शुभेंदु और ममता बनर्जी के



संबंध अच्छे नहीं रहे हैं। शुभेंदु पहले टीएमसी में थे और ममता के मंत्री थे, लेकिन विधानसभा चुनाव के पहले वह टीएमसी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गये हैं। नंदीग्राम में ममता को पराजित किया था। उसके बाद से ममता और शुभेंदु के रिश्ते काफी खराब हैं और लगातार जुबानी जंग होती रहती है।

## कोलकाता : सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल भर्ती घोटाले की सीबीआइ जांच के आदेश पर लगाई रोक

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के कथित स्कूल भर्ती घोटाले में ममता बनर्जी सरकार को बड़ी राहत दी है। स्कूल सर्विस कमीशन में हुए कथित भर्ती घोटाले में सीबीआइ जांच के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पश्चिम बंगाल के प्रिंसिपल सेक्रेटरी मनीष जैन की व्यक्तिगत पेशी पर भी रोक लगाई है। यहां बताना जरूरी है कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्कूल भर्ती घोटाले की जांच सीबीआई से कराने के आदेश दिए थे।

# फ्रिज में रखे थे श्रद्धा के टुकड़े

**नयी दिल्ली।** महरौली में हुए श्रद्धा वालकर हत्याकांड मामले में एक के बाद एक नए खुलासा सामने आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने डेटिंग ऐप बंबल का इस्तेमाल करता था। कई लड़कियों के संपर्क में था।

आफताब ने डेटिंग ऐप से संपर्क में आई एक लड़की को अपने घर पर बुलाया था। पुलिस ने उस लड़की की पहचान कर भी ली है। वहीं, एक अन्य लड़की, जो पेशे से डॉक्टर है, उसको भी अपने घर बुलाया था। उससे पहले ही आफताब ने श्रद्धा को मौत के घाट उतार दिया था। उसके शव के टुकड़ों को फ्रिज में रखा हुआ था। उधर, पुलिस लगातार आरोपी आफताब से पूछताछ में लगी है। शुक्रवार को आफताब का रोहिणी स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में पॉलीग्राफ टेस्ट हुआ। इस टेस्ट के दूसरे सेशन में दो घंटे तक आफताब से कई सवाल-जवाब हुए। खास



बात यह है कि पॉलीग्राफ टेस्ट के दो सेशन बीतने के बाद भी आफताब से पूछताछ का सिलसिला पूरा नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि शनिवार और रविवार को भी आफताब से पॉलीग्राफ टेस्ट के तहत पूछताछ की जा सकती है। जबकि आरोपी आफताब की पुलिस रिमांड सिर्फ एक दिन यानी शनिवार तक की ही बची है। आपको बता दें कि गुरुवार को आफताब का करीब 8 घंटा लंबा पॉलीग्राफ टेस्ट हुआ था।

## असहमति और विवाद को बातचीत से ही हल किया जा सकता है : राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मानवता अभी जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 महामारी तथा अन्य चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे में सभी को युद्धों तथा टकरावों के विनाश से दूर रहते हुए इन चुनौतियों से मिलकर निपटने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि विवादों और असहमति का समाधान केवल बातचीत से ही किया जा सकता है। सिंह ने शुक्रवार को हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद में अपने संबोधन में कहा, भारत एक स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत का पक्षधर है क्योंकि यह न केवल इस क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए बल्कि व्यापक वैश्विक समुदाय के लिए भी महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री ने वर्ष 2018 में सिंगापुर में शांगरी-ला संवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र का पक्षधर है।

## बीपीएससी प्रीलिम्स पास अभ्यर्थी को सरकार देगी 50 हजार रुपये

**पटना।** लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की प्रीलिम्स परीक्षा पास करने वालों को सरकार 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देती है। सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना के तहत महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा यह पैसा दिया जाता है। विभाग ने बीपीएससी की 67वीं संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा में उत्तीर्ण सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग की स्थायी निवासी महिला अभ्यर्थियों के लिए शुक्रवार से आवेदन आमंत्रित किए हैं। महिला एवं बाल विकास निगम बिहार सरकार की वेबसाइट पर जाकर 25 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकता है।

# अमिताभ के आवाज, फोटो और नाम का इस्तेमाल बिना अनुमति नहीं कर सकते

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमिताभ बच्चन ने अपने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। पब्लिक फिगर होने के नाते वह नहीं चाहते कि उनकी परमिशन के बिना कोई भी उनकी आयडेंटिटी का इस्तेमाल करे। ऐसे में बिग बी को राहत देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश दिया है कि अमिताभ बच्चन की आवाज, नाम और चेहरे से जुड़ी किसी भी चीज का इस्तेमाल उनकी अनुमति के बिना उपयोग न किया जाए। जस्टिस नवीन चावला ने अथॉरिटी

### कोर्ट का बड़ा फैसला

और टेलीकॉम डिपार्टमेंट के लिए आदेश जारी किए हैं कि अमिताभ बच्चन का नाम, फोटो और पर्सनैलिटी ट्रेट्स को तुरंत हटा दिया जाए जो भी पब्लिकली उपलब्ध हैं। इसके अलावा टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स से कोर्ट ने उन फोन नंबर्स के बारे में जानकारी देने को कहा है जो आमिताभ के नाम और आवाज का अवैध उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स से उन ऑनलाइन लिंक्स को भी हटाने के लिए कहा है जो बच्चन की पर्सनैलिटी राइट्स को खराब कर रहे हैं।




V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.

Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

# ईरान की शानदार जीत, आखिरी मिनटों में दागे दो गोल
## चेश्मी और रजियान ने इंजरी टाइम में वेल्स को चौंकाया

एजेंसी

**दोहा।** कतर विश्व कप के छठे दिन ईरान ने वेल्स को हराकर अपनी पहली जीत हासिल की। उसने ग्रुप-बी में वेल्स के खिलाफ निर्धारित समय के बाद इंजरी टाइम में दो गोल दागकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही ईरान के तीन अंक हो गए हैं। वहीं, वेल्स के दो मैच में एक ही अंक हैं। वेल्स के वेन हेनेसी विश्व कप इतिहास में रेड कार्ड पाने वाले तीसरे गोलकीपर हैं। उनसे पहले 1994 में इटली के गोलकीपर जियानलुक पेगलिउका को नॉर्वे के खिलाफ बाहर का रास्ता दिखाया था। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के इटुमेलेंग कूने को उरुग्वे के खिलाफ 2010 में रेड कार्ड मिला था।



## सेनेगल के खिलाफ 1-3 से हारा कतर

**दोहा।** मेजबान कतर को सेनेगल ने 3-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही उसने ग्रुप-ए में अपना खाता खोला। कतर के लिए इस मैच में एक ही बात अच्छी हुई कि इसके लिए मोहम्मद मुंटारी ने पहला गोल किया। उसके लिए विश्व कप इतिहास में यह पहला गोल है। कतर ने पिछले मैच के मुकाबले इस बार अच्छा खेल दिखाया और खुद के लिए कई मौके बनाए। हालांकि, वह सेनेगल के अनुभव के सामने नहीं टिक पाया। मेजबान कतर की यह लगातार दूसरी हार है। उसे पहले मैच में इक्वाडोर ने हराया था। कतर लगातार दो हार के बाद विश्व कप से बाहर होने के कगार पर है। अगर नीदरलैंड की टीम इक्वाडोर के खिलाफ अगले मैच में हार जाती है तो कतर की संभावनाएं बनी रहेंगी। हालांकि, इसकी उम्मीद काफी कम है।



### आज का मैच

ट्यूनिशिया बनाम ऑस्ट्रेलिया

सउदी अरब बनाम पोलैंड

# लैथम के तूफान में उड़ा भारत न्यूजीलैंड सात विकेट से जीता

**ऑकलैंड।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में कीवी टीम ने भारत को सात विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 307 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में कीवी टीम ने 47.1 ओवर में तीन विकेट खोकर 309 रन बनाए और आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड के लिए केन विलियम्सन और टॉम लाथम ने शानदार बल्लेबाजी की। दोनों ने 221 रन की रिकॉर्ड साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रेयस अय्यर, शिखर धवन और शुभमन गिल के अर्धशतक के चलते सात विकेट खोकर 306 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए थे। भारत के लिए सबसे ज्यादा दो विकेट उमरान मलिक ने लिए। हालांकि, इस मैच में सभी भारतीय गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। सुंदर ने जरूर कंजूसी से रन दिए, लेकिन वह कोई विकेट नहीं ले पाए।



VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !